आज का मौसम

19.0° अधिकतम तापमान

09.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 07.02 सूर्यास्त 05.23

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

पौष शुक्ल पक्ष षष्ठी 01:43 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082

शुक्रवार, 26 दिसंबर 2025, वर्ष 7, अंक 32, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


# कांग्रेस, सपा ने हमें बदनाम किया, हमने नहीं किया भेदभाव

## लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लोकार्पण के बाद कांग्रेस-सपा पर बरसे प्रधानमंत्री मोदी | पूर्व पीएम वाजपेयी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं. दीन दयाल की प्रतिमाओं का किया अनावरण | कहा- सेकुलरिज्म की बातें करने वाले देख लें बिना भेदभाव योजनाओं का दिया जा रहा लाभ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के मौके पर लखनऊ में हरदोई रोड पर गोमती नदी के तट पर राष्ट्र प्रेरणा स्थल को देश को समर्पित किया। इसके अलावा उन्होंने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस जमीन पर यह प्रेरणा स्थल बना है, उसकी तीस एकड़ से ज्यादा जमीन पर कचरे का पहाड़ था और पिछले तीन वर्ष में इसे पूरी तरह खत्म किया गया। मोदी ने इससे जुड़े योजनाकारों, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी सरकार को बधाई दी और कहा कि यह राष्ट्र प्रेरणा स्थल हमें संदेश देता है कि हमारा हर कदम राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित हो।

इस दौरान लाखों की भीड़ को संबोधित करते हुए उन्होंने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। कहा, एक परिवार ने देश को बंधक बनाया था, भाजपा की सरकार ने उसे मुक्त कराया। कांग्रेस हो या सपा दोनों ने भाजपा को जमकर बदनाम किया। प्रधानमंत्री ने कहा, भाजपा ने हर किसी के योगदान को सम्मान दिया। आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा दिल्ली के कर्तव्य पथ है। अंडमान में नेताजी ने जहां पर तिरंगा फहराया, वहां उनकी प्रतिमा। कोई नहीं भूल सकता है कि आंबेडकर की विरासत को मिटाने का प्रयास किया गया। दिल्ली की शाही परिवार ने इसे मिटाने का प्रयास किया। यहां सपा ने भी ऐसा किया। लेकिन भाजपा ने इसे मिटने नहीं दिया। मोदी ने कहा, परिवारवाद की राजनीति की एक विशिष्ट पहचान होती है। असुरक्षा से घिरी होती है। इस कारण परिवारवाद दूसरे की लकीर को छोटा करने की प्रवृत्ति होती है। इसी सोच ने भारत में राजनीतिक छूआछूत का चलन शुरू किया। मोदी ने कहा, कांग्रेस से या सपा से कोई भी ऐसी उम्मीद नहीं कर सकता। इन लोगों के राज में तो भाजपा के नेताओं को सिर्फ अपमान ही मिलता था। भाजपा के डबल इंजन सरकार को बहुत लाभ यूपी को हो रहा है। उप्र. 21वीं सदी के भारत में अपनी अलग पहचान बना रहा है। मोदी के मुताबिक, पहले बैंक खाते कुछ लोगों के होते थे, वैसे ही बीमा भी कुछ लोगों तक सीमित था। हमने जीवन ज्योति योजना बनाई। आज इस स्कीम से 25 करोड़ से ज्यादा गरीब जुड़े हैं। इसी तरह दुर्घटना बीमा से 55 करोड़ लोग जुड़े हैं। ये वह लोग हैं जो बीमा के बारे में सोच नहीं पाते थे।


लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। साथ में हैं रक्षा मंत्री राजनाथ, मुख्यमंत्री योगी व अन्य।

### महापुरुषों के सपनों को हमने किया चरितार्थ : योगी

पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के जन्मदिवस पर राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीन दयाल उपाध्याय और अटलजी की विरासत ने भारत को नई दृष्टि दी। आज उनके सपने साकार हैं जिसे देख हर भारतवासी प्रफुल्लित है। मुख्यमंत्री ने कहा, पिछले 11 वर्ष में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठकर सामान्य नागरिक के रूप में जीवनयापन कर रहे हैं। योगी के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर व विकसित भारत का जो वर्तमान स्वरूप देख रहे हैं, उसमें डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय व अटल बिहारी वाजपेयी का मार्गदर्शन प्रेरणा के रूप में है।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्मृति चिह्न देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### मोदी ने यूपी की जमकर की प्रशंसा

मोदी ने कहा कि, मेरा सौभाग्य है कि मैं यूपी से सांसद हूं। यहां के मेहनतकश लोग एक नया भविष्य लिख रहे हैं। आज इस राज्य की चर्चा विकास के लिए होती है। यूपी पर्यटन मानचित्र पर तेजी से उभर रहा है। अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम, दुनिया में यूपी की नई पहचान बन रहा है। कहा, लखनऊ की धमक पूरे विश्व में है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में ब्रह्मोस मिसाइल का बहुत बड़ा योगदान है। जो लखनऊ में बन रही हैं।

### भारत नई बुलंदियां छू रहा : राजनाथ

लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में शानदार प्रेरणा स्थल यूपी की राजधानी लखनऊ में स्थापित करने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई दी। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की नई बुलंदियों की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। आजाद भारत के इतिहास में पहली बार महंगाई की दर एक फीसदी के नीचे गई है। पीएम मोदी के शासनकाल में 8 फीसदी से अधिक की विकास दर दिख रही है।

### चार लाख किमी सड़कें पिछले 10 वर्षों में बनी

प्रधानमंत्री ने कहा कि सन 2000 के बाद से अब तक करीब आठ लाख किलोमीटर सड़कें गांवों में बनी हैं। इसमें से करीब चार लाख किमी सड़कें पिछले दस वर्षों में बनी हैं। पूरे देश में एक्सप्रेसवे बनाने का काम चल रहा है। यूपी में एक्सप्रेसवे बनाने में नाम कमा रहा है। एक के बाद एक एक्सप्रेसवे बन रहे हैं। अटल जी ने ही दिल्ली में मेट्रो की शुरूआत की। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद व पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### गर्व है अनुच्छेद 370 समाप्त करने का अवसर मिला

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा को गर्व है कि उसकी सरकार को, जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को समाप्त करने का अवसर मिला। पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी का स्मरण करते हुए कहा कि देश को दिशा देने में मुखर्जी ने निर्णायक भूमिका निभाई। ये डॉक्टर मुखर्जी ही थे जिन्होंने भारत में दो निशान, दो प्रधान और दो विधान को खारिज कर दिया था। जम्मू- कश्मीर में यह व्यवस्था भारत के लिए चुनौती थी, भाजपा को यह गर्व है कि हमारी सरकार को अनुच्छेद 370 को समाप्त करने का अवसर मिला। आज भारत का संविधान जम्मू कश्मीर में भी पूरी तरह लागू है।

---

## ब्रीफ न्यूज

### असली चाय के पौधे से बना पेय ही चाय

**नई दिल्ली।** एफएसएसएआई ने खाद्य व्यवसाय परिचालकों को कड़ी चेतावनी देते हुए है कि अगर कोई हर्बल या पौधा-आधारित पेय पदार्थ, असली चाय के पौधे कैमेलिया सिनेंसिस से नहीं बना है, तो उसे 'चाय के रूप में नहीं बेचा जा सकता है। कहा कि इस तरह के उत्पादों को गलत ब्रांडिंग और ग्राहकों को गुमराह करने वाला माना जाएगा।

### नवी मुंबई में उड़ानों का परिचालन शुरू

**मुंबई।** नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से गुरुवार को वाणिज्यिक उड़ानों का परिचालन शुरू हो गया। यहां इंडिगो की बेंगलुरु से आने वाली पहली उड़ान सुबह आठ बजे हवाई पट्टी पर उतरी। आगमन पर विमान को पारंपरिक वॉटर कैनन सैल्यूट दिया गया। यह विमानन क्षेत्र की एक पुरानी परंपरा है, जिसने एनएमआईए के पहले वाणिज्यिक आगमन और प्रस्थान का संकेत दिया।

## स्लीपर बस में आग, 5 जिंदा जले

- ट्रक की टक्कर के बाद हुआ हादसा 30 से ज्यादा यात्री सवार थे

चित्रदुर्ग (कर्नाटक), एजेंसी

कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में बुधवार देर रात को एक तेज रफ्तार ट्रक के 'लग्जरी स्लीपर' बस से टकराने के बाद बस में आग लग गई। इस घटना में 5 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रात करीब दो बजे हिरियूर के पास एक तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक ने एक निजी लक्जरी स्लीपर बस को टक्कर मार दी, जिससे बस में आग लग गई।

पूर्व जोन के पुलिस महानिरीक्षक रविकांत गौड़ा ने पहले प्रारंभिक जांच के आधार पर नौ लोगों की मौत की बात कही थी, लेकिन बाद में उन्होंने और जिला पुलिस प्रमुख ने पुष्टि की कि हादसे में पांच लोगों की जान गई है, जिनमें से तीन लोगों की पहचान नहीं हो सकी। वहीं अन्य यात्री बस से कूदकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। मृतकों में बस के चार यात्री और ट्रक का चालक शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने हादसे में लोगों की जान जाने पर शोक जताया और मृतकों के परिजनों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा की। सिद्धरमैया ने इस भीषण दुर्घटना की उचित जांच कराने की भी बात कही। कंटेनर ट्रक डिवाइडर को पार कर सामने से आ रही बस से टकरा गया, जिससे यह हादसा हुआ।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन में आग लग गई और अधिकतर लोग बस के भीतर ही जिंदा जल गए। बस का चालक और खलासी बच गए जबकि ट्रक चालक की मौत हो गई। गौड़ा ने कहा, अब तक की जांच के अनुसार, कंटेनर ट्रक ने बस के डीजल टैंक को टक्कर मारी, जिससे डीजल लीक हुआ और आग लग गई।


चित्रदुर्ग में बस में आग लगने के बाद उठती लपटें।

## विभिन्न हवाई अड्डों से इंडिगो की 67 उड़ानें रद्द

**मुंबई।** घरेलू विमानन कंपनी इंडिगो ने गुरुवार को खराब मौसम के अनुमान और परिचालन कारणों से कई हवाई अड्डों पर 67 उड़ानें रद्द कर दीं। उसने अपनी वेबसाइट पर यह जानकारी दी।

कंपनी की वेबसाइट के अनुसार उन 67 उड़ानों में से केवल चार परिचालन कारणों से रद्द की गईं जबकि बाकी अगरतला, चंडीगढ़, देहरादून, वाराणसी, बेंगलुरु जैसे विभिन्न हवाई अड्डों पर खराब मौसम के पूर्वानुमान के कारण रद्द हुईं। डीजीसीए ने 10 दिसंबर एवं अगले वर्ष 10 फरवरी के बीच की अवधि को इस सर्दी में आधिकारिक कोहरे की अवधि घोषित किया है। डीजीसीए के कोहरे में संचालन मानदंडों के तहत, विमानन कंपनियों को अनिवार्य रूप से ऐसे पायलटों को तैनात करना होगा जो कम दृश्यता की स्थिति में उड़ान भरने के लिए प्रशिक्षित हों।

## गैलरी में प्रसव मामले का डिप्टी सीएम ने लिया संज्ञान, मांगा जवाब

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल की गैलरी में प्रसव के बाद नवजात की मौत की घटना का डिप्टी सीएम ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामले की जांच के निर्देश डीएम को दिए हैं। जांच टीम गठित कर दी गई है। टीम पहले प्रसूता के बयान दर्ज करेगी और पीड़ित परिवार से उनका पक्ष सुनेगी। इस मामले में सीएमएस के खिलाफ कार्रवाई तय मानी जा रही है।

ब्लॉक अंबियापुर के गांव सिरसौली निवासी सूरज की गर्भवती पत्नी सविता को बीते मंगलवार रात 10 बजे प्रसव पीड़ा हुई। गर्भवती को जिला महिला अस्पताल ले जाने के लिए सरकारी एम्बुलेंस को फोन किया, लेकिन फोन नहीं उठा। परिजन सविता को ई रिक्शा से रात 11 बजे अस्पताल पहुंचे। दर्द के कारण वह नीचे गैलरी में ही बैठ गई। सूरज ने महिला डॉक्टर व स्टाफ नर्स से गुहार लगाई, लेकिन वह गर्भवती को देखने तक नहीं पहुंची। दर्द से बेसुध हो चुकी सविता ने रात 1 बजे गैलरी में ही बच्ची को जन्म दिया। ठंड अधिक होने के बाद नवजात की कुछ देर बाद ही मौत हो गई। उसकी चीख पुकार सुन कर काफी देर बाद महिला स्टाफ नीचे आया। प्रसूता को लेकर गया और वार्ड में भर्ती किया गया। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने इस मामले को लेकर जिलाधिकारी को फोन किया। मामले की निष्पक्ष जांच के आदेश दिए।

- पीड़ित परिवार से होगी पूछताछ प्रसूता के दर्ज होंगे बयान

"जिला महिला अस्पताल में गैलरी में प्रसव होने के मामले में शासन के निर्देश पर जांच की जाएगी। किस स्तर पर कहां पर लापरवाही हुई सभी पहलुओं पर बिंदु वार जांच होगी। तीन सदस्यीय टीम गठित की गई है। पीड़ित परिवार का बयान दर्ज किया जाएगा। उस रात अस्पताल में कौन डॉक्टर और स्टाफ नर्स ड्यूटी पर थे सभी से पूछताछ की जाएगी। इसके बाद दोषी कर्मचारियों पर कार्यवाही की जाएगी।

– डॉ. रामेश्वर मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी

### जांच टीम शासन को देगी रिपोर्ट

जांच टीम में मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, सीएमओ डॉ. रामेश्वर मिश्रा और एडीएम वित्त डॉ. वैभव शर्मा शामिल है। तीन सदस्यीय टीम को जल्द से जल्द रिपोर्ट देगी जो शासन को भेजी जाएगी। वहीं घटना के समय जिला महिला अस्पताल में सुरक्षा के लिए एक भी सुरक्षा गार्ड मौजूद नहीं था। इससे पीड़ित परिवार को मदद नहीं मिली।

## मुठभेड़ में एक करोड़ के इनामी समेत 6 नक्सली ढेर

भुवनेश्वर, एजेंसी

- ओडिशा के कंधमाल में एसओजी, सीआरपीएफ और बीएसएफ टीमों का संयुक्त ऑपरेशन

ओडिशा के कंधमाल जिले में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में शीर्ष माओवादी गणेश उइके सहित छह नक्सली मारे गए। एसओजी, सीआरपीएफ और बीएसएफ टीमों ने संयुक्त रूप से इस ऑपरेशन को अंजाम दिया।

गृह मंत्री ने इसे एक बड़ी सफलता बताया, जबकि मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने इसे नक्सल मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक उल्लेखनीय सफलता बताया। राज्य में नक्सल विरोधी अभियानों का नेतृत्व कर रहे एक वरिष्ठ अधिकारी संजीब पांडा ने बताया कि भाकपा (माओवादी) केंद्रीय समिति के सदस्य उइके ओडिशा में प्रतिबंधित संगठन का प्रमुख था और उस पर 1.1 करोड़ रुपये का इनाम था। बुधवार रात बेलघर थाना क्षेत्र के गुम्मा जंगल में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में छत्तीसगढ़ के दो माओवादी मारे गए। उन्होंने बताया कि गुरुवार सुबह चकापाड थाना क्षेत्र के एक जंगल में फिर से मुठभेड़ हुई, जिसमें उइके समेत चार अन्य माओवादी मारे गए। उनमें से एक की पहचान 69 वर्षीय गणेश उइके के रूप में हुई है। वह तेलंगाना के नलगोंडा जिले के चेंदूर मंडल के पुल्लेमाला गांव का निवासी था। अधिकारी ने बताया कि दो महिलाओं समेत अन्य तीन नक्सलियों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

## काशी विश्वनाथ मंदिर में प्रोटोकाल व स्पर्श दर्शन पर रोक

**वाराणसी।** प्रसिद्ध श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में शीतकालीन छुट्टियों और आंग्ल नववर्ष पर श्रद्धांलुओं की भारी भीड़ आने की संभावना को देखते हुए बुधवार से प्रोटोकॉल दर्शन और स्पर्श दर्शन पर रोक लगा दी गई है।

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्यकार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि शीतकालीन छुट्टियों और आंग्ल नव वर्ष के कारण मंदिर में श्रद्धांलुओं की भारी भीड़ के चलते 24 दिसंबर से प्रोटोकॉल दर्शन और स्पर्श दर्शन पर रोक लगा दी गई है। मंदिर में श्रद्धालुओं को लाइन लगाकर बाबा का झांकी दर्शन कराया जा रहा है। मिश्र ने कहा कि मंदिर में सुविधा और सुरक्षा के साथ सभी को दर्शन प्राप्त हो सकें, इसके लिए सभी श्रद्धालु मंदिर न्यास के इस निर्णय का सहयोग करें।

**शोध में खुलासा** | यहां तालाबों में भरा है अकूत पानी, जीवन की तलाश की दिशा में रहेगा सुर्खियों में

## शनि के उपग्रह टाइटन पर जीवन की अधिक संभावनाएं

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** शनि ग्रह का उपग्रह चंद्रमा टाइटन भविष्य में जीवन की तलाश की दिशा में सुर्खियों में रहेगा। इस उपग्रह पर तालाबों में अकूत पानी भरा हुआ है जिस कारण इस ग्रह पर जीवन की तलाश को लेकर अधिक संभावनाएं नजर आ रही हैं। शोधकर्ता जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी के पोस्टडॉक्टरल रिसर्चर फ्लेवियो पेट्रिका का कहना है कि इस उपग्रह पर तरल जल की मौजूदगी ने वैज्ञानिकों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए मजबूर किया है।

किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश कई दशकों से अनवरत जारी हैं। इस दिशा में प्रमुखता उन ग्रहों को दी जाती है, जहां तरल जल हो क्योंकि पानी ही एक ऐसा घटक है, जो जीवन समेत वातावरण को मानव के अनुकूल बनाने महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अमेरिकी संस्था जेपीएल के वैज्ञानिक फ्लेवियो पेट्रिका के अनुसार, टाइटन के अंदर तरल पानी की छोटी-छोटी तालाब जैसे पॉकेट्स मौजूद होनी चाहिए। जिनमें पानी का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस तक गर्म हो सकता है। तालाबों का पानी चंद्रमा के चट्टानी कोर यानी सतह से पोषक तत्वों (न्यूट्रिएंट्स) को ऊपर की ओर ले जाते हैं। टाइटन में भारी मात्रा में बर्फ मौजूद है और तालाबों का जल बर्फ की गाद की परतों से होकर गुजरता है।

टाइटन में जलसंचार की यह प्रक्रिया जीवन की संभावनाओं को अधिक बल देती है। इसका वायुमंडल घना है और इसकी सतह पर पृथ्वी की ही तरह तरल मीथेन है जिस कारण टाइटन हमारे सौर मंडल का असाधारण उपग्रह माना जा रहा है। पूर्व में वैज्ञानिकों को लगता था कि टाइटन के बर्फीले सतह के नीचे एक बड़ा तरल पानी का महासागर है, लेकिन नई रिसर्च ने टाइटन के प्रति नए सिरे से सोचने के लिए मजबूर कर दिया है। जनरल नेचर में यह शोध प्रकाशित हुआ है। टाइटन की खोज खबर में जुटे अंतरिक्ष यान कैसिनी मिशन से प्राप्त आंकड़ों के जरिए यह शोध किया गया है।



### नासा अगला मिशन ड्रैगनफ्लाई लॉन्च करने की तैयारी में जुटा : डॉ. शशिभूषण

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के खगोल वैज्ञानिक डॉ. शशिभूषण पांडे कहते हैं कि शनि के उपग्रह टाइटन पर तरल जल की मौजूदगी से जीवन की संभावनाओं को बल मिलता है। टाइटन को लेकर दुनिया की अन्य स्पेस एजेंसियां भी शोधरत हैं। अब अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा कैसिनी के बाद अगला मिशन लॉन्च करने की तैयारी में जुट गया है। यह रोबोटिक मिशन होगा। जिसका नाम रोटरक्राफ्ट मिशन ड्रैगनफ्लाई है। वर्ष 2028 में इसे लॉन्च करने की तैयारी है।

न्यूज ब्रीफ

### सुनासीर नाथ धाम में हुआ धार्मिक कार्यक्रम

**पुवायां, अमृत विचार :** बण्डा क्षेत्र के प्रसिद्ध सुनासीर नाथ धाम पर स्वामी गौरीशंकर सीताराम महाराज की 23वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धा एवं आस्था के साथ धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेक्रेड हार्ट कान्वेंट के डायरेक्टर संजीव मेहरोत्रा ने धाम पहुंचकर मत्था टेका और महाराज जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया।

### लड़कियों की बरामदगी न होने पर लोगों में रोष

**खुदागंज, अमृत विचार :** गैर समुदाय के दो युवकों द्वारा हिंदू लड़कियों को अगवा करने के 6 दिन बाद भी पुलिस द्वारा कार्यवाही नहीं किए जाने से लोगों में आक्रोश फैल गया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला सह मंत्री गुरपाल सिंह के नेतृत्व में पीड़ित पक्ष के लोग थाने पहुंचे और पुलिस से युवतियों की बरामद की मांग की। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पुलिस 6 दिन बाद भी लड़कियों को बरामद नहीं कर पाई है। आए दिन टालमटोल कर रही है। थाना अध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस की टीमें लगी हुई हैं, शीघ्र ही लड़कियों को बरामद कर लिया जाएगा।

### साहिबजादों को समर्पित नगर कीर्तन

**पुवायां, अमृत विचार :** सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबज़ादों की शहादत को समर्पित गंगसरा स्थित गुरुद्वारा चार साहिबज़ादे से गुरुवार को एक विशाल एवं भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन गंगसरा गुरुद्वारे से प्रारंभ होकर नाथपुर, सिरहाली, कुंडा, शिवपुरी, मोहम्मदपुर सजनिया, गोटिया एवं तेंदुआ साहब स्थित गुरुद्वारे से होते हुए पुन: गंगसरा गुरुद्वारे में संपन्न हुआ। मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर नगर कीर्तन का स्वागत किया गया। गुरुवाणी कीर्तन, निशान साहिब और पंच प्यारे की अगुवाई में निकाले गए नगर कीर्तन के माध्यम से चार साहिबज़ादों के बलिदान, साहस और धर्म रक्षा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया गया। इस मौके बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



चर्च में ईसाई समुदाय के लोगों को बधाई देते सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां। ● अमृत विचार



प्रार्थना कार्यक्रम में संबोधित करते पास्टर अमित कुमार लाल।



चर्च के बाहर गुलाब देकर एक दूसरे को शुभकामनाएं देतीं युवतियां। ● अमृत विचार

# प्रेम के संदेश के साथ धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस

## जिले भर के चर्च में उमड़ी भीड़, एक दूसरे को गुलाब देकर व गले लगाकर दीं शुभकामनाएं, यीशु मसीह के बचपन की झांकी निकाली गई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** बृहस्पतिवार को जिले में क्रिसमस का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन कर आपसी भाईचारे तथा प्रेम का संदेश दिया गया। इस मौके पर यीशु मसीह के बचपन की झांकी निकाली गई, साथ ही कैंडल जलाकर प्रार्थना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुलाब के फूल देकर एक दूसरे को बधाई दी गई।

महानगर में गोविंद गंज स्थित सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च में बृहस्पतिवार को कोहरे और ठंड के बावजूद सुबह से ही क्रिसमस का त्योहार मनाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ने लगी। चर्च में आयोजित प्रार्थना सभा में पास्टर अमित कुमार लाल ने आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश दिया। पूर्व पादरी अशोक कुमार श्रेष्ठा ने कहा कि ईसा मसीह त्याग शांति प्रेम एवं करुणा के प्रतीक थे। जो संपूर्ण मानव जाति के कल्याण एवं उत्थान के लिए संसार में आए थे। मैथोडिस्ट चर्च के साथ ही एनटीआई, रोजा में स्थित चर्च, तिलहर के चर्च में भी विशेष प्रार्थना की गई। इस मौके पर सपना मैसी, अल्पना सिंह, विवेक सिंह, नीरू महंत, सुनील बक्स, परवेज महंत, पैट्रिक जेम्स, नवेंदु सिंह, विनीत डोनाल्ड, लवी सिंह मैस्टन, विजय कुमार सिंह, सुनीता सिंह, अर्चना, राजेश मिल्टन, अनिल सी दास, जगदीश सिंह, अनुराग मैसी, आकाश मैसी आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। चर्च में प्रभू यीशु की बचपन की झांकी निकाली गई, जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। इस मौके पर सांता क्लाज का वेष धारण की हुई किशोरियां भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। चर्च में आपसी सद्भावना की झलक भी देखने को मिली।

**एआई एमआईएम के पदाधिकारियों ने दी पादरी को बधाई:** आल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन के जिलाध्यक्ष नासिर खान अपने कई कार्यकर्ताओं के साथ गोविंद गंज स्थित चर्च पहुंचे। उन्होंने पादरी अमित कुमार व पूर्व पादरी अशोक श्रेष्ठा को फूल देते हुए पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान आमिर खान आदि मौजूद रहे।



चर्च के बाहर गुलाब बेंचतें माली। ● अमृत विचार



चर्च में प्रार्थना सभा में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### एनटीआई में मनाया क्रिसमस

एनटीआई लोधीपुर में क्रिसमस पर गेट टू गेदर कार्यक्रम हुआ। जिसमें यीशु मसीह के जन्मदिन पर केक काटकर व कैंडल जलाकर प्रार्थना की गई। एक दूसरे को गले मिलकर क्रिसमस की बधाई दी गई। इस मौके पर सपना मैसी, अंशुमान मैसी, आकाश मैसी आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

### चर्च पहुंचकर तनवीर खां ने दी बधाई

क्रिसमस पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खां ने गोविंदगंज चर्च पहुंचकर चर्च के पादरी अमित कुमार लाल व चर्च में मौजूद सभी से मुलाकात कर क्रिसमस की मुबारकबाद दी। इस मौके पर अतिउल्ला सिद्दीकी, चौधरी रामकुमार भोजवाल, अनिल दास, विजय प्रताप, हफीज अंसारी, प्रसून कुमार कनौजिया, सौमित्र यादव आदि रहे।



चर्च परिसर में एक दूसरे को गुलाब देकर व गले लगाकर क्रिसमस विश करतीं युवतियां।

### बच्चों ने जमकर मनाई खुशियां

क्रिसमस को लेकर बच्चों में काफी उत्साह दिखा। चर्च में प्रार्थना सभा के बाद बच्चों ने चर्च परिसर में खूब लुत्फ उठाया। इस बीच रंग-बिरंगी ड्रेस में बच्चे खुशियां मनाते रहे। बच्चों के साथ ही युवा वर्ग के लोगों में भी क्रिसमस को लेकर खासा उत्साह दिखा। क्रिसमस पर चर्च के अलावा घरो को बिजली के रंग-बिरंगे झालर व बल्बो से सजाया गया। पेड़ो पर भी छोटे-छोटे बल्बो को जलाकर रोशनी की गई।

### कैंट स्थित सेंट रफायल्स चर्च में प्रार्थना सभा

कैंट स्थित सेंट रफायल्स चर्च में प्रार्थना सभा के साथ क्रिसमस का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर चर्च के फादर विजय टेलिस, फादर बाला राजू सहित भारी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। इस मौके पर कई स्थानों पर प्रभू यीशु की जन्म की झांकी का भी आयोजन किया गया।

# आईपीएस शिव मुरारी सहाय को मिला जनपद रत्न सम्मान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



अटल बिहारी वाजपेयी आडीटोरियम में आईपीएस शिव मुरारी सहाय को जनपद रत्न सम्मान देते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना।

- वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने किया सम्मानित, कार्यक्रम में मौजूद रहे तमाम गणमान्य लोग

**अमृत विचार :** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जयंती पर बृहस्पतिवार की शाम को जनपद रत्न अलंकरण समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें इस बार राष्ट्रीय सुरक्षा विशेषज्ञ आईपीएस शिव मुरारी सहाय को जनपद रत्न सम्मान दिया गया। यह सम्मान उन्हें प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने प्रदान किया। सम्मान स्वरूप चांदी का मुकुट, स्मृति चिन्ह, शाल प्रदान की गई।

महानगर के श्री अटल बिहारी वाजपेई आडीटोरियम में आयोजित 28 वें अलंकरण समारोह में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व पर चर्चा की। कहा कि इस तरह के आयोजनों से प्रतिभाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। श्री खन्ना ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने सामान्य परिवार में जन्म लेने के बाद देश के प्रधानमंत्री तक का सफर अपनी मेहनत, ईमानदारी व पार्टी के प्रति समर्पण की वजह से किया था। जनपद रत्न सम्मान मिलने पर आईपीएस शिव मुरारी सहाय ने अपने जीवन चक्र के बारे में बताते हुए आभार व्यक्त किया। समारोह में सांसद अरुण सागर, राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हर्षवर्धन आर्या, एमएलसी सुधीर गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, डीसीबी के चेयरमैन डीपीएस राठौर, महापौर अर्चना वर्मा, एसपी राजेश द्विवेदी, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह, समाजसेवी रमेश भैया आदि बड़ी संख्या में गणमान्य जन मौजूद रहे। संचालन डा. सुरेश चंद्र मिश्र ने किया। आयोजन मे श्री अटल बिहारी वाजपेई जन्म दिवस समारोह समिति के विनोद अग्रवाल व केशव चंद्र मिश्रा ने बताया कि 1997 से अब तक जनपद से जुड़ी विविध क्षेत्रों की 70 प्रतिभाओं को जनपद रत्न उपाधि से अलंकृत किया जा चुका है।

### गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा में लगा रक्तदान शिविर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पंजाबी सिख समाज सेवा संगठन की ओर से गुरूवार को शहीद सिंघों एवं चार साहबजादों को समर्पित रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सरदार राजू बग्गा, रविंद्र कौर, सुदेश मिश्रा, दिवजोत कौर, मोनू बग्गा, महक दीप सिंह, मोहम्मद हन्नान, जावेद हुसैन, परमजीत कौर ने रक्तदान किया। कमलेश कौर माटा, जगजीत सिंह, बिट्टू बजाज, सुखलीन कौर, कीरत कौर आदि रहे।



शिविर में रक्तदान करतीं महिला।

# सांसद व अन्य ने सुना प्रधानमंत्री का भाषण

- सांसद खेल महोत्सव का धूमधाम से किया गया समापन
- ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी प्रतिभाओं को अच्छा मंच मिला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सांसद खेल महोत्सव के समापन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उद्बोधन दिया। पुवायां स्थित कैंब्रिज कांवेंट स्कूल में पीएम के उद्बोधन को सुना गया। सांसद खेल महोत्सव के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद अरुण सागर पहुंचे। जहां पदाधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद अटल बिहारी बाजपेयी के 101वीं जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया।

सांसद अरुण सागर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश के नागरिकों के लिए कुछ नया करते रहते हैं। उन्होंने देश को मजबूत बनाने से लेकर देश के युवाओं का भविष्य बनाने के लिए सांसद खेल महोत्सव का आगाज किया। कहा ऐसे में इस महोत्सव की बदौलत ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी प्रतिभाओं को सामने लाने का मौका मिला है। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री का आभार जताया है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, कैम्ब्रिज कांन्वेंट स्कूल के डायरेक्टर विनायक अग्रवाल, नपापरि पुवायां के चेयरमैन संजय गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता आदि की उपस्थिति रही।



प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुनते सांसद अरुण सागर, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा व अन्य लोग।

# सपाइयों ने मनाई बिजली पासी की जयंती



सपा के जिला कार्यालय में शासक महाराजा बिजली पासी के चित्र पर माल्यार्पण करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** बिजलीपुरा स्थित पार्टी के समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर महाराजा बिजली पासी के चित्र पर सभी नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान गोष्ठी में महाराजा बिजली पासी जी के योगदान पर चर्चा की गई।

इस मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खां, पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल ने विचार व्यक्त किए। अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव विकास चंद्र एडवोकेट, अवधेश कुमार पाल, सपा महिला सभा के जिलाध्यक्ष किरन कठेरिया, लल्ला सिंह यादव, संतोष कुमार पाल, डॉ दोदराम वर्मा, सपा अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष हफ़ीज़ अंसारी, प्रसून कुमार कनौजिया, नीलम, महिला सभा की महानगर अध्यक्ष जाफरीन, राकेश कुमार शुक्ला एडवोकेट, राजू कनौजिया, बिलाल, अनूप कुमार वर्मा, गुफरान खान, दिवेश कुमार कठेरिया, अनूप कुमार प्रजापति, रमेश कश्यप, संजीव वर्मा, सुनील यादव, विदेशी यादव, सौमित्र यादव, सचिन सक्सेना, असलम खान, देवेंद्र कुमार मिश्रा एडवोकेट, यश मौर्य, श्लोक मौर्य, आरिफ खान आदि मौजूद रहे।

### पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**खुटार, अमृत विचार :** भाजपाइयों की ओर से भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर खुटार के अटल चौक पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ प्रदीप शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी, पूर्व अध्यक्ष पति जिला पंचायत उपेंद्र पाल सिंह, अवनीश मिश्र, पूर्व नगर अध्यक्ष देवेश गुप्ता आदि लोग रहे।

### मानपुर में दिखा तेंदुआ, ग्रामीणों में दहशत

**खुटार, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव मानपुर में गुरुवार सुबह करीब 9 बजे ग्रामीणों द्वारा तेंदुआ देखे जाने से पास पड़ोस सिख फार्मरो में हड़कंप मच गया। जिस पर शोर मचाने के बाद तेंदुआ गन्ने के खेत में जाकर छिप गया।

बता दें कि रौतापुर कलां के मजरा रसूलपुर निवासी सुखपाल सिंह सुबह 9 बजे बाइक से रामपुर कला को जा रहे थे। तभी वह नवाजपुर के मजरा मानपुर पहुंचे कि बलदेव सिंह के गन्ने के खेत से तेंदुआ बाहर निकला और रास्ता पार करने लगा। सुखपाल सिंह ने जैसे ही तेंदुए को देखा वह बाइक को छोड़ पैदल ही भाग खड़ा हुआ और शोर मचाने लगा। जिस पर पड़ोस में रह रहे जसवंत सिंह, हरदीप सिंह, सहित कई सिख फार्मर मौके पर पहुंचे और हो हल्ला मचाने लगे। तेंदुआ पुनः गन्ने के खेत में जाकर छिप गया। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ करीब एक माह से लगातार अपनी चहल कदमी कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग के कर्मचारी सूचना के बाद भी गांव नहीं पहुंचे। इससे लोगों में रोष है।

# अटल बिहारी की जयंती पर संगोष्ठी में विचार व्यक्त किए

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर एक विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजक उप-प्राचार्य डॉ. नीरा गोयल एवं डॉ. अनिल कुमार, विभागाध्यक्ष, बायोकैमिस्ट्री रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई, जो महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार द्वारा किया गया। इसके उपरांत पुष्पांजलि शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों द्वारा अर्पित की गई। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने विचार व्यक्त किए। बी.एससी. नर्सिंग की छात्रा सीमा देवी, छात्र शोभित चंद्र वाजपेयी एवं छात्रा इशिका सिंह द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी जी के व्यक्तित्व, कृतित्व, कविताओं तथा राष्ट्र के प्रति उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला गया। समारोह में विभागाध्यक्ष फॉरेंसिक मेडिसिन डॉ. एसके वर्मा, डॉ. अनिल कुमार, बीएससी नर्सिंग की प्राचार्या डॉ. अपर्णा पांडेय, अन्य संकाय सदस्य, पीजी छात्र, बी.एससी. नर्सिंग के छात्र, नर्सिंग स्टाफ तथा जूनियर एवं सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर उपस्थित रहे।



राजकीय मेडिकल कॉलेज में भारत रत्न अटल बिहारी की जयंती मनाते छात्र। ● अमृत विचार

### अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर हुए श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**पुवायां, अमृत विचार :** भारत रत्न, भारत के यशस्वी पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेई जी की 101वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को पुवायां क्षेत्र में विविध श्रद्धांजलि एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कैंब्रिज कान्वेंट के सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा, सांसद अरुण सागर, समस्त मंडल अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष अर्पित गुप्ता, विपिन शुक्ला, मिथुन मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संजय गुप्ता, चीनी मिल उपाध्यक्ष देवेंद्र अवस्थी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कैंब्रिज कान्वेंट के डायरेक्टर रचित अग्रवाल एवं विनायक अग्रवाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उपस्थित जनों ने अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वहीं पुवायां विधानसभा क्षेत्र के बंडा चौराहा, खुटार में स्थापित भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई की भव्य प्रतिमा पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उपेंद्र पाल सिंह के साथ पहुंचकर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में हिंदू युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश कुमार मिश्रा, सुबोध कनौजिया, डॉ. प्रदीप शुक्ला, देव पटेल, आदि रहे। इसी क्रम में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस पर भारतीय किसान यूनियन किसान सरकार के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में किसान सरकार शाखा पुवायां पर गरीब मजदूर किसानों को ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरण किए गए एवं भोजन कराया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### शादी का झांसा देकर विवाहिता को छोड़ गया

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मीरानपुर कटरा क्षेत्र में पानीपत से एक विवाहिता को लेकर युवक आया कटरा चौराहे पर छोड़कर भाग गया। पीड़िता ने थाना पर शिकायत की। पुलिस आरोपी के गांव में गयी, लेकिन वह नहीं मिला। कांट क्षेत्र की रहने वाली महिला पानीपत में अपने पति के साथ रहती थी। युवक और महिला का पति कपड़ा मिल में काम करते है। बुधवार की सुबह महिला अपने पति और बच्चों को छोड़कर कटरा के एक युवक के साथ रात में आ गयी। दोनों लोग कटरा चौराहे पर बस से उतरे। युवक थोड़ी देर में आने की बात कहकर लौटकर नहीं आया। आरोपी का मोबाइल स्वीच आफ है। पीड़िता ने बताया कि दो माह पहले वह युवक के संपर्क में आयी। उसने शादी का झासा देकर उसके साथ योन शोषण किया। वह कोर्ट मैरिज करने के लिए कटरा लेकर आया था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया महिला ने तहरीर दी है और आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चेकिंग के दौरान तमंचा समेत युवक गिरफ्तार



**कलान, अमृत विचार :** कलान पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान तमंचे समेत युवक को गिरफ्तार किया है। एसआई मनोज उपाध्याय ने बताया कि बुधवार शाम 7 .30 बजे वह पुलिस कर्मियों के साथ बढ़ेरा चौराहा पर चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग स्थल से 50 कदम की दूरी पर एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह दौड़ने लगा। पुलिस ने भागकर युवक को रोका। तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का तमंचा और दो कारतूस बरामद हुए। पकड़े गए युवक का नाम दुर्गेश यादव निवासी लालपुर बढ़ेरा है।

### युवक पर लगाया दुष्कर्म का आरोप, दी तहरीर

**तिलहर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती के साथ जबरन दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता के परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर आरोप लगाते हुए गुरुवार को थाने में तहरीर दी है। परिजनों के अनुसार, मंगलवार रात करीब 9 बजे गांव का एक युवक युवती के पास पहुंचा और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। घटना के बाद युवती ने परिजनों को आपबीती बताई, जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा।

### युवती ने फंदे पर झूलकर दी जान

**पुवायां, अमृत विचार :** मरेना निवासी राजाराम की 21 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी देवी ने दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय वह कमरे में अकेली थी। परिजनों ने जब कमरे में जाकर देखा तो वह फंदे पर लटकी हुई थी। परिजनों के अनुसार आत्महत्या के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### ट्रेन से टकराकर गोवंशीय की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा रेलवे स्टेशन के निकट नई-दिल्ली-लखनऊ मेल से एक गौवंशीय टकरा गया, जिसकी मौके पर मौत हो गयी। लोको पायलट ने कंट्रोल और स्टेशन मास्टर को सूचना दी। नई दिल्ली-लखनऊ मेल सुबह पौने छह बजे लखनऊ के लिए जा रही थी। रोजा स्टेशन से पहले पुल के निकट गौवंशीय का झुंड रेल पटरी आ गया। इस दौरान लोको पायलट ने इमरजेसी ब्रेक लगाया तो उसके बाद भी गोवंशीय टकरा गया और रेल लाइन के किनारे गिरने से मौत हो गयी। स्टेशन से कर्मचारियों के पहुंचने पर ट्रेन चली गई।

# दंपती और दोनों बच्चों की उठी एक साथ अर्थी, पूरा गांव रो पड़ा

## दंपती की एक साथ जली चिता, बच्चों को दफनाया गया, गांव में पसरा सन्नाटा, नहीं जले चूल्हे, विधायक सलोना कुशवाह, पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा पहुंचे

संवाददाता, निगोही/शाहजहांपुर

- मृतकों के घर सांत्वना देने पहुंचे क्षेत्रीय नेता व अन्य लोग
- बुधवार को रोजा के पास ट्रेन से कटकर हुई थी पांच लोगों की मौत



हरिओम निधि पूजा सेठपाल

**अमृत विचार :** हादसे में मरे दंपति और दो बच्चों की अर्थी घर की चौखट से एक साथ उठी और लोगों के आंसू छलक आए। गांव के बाहर श्मशान घाट पर दंपती की एक साथ चिता जली और बच्चों के शव पड़ोस में दफनाए गए। गांव में मातम छा गया और घरों में चूल्हे तक नहीं जले। एक की जुबान से निकल रहा था कि बहुत बुरा हुआ।

निगोही थाना क्षेत्र के गांव बिकन्ना निवासी सेठपाल, उनकी पत्नी पूजा और दो बच्चे निधि व सूर्यांश का बुधवार की देर रात पोस्टमार्ट कराया गया। वाहन से सभी शव गांव में पहुंचे और शवों को देखकर परिवार में कोहराम मच गया। इस दौरान उनके घर पर गांव वालों की भीड़ लग गयी और शव देखने के लिए लोग उमड़ पड़े। खबर मिलने पर गांव में सन्नाटा पसर गया। लोगों के घरों में चूल्हे तक नहीं जले। दोपहर दो बजे घर की चौखट से चारों की अर्थी एक साथ उठी। अथी उठते ही पूरा गांव रो पड़ा ओर परिवार के लोग शव के पीछे भाग रहे थे। यह भगवान पूरा घर उजाड़ दिया,यही चीख लोगों के मुंह से निकल रही थी। श्मशान घाट पर दंपति की एक साथ चिता जली और दोनों बच्चों को पड़ोस में ही दफना दिए गए। इधर एडीएम अरविंद कुमार, विधायल सलोना कुशवाह और पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।

**पांच मौते के बाद जागा रेलवे प्रशासन, डीआरएम ने बंद कमरे में की बैठक :** रोजा रेलवे स्टेशन के निकट पाथवे पर बुधवार शाम 6:30 बजे गरीब रथ से बाइक सवार दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई थी। इस प्रकरण में मुरादाबाद मंडल के डीआरएम संग्रह सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों की एक कमरे में मीटिंग लेने के बाद दिशा निर्देश दिए। बताया जाता है कि रेलवे अधिकारियों और आरपीएफ गाज गिर सकती है।

रोजा रेलवे स्टेशन के निकट पाथ वे सहरसा से अमृतसर जा रही गरीब रथ से बाइक टकरा गयी थी। हादसे में लखीमपुर खीरी जिले के उचौलिया थाना के गांव बनका निवासी हरिओम और निगोही थाना क्षेत्र के गांव बिकन्नापुर निवासी सेठपाल, उसकी पत्नी पूजा तथा उसके दो बच्चे निधि व सूर्याश की मौत हो गयी थी। घटना की खबर मिलते ही मुरादाबाद मंडल के डीआरएम संग्रह सिंह अपनी टीम के साथ निरीक्षण यान से रोजा के लिए चल दिए। डीआरएम रात एक बजे रोजा स्टेशन पहुंचे। उन्होंने पाथ वे पर घटना स्थल और रोजा ओवरब्रिज के नीचे का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने पाथ वे के बारे में जानकारी की। डीआरएम एरिया मैनेजर के कमरे में गए। उन्होंने एरिया मैनेजर, निर्माण निरीक्षक सैक्शन इंजीनियर, आरपीएफ चौकी इंचार्ज, स्टेशन अधीक्षक और सहायक मंडल अभियंता को कमरे में बुलाया। डीआरएम ने एक-एक अधिकारी से जानकारी की और चौकी इंचार्ज से डयूटी व जुर्माना के बारे में जानकारी की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पाथ वे को बंद किया जाए और रोजा पुल के नीचे बाइक से निकलते है, इस रास्ते को भी बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि संरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। डीआरएम निरीक्षण यान से वापस मुरादाबाद चले गए। डीआरएम के साथ एडीआरएम, सीनियर डीओएम, सीनियर डीएसओ और आरपीएफ कमाडेंट थे।

### रोते हुए बोली परी, पापा कहां चले गए

मृतक सेठपाल की आठ साल की बेटी परी बची है। इसके अलावा चार भाइयों में दूसरे नंबर मृतक सेठपाल था। उसके भाई शेर बहादुर, ब्रहमपाल, सुमित है। उसकी दो बहनें सुनीता व पिंकी है। उसके पिता का नाम बाबूराम व मां का नाम लल्ली है। परी रात भर अपने माता-पिता से नहीं मिली तो सुबह तक तलाश करती रही। वह पूछ रही थी कि पापा व मम्मी कहां चले गए है। परिवार वाले उसे समझा रहे थे कि पापा-मम्मी आ जाएग। उसको शव के पास जाने नहीं दे रहे थे।

### हरिओम के घर खुशी होने वाली थी

मृतक हरिओम लखीमपुर खीरी जिले के उचौलिया थाना के गांव बनका के रहने वाले थे। सेठपाल और हरिओम में साढू का रिश्ता था। उनके पिता का नाम लालाराम व मां का नाम माया देवी है। उसकी पत्नी आरती आठ माह की गर्भवती है। उसकी शादी चार साल पहले हुई थी। मृतक के माता-पिता रोजा में मठिया कालोनी में रहते है। उसके पिता मजदूरी और मां एक नमकीन फैक्ट्री में काम करती है। उसका एक भाई दीपक था, जिसकी हादसे में मौत हो गयी थी। वह मां-बाप का इकलौता बचा था। उसके घर में खुशी होने वाली थी। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते परिवार में रोना पीटना मच गया।



रोजा स्टेशन के पास निकट पाथ वे को बंद करते हुए कर्मचारी। • अमृत विचार



रोते बिलखते सेठपाल के परिजन। • अमृत विचार

### रोडवेज के पास बंद फाटक को कराया चालू

रोडवेज रेलवे फाटक पर रेल लाइन की पटरियों की मरम्मत को लेकर बीस दिन से बंद थी। लोग रेलवे फाटक के किनारे से साइकिल और पैदल रेलवे ट्रैक पार करके निकलते थे। जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। रोजा के हादसे के बाद रेल अधिकारी फाटक पर पहुंचे और फाटक के पास रेल लाइन पर तुरंत पत्थर बिछाकर फाटक चालू कराया गया। फाटक के पास लगे ठेले को हटवाया गया। रेलवे फाटक बंद होने के बाद जान जोखिम डालकर बाइक बैरियर के नीचे निकालते है।



पूर्व विधायक रोशन लाल परिजनों को सांत्वना देते हुए। • अमृत विचार

### मंडल कार्यालय भेजी रिपोर्ट

डीआरएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि तत्काल ज्वाइनिंग रिपोर्ट बनाकर भेजे। स्टेशन अधीक्षक, आईओडब्लू सैक्शन इंजीनियर और मंडल अभियंता ने अपनी कई पेज की रिपोर्ट बनायी। अधिकारियों दोपहर बाद ज्वाइनिंग रिपोर्ट बनाकर मुरादाबाद मंडल कार्यालय भेज दे दी है। वहीं दूसरी ओर मुरादाबाद से डीआरएम संग्रह मौर्य अपने निर्धारित समय से निरीक्षण यान से रोजा के लिए निकल गए थे। निरीक्षण यान के आगे मालगाड़ी चल रही थी। टिसुआ और बिलपुर के बीच मालगाड़ी का इंजन फेल हो गया। इस दौरान निरीक्षण यान डाउन लाइन पर फंस गया। जब दूसरा इंजन मालगाड़ी में जोड़कर आगे बढ़ाया गया। निरीक्षण यान काफी देर तक खड़ा रहा।

### पाथ वे को कराया गया बंद

स्टेशन के निकट पाथ वे दोनों तरफ पिलर लगे थे। लोग पिलर के बीच में से बाइक निकालकर ले जाते थे। साथ ही पैदल पाथ वे से निकलते थे। इससे पहले कई हादसे हो चुके है। बड़ा हादसे के बाद रेल प्रशासन की नींद खुलने पर रास्ते को बंद किया गया और दोनों तरफ बोर्ड लगा दिया गया। बोर्ड पर लिखवा दिया कि आम रास्ता नहीं है, कर्मचारियों की डियूटी के लिए रास्ता है। अब कोई भी कर्मचारी प्लेटफार्म पर बाइक नहीं ले जाएगा, पुराना पावर केबिन के पास खड़ी करेंगे।

# रोजा में मकान से नकदी समेत लाखों के जेवर चोरी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला लोधीपुर में एक मकान में चोर घुस गए। चोरों ने अलमारी का लाक तोड़ दिया। चोर नगदी समेत लाखों रुपये का जेवर चुराकर ले गए। मकान मालिक सुबह सोकर उठे तो कमरे में सामान बिखरा पड़ा। रोजा पुलिस ने मौका मुआयना किया।

रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला लोधीपुर निवासी अवनीश मिश्रा का मकान रेलवे के किनारे बना हुआ है। वह परिवार समेत मकान में सो रहे थे। मंगलवार की रात में चोर उसके मकान में मकान की छत से नीचे आ गए। चोर एक कमरे में घुस गए। चोरों ने अलमारी का लाक तोड़ दिया। चोर नगदी समेत लाखों रुपये का जेचर चुराकर ले गए। वह सुबह उठे तो देखा कि कमरे में सामान बिखरा पड़ा हुआ और अलमारी खुली हुई थी। उन्होंने रोजा थाना पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। मकान स्वामी ने बताया कि चोर एक लाख 50 हजार रुपये, दो जोड़ी सोने का टाप्स, सोने का मांग टीका, एक सोने की अंगूठी, चांदी का कमर बिछुआ, तीन जोड़ी पायल, बिछुए आदि सामान ले गए है। उन्होंने अज्ञात में चोरी की तहरीर दी। पुलिस चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इससे पहले भी मकानों में चोरी हो चुकी है। चोरी की घटना को लेकर दहशत है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चोरों की सुरागरसी की जा रही है।

# फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी को लूटने वाला गिरफ्तार

**तिलहर, अमृत विचार :** महिंद्रा फाइनेंसर से हुई लूट के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बरेली के पुराना शहर मोहल्ला कटरा चांद खां निवासी आशीष ने बताया कि वह तिलहर स्थित महिंद्रा फाइनेंसर कंपनी में कार्यरत है और चीनी मिल कॉलोनी में किराए पर रहता हैं। 17 दिसंबर की रात वह शाहजहांपुर से बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में अज्ञात बाइक सवार ने उससे बैग, एटीएम कार्ड और हजारों रुपये की नगदी लूट ली थी। मामले में कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम को जांच में लगाया गया।

# क्रिसमस पर धर्मांतरण की सूचना, पहुंची पुलिस

संवाददाता, खुटार

- गांव कुंभिया माफी में एक घर में आयोजित हुआ कार्यक्रम
- पुलिस के पहुंचने से पहले ही खिसके सभी लोग

**अमृत विचार :** क्रिसमस डे पर खुटार के गांव को कुंभिया माफी में गुरुवार सुबह दस बजे एक घर में आयोजित कार्यक्रम में महिलाएं, पुरुष, युवक, युवतियां, बच्चे शामिल होने पहुंचे। जहां धर्मांतरण का खेल होने का चर्चा फैल गई। इसकी भनक हिंदू संगठन के लोगों को लगी तो मौके पर पहुंचे। जहां मकान स्वामी से तीखी नोकझोंक हो गई। हंगामा के बाद खुटार थाने से पुलिस फोर्स पहुंच गई। लेकिन इससे पहले ही घर में एकत्र सभी लोग इधर-उधर खिसक गए।

खुटार के गांव कुंभिया माफी में गुरुवार सुबह को एक घर के अंदर हाल में भारी संख्या में लोग एकत्र है। जहां क्रिसमस डे के नाम पर धर्मांतरण का कार्य हो रहा है। ऐसी सूचना हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के अध्यक्ष अवनीश मिश्र को दी गई। जानकारी पाकर वह अपने साथी प्रदेश संगठन मंत्री कमल दीक्षित, पृथ्वी सक्सेना, विवेक पांडेय, शोभित मिश्रा आदि कार्यकर्ताओं को लेकर मौके पर पहुंच गए। बाद में इसका विरोध किया। आरोप है कि कार्यक्रम के आयोजन करने वाले हरिश्चंद्र जाटव और कार्यकर्ताओं के बीच बहस हो गई। हंगामा के बाद एकत्र हुए लोग खिसक गए। गुरुवार सुबह करीब दस बजे पुलिस पहुंची और मौजूद लोगों को हटाया। मामले को गंभीरता से लेकर थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार रावत ने दरोगा प्रांजल कुमार, सिपाही रंजीत और एक गार्ड को तैनात कर दिया गया।तो मामले को शांत हो सका। संगठन का आरोप है कि हरिश्चंद्र भोले-भाले लोगों को रुपये, शादी करने का लालच देकर उनका धर्मांतरण करने का काम करता है। जबकि 27 जुलाई को हरिश्चंद्र जाटव ने उसी घर के हाल में धर्मांतरण का कार्य हो रहा था। बाद में पुलिस ने हरिश्चंद्र और उसके बेटे शैलेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। इसके बावजूद हरिश्चंद्र फिर से वहीं काम कर रहा है। संगठन ने पुलिस-प्रशासन से धर्मांतरण करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



हंगामे के बाद गांव में तैनात पुलिस। • अमृत विचार

# फर्जी नियुक्ति पत्र देने का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता शाहजहांपुर/सिंधौली

- बांदा जिले का दिया था नियुक्ति पत्र, नौकरी दिलवाने के नाम पर की 5 लाख रूपये की ठगी

**अमृत विचार :** शिक्षा विभाग में नौकरी लगवाने के नाम एक युवक से पांच लाख रुपये ले लिए और फर्जी नियुक्त पत्र थमा दिया। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया।

सिंधौली थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति का संपर्क बरेली के मदनपाल निवासी खटेली थाना भुता जिला बरेली से हुआ था। आरोपी मदनपाल ने उसको झांसा दिया कि शिक्षा विभाग में उसकी अच्छी जान पहचान है। सहायक अध्यापक पद नौकरी लगवा सकता हूं और उसके लिए पांच लाख रुपये देने होगे। पीड़ित राजी हो गया। पीड़ित ने वर्ष 2013 में आरोपी को पांच लाख रुपये नौकरी लगवाने के नाम पर दे दिए। उसने कई माह बाद पीड़ित को एक नियुक्ति पत्र दिया। पीड़ित नियुक्ति पत्र लेकर बांदा जिले के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य के पास पहुंचा। पीड़ित ने प्राचार्य को नियुक्ति पत्र दिया। उन्होंने जांच करायी तो नियुक्ति पत्र फर्जी पाया गया। पीड़ित ने सिंधौली थाना में आरोपी मदनपाल के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस जांच शुरु की और जांच में नियुक्त पत्र फर्जी पाया गया। पुलिस आरोपी मदनपाल की तलाश में जुट गयी। पुलिस ने आरोपी को महुआ पाठक चौराहे से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक नरगेश कुमार आदि स्टाफ शामिल था।



पुलिस हिरासत में आरोपी मदन पाल।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से छात्र की मौत

**पुवायां, अमृत विचार:** बंडा क्षेत्र के गांव बिरहिमपुर झंझरिया निवासी सुरेंद्र सिंह के पुत्र अंशदीप सिंह की सड़क हादसे में मौत हो गई।

अंशदीप चिनौर में रहकर पढ़ाई कर रहा था। बताया गया कि कोचिंग से वापस लौटते समय चिनौर क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अंशदीप सिंह दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल का कक्षा 12 का छात्र था। इस दुखद घटना की जानकारी मिलते ही विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई। गुरुवार को दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें दिवंगत छात्र की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। विद्यालय प्रबंधन द्वारा पूरे दिन का अवकाश घोषित कर शोक व्यक्त किया गया। इसके साथ ही विद्यालय प्रबंधन के प्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें सांत्वना दी। विद्यालय प्रबंधक आदित्य यादव ने कहा कि अंशदीप एक मेधावी, अनुशासित एवं सरल स्वभाव का छात्र था, जिसकी असमय मृत्यु से विद्यालय परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है।

# बस ने कार को मारी टक्कर चालक सहित पांच घायल

संवाददाता, खुटार

- दुधवा नेशनल पार्क जा रहे थे सभी दोस्त, तीन गंभीर
- टक्कर मारने के बाद चालक बस लेकर फरार

**अमृत विचार :** दुधवा नेशनल पार्क टहलने जा रहे पांच दोस्तो की कार में सामने से आ रही प्राइवेट बस ने टक्कर मार दी। इससे गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार में सवार चालक सहित पांच दोस्त घायल हो गए। यह हादसा गुरुवार दिन में बारह बजे खुटार-मैलानी सीमा पर रपटा पुल के पास हुआ। लोगों की सूचना पर पहुंची यूपी 112 डायल पुलिस ने एंबुलेंस से सभी घायलों को खीरी के कस्बा मैलानी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

जहां उनका उपचार चल रहा है। डॉक्टर ने तीन की हालत गंभीर बताई है। हादसे का पता चलने पर घायलों के परिजन अस्पताल पहुंच गए। जबकि टक्कर मारने के बाद चालक बस लेकर फरार हो गया। पुलिस उस बस की तलाश कर रही है। जनपद शाहजहांपुर के कस्बा रोजा निवासी आशिक अली (35) गुरुवार को अपनी गाड़ी से खीरी के दुधवा नेशनल पार्क जा रहे थे। कार में कस्बा रोजा के रहने वाले राहुल (40), चौक कोतवाली के मोहल्ला केरुगंज निवासी किशन गोयल (45), थाना रोजा के गांव बल्लिया निवासी अनिल (24), आरिफ (30) सवार थे। गाड़ी आशिक चला रहे थे। गुरुवार दिन में 12 बजे खुटार-मैलानी सीमा के समीप रपटा पुल पर मैलानी की तरफ से आ रही प्राइवेट बस ने कार में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर से कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार सभी दोस्त घायल हो गए। दुर्घटना के बाद चालक बस लेकर मौके से चला गया।

हादसे के समय भारी संख्या में भीड़ जमा हो गई। लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को देकर एंबुलेंस से खीरी के कस्बा मैलानी के निजी अस्पताल में घायलों को भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने घायलों का उपचार किया। जिनमें घायल आशिक अली, अनिल, किशन गोयल की हालत गंभीर बनी हुई है। उधर, हादसे की खबर पाकर घायलों के परिजन अस्पताल पहुंचे।



बस की टक्कर से क्षतिग्रस्त कार ।

# बिजली के पोल से गिरकर कर्मचारी की मौत

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** ट्यूबवेल और ग्रामीण बिजली लाइन को अलग किए जाने के दौरान प्राइवेट कंपनी के ठेकेदार के अधीन कार्य कर रहा एक कर्मी पोल से गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

गुरुवार सुबह करीब नौ बजे तिलहर क्षेत्र के गांव गैसरा के पास बिजली लाइन के पोल पर गांव छेदापट्टी निवासी सूरजपाल चढ़ा था। इसी दौरान वह पोल से नीचे गिर पड़ा। साथी कर्मचारी उसे तुरंत सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक के भाई अर्जुन ने बताया कि कटरा के ठेकेदार विनोद कुमार उसके भाई को काम पर ले गए थे। आरोप लगाया कि ठेकेदार की लापरवाही के चलते उसके भाई की जान गई। बिजली विभाग के एसडीओ कैलाश यादव ने बताया कि विभाग से कोई सेट डाउन नहीं लिया गया था। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# एक साल पुराना मजार का मामला ट्वीट के बाद गरमाया

संवाददाता, पुवायां

- एक वर्ष पूर्व सभी के सहयोग से डाला गया था मजार पर लिंटर

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव मरेना में मजार भवन के निर्माण का मामला एक ट्वीट के साथ ही एक बार फिर गर्म हो गया। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने निर्माणस्थल का जायजा लेकर पुलिस ड्यूटी तैनात कर दी, इसके अलावा नजर बनाए रखने के लिए वहां कैमरे भी लगवाए गए। इस दौरान हिन्दू संगठन ने भी मौके पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार एक वर्ष पूर्व ग्रामीणों के सहयोग से मजार का लिंटर डलवाया गया था। जिसके बाद कुछ लोगों ने इस बात की शिकायत प्रशासन से कर दी थी, मौके पर पहुंचकर पुलिस प्रशासन ने यथास्थिति कायम करते हुए कुछ लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी की थी। तब से यथास्थिति बनी हुई है। बुधवार की रात एक बार फिर इसी मामले में किसी ने प्रधान, पूर्व प्रधान व एक अन्य के खिलाफ आरोप लगाते हुए ट्वीट कर दिया गया। जिस पर प्रशासन ने शांति व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस तैनात कर दी। ग्राम प्रधान पूरन ने बताया कि एक वर्ष पहले लिंटर डालने में सभी धर्मों के ग्रामीणों ने सहयोग किया था, हालांकि विरोध के बाद वहां यथास्थिति कायम थी। इस समय वहां कोई काम नहीं कराया जा रहा था। कोतवाली प्रभारी रवि करन सिंह ने बताया कि एक वर्ष पूर्व हुई शिकायत में कानूनी कार्रवाई की गई थी, वर्तमान में वहां कोई कार्य नहीं कराया जा रहा था। पुलिस ड्यूटी लगा दी है है तथा ग्रामीणों को शांति व्यवस्था के लिए समझाया गया है।



इसी स्थल को लेकर विवाद चल रहा है। • अमृत विचार



# बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch. Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389

सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व आपरेशन
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व आपरेशन
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी की गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का आपरेशन
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व आपरेशन
- सिर दर्द (माइग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज
- दिमाग के फोड़े का इलाज व आपरेशन
- गर्दन (सर्वाइकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिम डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का आपरेशन
- बच्चों के पीठ की गांठ का आपरेशन
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज
- रीढ़ की हड्डी व दिमाग की टी.बी. का इलाज व ऑपरेशन
- लकवा तथा पैरालायसिस का इलाज

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सुपर स्पेशलिटी सेन्टर
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
समय : प्रातः 10 12 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
लकवा के मरीजों के लिए 24 घंटे इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर
7017678157, 8077790358
7417389433, 9897287601

## कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों को कंबल वितरण

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** नगर निगम कार्यालय में सुबह 11 बजे फास्ट रिलीफ चैरिटेबल टीम की ओर से कंबल वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार ने किया। उन्होंने गरीब और असहाय लोगों के लिए किए जा रहे कार्यों को मानवता की मिसाल बताते हुए संस्था की सराहना की और बेटी विवाह शगुन योजना में दिए जा रहे सहयोग की प्रशंसा की। समारोह में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। एफआरसीटी की ओर से गरीब, असहाय, वृद्धजनों और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। जिला अध्यक्ष सुजीत कुमार रावत और प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने संस्था की योजनाओं को सकारात्मक बताया।

# हरिहरपुर गांव में चेचक का प्रकोप कई बच्चे बीमार, विभाग अंजान

## नहीं पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम, निजी डॉक्टरों से इलाज कराने को मजबूर ग्रामीण

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** हरिहरपुर गांव में चेचक का प्रकोप भयंकर रूप से फैला है। जिससे एक दर्जन से अधिक बच्चे बीमार हैं। बच्चों के अभिभावकों ने इसकी सूचना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार को भी दी। लेकिन 24 घंटे से अधिक समय बीतने के बाद भी कोई भी स्वास्थ्य कर्मचारी गांव में बीमार बच्चों को देखने के लिए भी नहीं पहुंचा है। जिससे ग्रामीणों में स्वास्थ्य विभाग के प्रति आक्रोश फैला हुआ है।

क्षेत्र के गांव हरिहरपुर में रहने वाले प्रदीप कुमार तिवारी ने बताया कि उनके घर में 12 वर्षीय दिव्या तिवारी एवं 8 वर्षीय आलोक तिवारी को दो दिन पहले अचानक बुखार आ गया था और उसके बाद दोनों के शरीर में हल्के लाल दाने निकल आए। पूरे शरीर में लाल दाना निकलने पर उन्होंने जब निजी चिकित्सक को दिखाया, तो पता चला कि बच्चों को चेचक का प्रकोप है। इसके बाद उन्होंने बच्चों का निजी चिकित्सक के यहां इलाज करना शुरू किया। इसी तरह गांव में रहने वाले विपिन शुक्ला के घर में भी बीमार है। रिंकल तिवारी के घर में एक व गांव में रहने वाले नितिन सिंह, शौर्य प्रताप सिंह भी चेचक की चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि गांव में बच्चों में लगातार चेचक का प्रकोप देखा जा रहा है। इसकी सूचना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भी दी जा चुकी है। लोगों ने बताया कि शिकायत के बाद भी अब तक विभागीय टीम गांव नहीं पहुंची है। जबकि दो दर्जन से अधिक बच्चे बीमार हैं।


बीमारी से ग्रषित बच्ची।

### सीएचसी प्रभारी बोले: आज मिली सूचना

अभी तक कोई भी स्वास्थ्य कर्मचारियों ने गांव पहुंचकर बीमार बच्चों का उपचार करना तो दूर की बात हाल-चाल लेना भी उचित नहीं समझा है। ग्रामीणों ने गांव में चेचक से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान चलाई जाने की मांग की है। उधर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गौरव सक्सेना से इस संबंध में जानकारी की गई, तो उन्होंने बताया कि उन्हें इसकी सूचना आज ही मिली है। शुक्रवार को गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजकर बीमार बच्चों का उपचार कराया जाएगा। बताते चने की सीएचसी प्रभारी की लापरवाही के चलते कई जगहो पर गंभीर बीमारियों व संक्रमित रोगों का प्रकोप फैला हुआ है लेकिन सीएचसी प्रभारी अपनी सीएचसी तक ही सीमित है।

## शोक संतप्त परिवारों से मिले राज्य मंत्री जितिन


भाजपा पदाधिकारियों से मिलते केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद एक दिवसीय जिला भ्रमण पर रहे। इस दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर दिवंगत व्यक्तियों के परिजनों से भेंट की और शोक संवेदना व्यक्त की।

दौरे के क्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री ने महानगर क्षेत्र में वरिष्ठ स्तंभकार अमित त्यागी के पिता एनसी त्यागी के निधन पर परिजनों से मुलाकात की। उद्योगपति गोपाल अग्रवाल की पत्नी, जलालाबाद के हार गुरैया में अनिल वर्मा के पिता, पूर्व मंत्री राममूर्ति वर्मा के अग्रज डॉ. ओमप्रकाश सिंह, कलान में रामदास गुप्ता व अनिल कुमार सिंह, मिर्जापुर में पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेमवीर सिंह के चाचा तथा राकेश पांडेय की पत्नी के निधन पर मिले और सांत्वना दी। लक्ष्मनपुर में आलोक प्रताप सिंह तथा कलान में राकेश मिश्र और मोहित मिश्र के आवास पर पहुंचकर केंद्रीय राज्य मंत्री ने जनसामान्य से मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्र, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, मंत्री के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र, भूपेंद्र सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी, लता अमित सिंह, नगर पंचायत कलान अध्यक्ष हरिनारायण गुप्ता, अवधेश दीक्षित आदि रहे।

## कोहरे में दिल्ली मेल समेत एक दर्जन ट्रेनें विलंब से पहुंची

- ठंड में यात्री प्लेटफार्म पर बैठे रहे, रिजर्वेशन यात्रियों को अधिक परेशानी

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** कोहरे के कारण डाउन व अप लाइन की ट्रेनें कई घंटे विलंब से आयी है। रिजर्वेशन वाले यात्रियों को ठिठुरती ठंड में ट्रेन का इंतजार करना पड़ा। लखनऊ-दिल्ली मेल समेत कई ट्रेनें विलंब से पहुंची

कोहरे के कारण ट्रेनों की रफ्तार थम गयी है और कई घंटे विलंब से आ रही है। सबसे अधिक परेशानी रिजर्वेशन वाले यात्रियों को हो रही है, जो ठिठुरती ठंड में प्लेटफार्म पर ट्रेन का इंतजार करते है। डाउन लाइन की नौचंदी एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे, नई दिल्ली-लखनऊ मेल ढाई घंटे, बेगमपुरा एक्सप्रेस ढाई घंटे, नई दिल्ली-लखनऊ एसी एक्सप्रेस ढाई घंटे, दून एक्सप्रेस तीन घंटे, जनता एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे, पंजाब मेल दो घंटे, गंगा सतलज एक्सप्रेस दो घंटे, चंडीगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस चार घंटे, काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस डेढ़ घंटे, बरेली-प्रयागराज एक्सप्रेस पौने दो घंटे, अप लाइन की पंजाब मेल साढ़े तीन घंटे, गुवाहाटी एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे, जननायक एक्सप्रेस दो घंटे, अमरनाथ एक्सप्रेस सवा दो घंटे, श्रमजीवी एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे विलंब से पहुंची है। भीषण ठंड को लेकर यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# कांटे के मुकाबले में इलेक्ट्रीशियन स्टार ने जीता मैच

- विनर टीम के कप्तान सुरजीत रहे मैन ऑफ द सीरीज
- डीसीबी के चेयरमैन डीपीएस राठौर ने विजेता टीम को दी ट्रॉफी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** नेव प्राइवेट आईटीआई लोधीपुर में चल रहे टूर्नामेंट में मंगलवार को इलेक्ट्रीशियन स्टार एवम मशीनिस्ट सुपर किन्ग्स के बीच 12 ओवर का फाइनल खेला गया। जिसमें इलेक्ट्रीशियन स्टार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फ़ैसला लिया। इलेक्ट्रीशियन स्टार ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 88 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मशीनिस्ट सुपर किंग्स की टीम 12 ओवर में 83 रन ही बना पायी। इलेक्ट्रीशियन स्टार ने टूर्नामेंट 5 रन से जीत लिया।

मुख्य अतिथि डीसीबी के चेयरमैन डीपी एस राठौर ने एनटीआई के चेयरमैन अंशुमान सिंह मैसी के साथ विजेता टीम इलेक्ट्रीशियन स्टार को विनर ट्राफी दी। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी किया। विनर टीम के सुरजीत को टाटा बाइसिकल मैन ऑफ द सीरीज के रूप में मिली। मैच के एम्पायर तारिक अज़ीज़ खान, कमेंटेटर फैसल खान एवं शैव्यू सहाय को भी सम्मानित किया। इस मौके पर संस्थान के एग्जीक्यूटिव निदेशक आकाश कुमार सिंह मैसी, नेव प्राइवेट आईटीआई के प्रधानाचार्य इंजीनियर मो फरहान खान, एडमिनिस्ट्रेटर अनिल आर सिंह, अनुदेशक सत्यपाल, तारिक अज़ीज़, फैसल, अज़ीज़, हिमांशु, अकाउंटेंट फरदाना अजमल, पीटीआई वसीम मौजूद रहे। संचालन जॉन नेव सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सीनियर कोऑर्डिनेटर एवं कॉमर्स विभाग के अध्यक्ष डॉ. विकास पांडेय ने किया।


नेव प्राइवेट आईटीआई लोधीपुर में विजेता इलेक्ट्रीशियन स्टार टीम को ट्रॉफी डीसीबी के चेयरमैन डीपीएस राठौर व एनटीआई के चेयरमैन अंशुमान सिंह मैसी। ● अमृत विचार

### फाइनल मैच में क्राउन क्लब ने हांडा क्लब को हराया

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मयूर स्पोर्टिंग की ओर से जीएफ कॉलेज मैदान पर चल रहे शाहजहांपुर चैलेंज कप क्रिकेट टूर्नामेंट में क्राउन क्लब व हांडा क्लब के बीच फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच क्राउन क्लब ने हांडा क्लब को हराकर जीत लिया। मैच के अंपायर फरीद खान एवं सुधीर थे। स्कोरर देव कुमार एवं मयूर खन्ना थे। मैच के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष नूर आलम एवं सचिव मसूद कमाल खां ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने विजेता क्राउन क्लब को विनर ट्राफी प्रदान की। मैच की कमेंट्री पंकज तिवारी ने की। इस अवसर पर पार्षद अब्दुल सत्तार उर्फ लाले, मनोज यादव, फरीद खान, आरिफ खान आदि उपस्थित रहे। अंत में आयोजक मयूर खन्ना ने आभार प्रकट किया।

### शिविर में 210 मोतियाबिंद रोगियों का हुआ परीक्षण

**खुदागंज :** निशुल्क मोतियाबिंद शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा 210 मोतियाबिंद के मरीजों का परीक्षण किया गया, जिसमें 100 रोगी मोतियाबिंद के मिले। जिन्हें ऑपरेशन हेतु श्राफ चैरिटी आई हॉस्पिटल सहदेवा महम्मदी भेजा गया है। उक्त शिविर जिला पंचायत सदस्य जगदीश गंगवार के नेतृत्व में उनके आवास पर आयोजित हुआ।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY — अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005

बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज


डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE — ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
डा. दीक्षा गंगवार
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ. (गोल्ड मेडलिस्ट) (के.जी.एम.यू. लखनऊ)
निःशुल्क परामर्श हेतु संपर्क करें +91 78952 78992
समय : प्रातः 9 से 10 बजे तक, सायं 4 से 5 बजे तक

पता : स्व. केसर सिंह गंगवार कार्यालय, अशर्फी बैंकट हाल, 100 फुटा रोड, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार

B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें। | अत्याधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
11 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली


डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
- प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9837549348, 9897838286

## राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ ने बांग्लादेश का पुतला फूंका

- शहीद कुटी तक निकाली पदयात्रा, जमकर नारेबाजी

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ की ओर से बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में गुरुवार को पुतला दहन किया गया। नेशनल हाईवे स्थित एक होटल के पास एकत्र होकर कार्यकर्ताओं ने नगर की शहीद कुटी तक पदयात्रा निकाली और बांग्लादेश का विरोध जताया।

प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता और पदाधिकारी बांग्लादेश के पुतले के साथ नारेबाजी करते हुए शहीद कुटी पहुंचे। वहां आक्रोशित गौ रक्षकों ने पुतले को पीटते हुए जमकर नारे लगाए और बाद में उसे आग के हवाले कर दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के साथ हो रहे अत्याचार बेहद निंदनीय हैं। महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष अमृता सिंह ने भारत सरकार से मांग की कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे हमलों को तत्काल रुकवाने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। प्रदर्शन में मंडल उपाध्यक्ष अमर सिंह, मंडल मीडिया प्रभारी प्रमोद गंगवार, जिला महामंत्री अनुज द्विवेदी, नगर अध्यक्ष कृष्णा गंगवार, नगर उपाध्यक्ष अभिजीत सिंह, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अमृता सिंह, मंडल उपाध्यक्ष रीना सक्सेना, जिला अध्यक्ष मालती राठौर, सूर्या शर्मा, प्रीति खत्री सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पशु क्रूरता अधिनियम में महिला समेत पांच गिरफ्तार

**जलालाबाद, अमृत विचारः** जलालाबाद पुलिस ने पशु क्रूरता अधनियम में महिला समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने 94 गौवंशीय पशु को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने आरोपियों का चालान कर दिया। पकड़े गए आरोपी राजस्थान राज्य के है।

जलालाबाद प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि पुलिस को नदी के किनारे गौवंशीय पशुओं को रस्सी से बाधकर मारती पीटते ले जा रहे कुछ लोग मिले। पुलिस ने पकड़े गए लोगों से पूछताछ की तो बताया कि सभी लोग राजस्थान राज्य के है। दो माह पूर्व निजी गौवंशीय पशुओं को चराने के लिए चले थे। प्रत्येक साल उत्तर प्रदेश में गंगा किनारे के बसे शहरों में चराने के लिए लेकर आते है। रास्ते में घूमते हुए गौवंशीय पशुओं को अपने साथ ले लेते है।

## दोनों पक्षों ने दर्ज करायी हत्या के प्रयास की रिपोर्ट

- भाजपा नेता और हिस्ट्रीशीटर के बीच हुआ था विवाद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** भाजपा नेता और पूर्व ब्लाक प्रमुख मनोरमा सिंह के जेठ शरद कुमार सिंह बब्लू के पुत्रों और हिस्ट्रीशीटर संतोष सिंह के बीच पुरानी रंजिश को लेकर सोमवार को हुए विवाद के बाद आरसी मिशन पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से हत्या के प्रयास की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना आरसी मिशन क्षेत्र के गांव कनेंग निवासी भाजपा नेता शरद सिंह के पुत्र राहुल सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वे 22 दिसंबर को दोपहर करीब दो बजे अपने भाई शुभम और तहेरे भाई गीतेंद्र के साथ कार से पंजाब नेशनल बैंक की शाखा चौक जा रहे थे, तभी रास्ते में हिस्ट्रीशीटर संतोष सिंह और उसके साथ आए अन्य लोगों ने गाड़ी आगे लगाकर रोक लिया। उतरते ही संतोष ने जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। तब आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पूर्व में 31 अगस्त को भी संतोष ने राहुल के पिता शरद कुमार सिंह पर जानलेवा हमला किया था। वहीं दूसरी ओर से हिस्संट्रीशीटर संतोष सिंह के पिता हरिभान सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 22 दिसंबर को 2:30 बजे संतोष एसबीआई की रौसर कोठी शाखा से निकलकर बाईपास की ओर जा रहा था। तभी पुराने विवाद के चलते राहुल व शिवम् पुत्र शरद सिंह निवासी गांव कनेंग व चारु सिंह पुत्र सुनील सिंह ने गाड़ी ओवरटेक करके रोक ली। चारू के साथ में रायफल और राहुल के हाथ में पिस्टल थी।

## धूमधाम से मनाई गई महापुरुषों की जयंती

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वार्ड लोधीपुर में पार्षद रुपेश कुमार वर्मा 'अन्नू' के कार्यालय पर महाराजा बिजली पासी एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

इस अवसर पर पार्षद रुपेश कुमार वर्मा ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में रामनाथ वर्मा, रमेश प्रधानाचार्य, रामदास, मंजू वर्मा, राकेश कुमार, रामबाबू, देवेश राजवंशी, जितेंद्र, सौरभ, अजय, शोभित, रेयांश, अनिका, मुकेश, अमित, विशाल आदि उपस्थित रहे।

आयोजन | खेल भावना और उपलब्धियों से गूंजा संस्थान परिसर

# वरुण-अर्जुन मेडिकल कॉलेज में पुरस्कार वितरण

- छात्रों ने दिखाया जोश, टीमवर्क और अनुशासन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में 15 से 20 जुलाई 2025 तक आयोजित स्पोर्ट्स वीक के समापन पर पुरस्कार वितरण समारोह उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। खेल सप्ताह के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अनुशासन, टीमवर्क तथा खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

समारोह में प्राचार्य एवं डीन डॉ. आरएन शुक्ला, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. पंडित शामराव पवार, विभागाध्यक्ष डॉ. अमित भारद्वाज, डॉ. संथानम संपथ, प्रोफेसर डॉ. अदिति, डॉ. राजीव, डॉ. बीजे प्रदीप, डॉ. बिंदु शर्मा, डॉ. प्रिया सहित संकाय सदस्य उपस्थित रहे। स्पोर्ट्स इंचार्ज डॉ. शादाब और स्पोर्ट्स टीचर अमन अवस्थी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में अहम भूमिका निभाई। पुरस्कार वितरण प्राचार्य और विभागाध्यक्षों द्वारा किया गया। इस दौरान डॉ. बीजे प्रदीप, डॉ. बिंदु शर्मा, डॉ. प्रिया, पीजी छात्र डॉ. वक़ार और डॉ. विक्की सहित अन्य छात्रों को उनकी खेल उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सुचारू संचालन इंटर्न डॉ. संचित पाठक, गौरी मिड़ा और चेतना गुप्ता ने सहयोगियों के साथ किया। संस्थान की उपलब्धियों में उल्लेखनीय योगदान देते हुए फाइनल ईयर की टियारा ने एआईआईएमएस पल्स फेस्ट में डिबेट और स्पीच में तीसरा स्थान प्राप्त किया। तीसरे वर्ष की अन्विता ने कला प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया और आईसीएमआर- एसटीएस प्रोजेक्ट 2025 के लिए चयनित हुईं। फाइनल ईयर के शिवांश श्रीवास्तव ने तैराकी प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया। समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि खेल गतिविधियां विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामूहिक कार्य की भावना विकसित करती हैं। समापन अवसर पर चांसलर डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, प्रो-चांसलर डॉ. अशोक अग्रवाल और वाइस-चांसलर डॉ. किरण अग्रवाल ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में स्पोर्ट्स वीक के समापन मौके पर छात्र और संकाय सदस्य।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत को बांग्लादेश बनाने की धमकी देने का आरोप, शिकायत

बदायूं, अमृत विचार : जिला फिरोजाबाद के गांव सुजायतपुर निवासी मुकेश कुमार ने सिविल लाइन पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह राजकीय मेडिकल कॉलेज से पैरामेडिकल से डिप्लोमा कर रहे हैं। जहां तीन लोग उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं। मंगलवार को उन तीनों ने मुकेश पर हमला किया। आरोप है कि उन्होंने भारत को बांग्लादेश बनाने और हिंदुओं को देश से भगाने की बात कही। मुकेश कुमार ने उन लोगों से अपनी जान का खतरा बताया है।

### लिखित परीक्षा और इंटरव्यू के बाद 47 अभ्यर्थियों का चयन

बदायूं, अमृत विचार : डेन्सो इंडिया लिमिटेड नोएडा कंपनी के द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सालारपुर कैंपस प्लेसमेंट आयोजित किया। इसमें कंपनी के प्रतिनिधि गोविंद सारस्वत के द्वारा कंपनी की जानकारी दी गई। 47 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस मौके पर कॉलेज प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार वार्ष्णेय, अजीत कुमार वर्मा, आनन्द मोहन पटेल, अजय सैनी आदि उपस्थित रहे।

### शाहजहांपुर क्राइम ब्रांच ने जब्त की संपत्ति

**बदायूं, अमृत विचार** : शाहजहांपुर की क्राइम ब्रांच की टीम ने कोर्ट के आदेश पर तकरीबन आठ महीने पहले मारपीट और फायरिंग के मामले में फरार चल रहे चार आरोपियों की संपत्ति कुर्क की है। परिजनों ने मामूली रूप से विरोध किया लेकिन पुलिस ने मामले को शांत करा लिया। क्राइम ब्रांच की टीम सहसवान कोतवाली पहुंची। स्थानीय पुलिस के सहयोग से मोहल्ला रुस्तम टोला के हरना तकिया निवासी सोहिल, कैफ, यासिर और फाजिल के घर का सामान जब्त किया। परिजनों को चेतावनी दी कि अगर आरोपियों ने सरेंडर नहीं किया तो कोर्ट के आदेश पर अचल संपत्ति जब्त की जाएगी।

### महिलाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी

**वितरोई, अमृत विचार** : थाना मुजरिया में प्रभारी निरीक्षक ज्योति सिंह, प्रभारी उप निरीक्षक योगराज सिंह, महिला कांस्टेबल मीनाक्षी आदि ने महिलाओं की समस्याएं सुनी। साथ ही समाधान का आश्वासन दिया गया। महिलाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी भी दी गई।

### रात भर जगमग रहेगा रोड, लोगों व अधिकारियों को नहीं होगी परेशानी

# कचहरी रोड पर लगी स्ट्रीट लाइटों ने बढ़ाई रौनक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



खंभे पर तिरंगा लाइट लगाता कर्मचारी। ● अमृत विचार

- नगर पालिका ने खर्च किए दस लाख रुपये

**अमृत विचार** : नगर पालिका प्रशासन ने कचहरी रोड पर करीब 10 लाख की कीमत से खंभे और लाइटें लगा कर रोड को रोशन किया है। गुरुवार को खंभों पर लाइट और तिरंगे की झालर लगाने का काम पूरा हो गया। अब से यह रोड हर समय जगमग रहेगा जिससे लोगों और अधिकारियों को इधर से गुजरने में परेशानी न हो।

परशुराम चौक से कलेक्ट्रेट चौराहे तक रोड पर प्रशासनिक व न्याय विभाग के अधिकारियों का हर समय आना जाना रहता है। इस रोड पर भीड़ अधिक होने के कारण डिवाइडर बनाया गया था, लेकिन रात के समय रोड पर अंधेरा रहता था।

इससे अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ ही आम जनता के आने जाने में दिक्कत होती थी। नगर पालिका प्रशासन को इसके बारे में नक्शा तैयार कर रोड पर लाइट लगाने की जिम्मेदारी दी गई। पालिका प्रशासन ने करीब 20 दिन पहले इस रोड पर काम शुरू किया। अब खंभे लगाए जा चुके हैं। खंभों पर लाइटिंग भी हो गई। गुरुवार को पालिका कर्मियों ने सभी साठ खंभों पर स्ट्रीट लाइट लगा कर तिरंगा के रंग की लाइटिंग भी फिट कर दी। जिला प्रशासन के आदेशानुसार गुरुवार से ही रात को सभी खंभों पर लाइट जलेगी जिससे रोड रात भर जगमग रहेगा।

#### कलेक्ट्रेट चौराहे से तीनों रोडों पर होगी लाइटिंग

कलेक्ट्रेट चौराहे से तीनों दिशाओं में इसी तरह की लाइटिंग की जाएगी। इससे किसी भी रोड पर जाने में दिक्कत न हो। जेल रोड पर भी लाइटिंग किए जाने का प्रस्ताव है, जबकि कलेक्ट्रेट से जिला पंचायत की ओर जाने वाली सड़क पर विशेष रूप से लाइटिंग की जाएगी। चौराहे पर किधर से भी आने पर भव्य रोशनी मिलेगी, लेकिन इन तीनों रोडों पर कुछ दिन बाद काम शुरू किया जाएगा। अभी केवल डिवाइडर वाले रोड पर ही लाइटिंग की गई है।

# 'तुलसी का महत्व है प्रभावशाली'

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



कार्यक्रम के दौरान खुशी मनाती महिलाएं। ● अमृत विचार

- संगठनों की ओर से वैभव लॉन में आयोजित किया कार्यक्रम

**अमृत विचार** : अखिल भारतीय सर्व समाज महिला कुटुंब और अखिल भारतीय वैश्य महिला कुटुंब संगठन की ओर से वैभव लॉन में तुलसी पूजन कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। सदर विधायक की पत्नी विमलेश गुप्ता, पूर्व चेयरमैन दीपमाला गोयल, डॉ. गार्गी बुलबुल, डॉ. ममता नौगरिया ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया।

संगठन की संस्थापक अधिवक्ता डॉ. प्रतिभा गुप्ता ने बताया कि उनके विद्यालय सेंट स्टीफेंस एकेडमी में तुलसी के पौधों की वह तीन महीने तक निष्ठा व सेवाभाव से रोपण करके तैयार करती हैं। इसके बाद पौधों के गमले का रंग रोगन करके बदायूं लाया जाता है। यहां संगठन की महिलाएं तुलसी के पौधों को चुनरी उड़ाती हैं। भव्य कार्यक्रम करके तुलसी के 150 से 200 पौधों का वितरण किया जाता है। औषधीय रूप में भी तुलसी का महत्व प्रभावशाली है। संस्था की अध्यक्ष डॉ. ममता नौगरिया ने कहा कि सभी को तुलसी माता का महत्व समझना चाहिए। आयोजन में डॉ. दीप्ति जोशी, मंजू गुप्ता, आभा गोयल, एकता गुप्ता, पूनम रस्तोगी, शलभ का पूरा सहयोग रहा। डॉ. उमा सिंह गौड़, डॉ. लवीना, रीना गुप्ता, डॉ. सरला चक्रवर्ती, ममता, शशि सिंह, सुनीति शर्मा, सुमन लता, महिषा सिंह, मंजुल शंधखार, इंदिरा अरोड़ा, भावना गुप्ता, दीप्ति गुप्ता, रेखा गुप्ता, मधुरिया रस्तोगी, कंचन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया क्रिसमस

### प्रभु यीशु के जन्मदिन पर गिरजाघरों में जुटे मसीही समाज के लोगों ने की प्रार्थना, रात में काटा केक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



प्रार्थना सभा में उपस्थित मसीही समाज के लोग। ● अमृत विचार



मैथोडिस्ट चर्च में कैरोल गाते बच्चे। ● अमृत विचार

- घरों में लोगों ने क्रिसमस-ट्री सजाया, एक-दूसरे को गले मिलकर दी बधाई

**अमृत विचार** : क्रिसमस गुरुवार को जनपद भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गिरजाघरों में प्रार्थना सभाएं आयोजित हुई। मसीही समाज के लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी। साथ ही केक व मिष्ठान का वितरण किया। बाजार में दुकानों पर भी केक व मिष्ठान खरीदने के लिए लोग की भीड़ देखी गई। शहर के प्रमुख चर्चों में प्रभु यीशु के पैदा होने पर विशेष प्रार्थनाएं हुईं। मसीही समाज के लोगों ने अपने घरों में क्रिसमस-ट्री सजाया। उपहार बांटे। सोशल मीडिया पर बधाई संदेश साझा किए।

शहर के इंद्रा चौक स्थित मैथोडिस्ट चर्च में गुरुवार को सुबह 8 बजे से ही मसीही समाज के लोग पहुंचने लगे। चर्च परिसर को रंगीन झालरों के साथ ही रंग बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया है। चर्च परिसर में सुबह 10 बजे से प्रार्थना सभा शुरू हुई, जो शाम तीन बजे तक चलती रही। चर्च के फादर ईपी सिंह ने प्रभु यीशु का संदेश सभी को दिया। उन्होंने एक दूसरे के प्रति प्रेम व सौहार्द रखने के लिए प्रेरित किया। वहीं मौके पर मौजूद लोगों ने अपने तरीके से प्रभु यीशु को याद किया। प्रभु यीशु की याद में लोगों ने गीत प्रस्तुत किए। इसके अलावा और पुलिस लाइन स्थित कैथोलिक चर्च में क्रिसमस का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। कैथोलिक चर्च के फादर ने प्रभु यीशु मसीह के बताए रास्ते पर चलने का संदेश दिया। प्रार्थना के बाद चरनी पर लेटे प्रभू यीशु का धर्मावलंबियों ने चुंबन लिया। इससे पहले बुधवार की मध्य रात्रि घड़ी की सूई जैसे ही 12 पर पहुंची सभी चर्चों में घंटियां बजने लगी। प्रभु यीशु के जन्म लेते ही जन्मोत्सव समारोह कार्यक्रम प्रारंभ हो गए। प्रभु यीशु की जयकार के साथ मसीही समुदाय के लोगों ने एक-दूसरे को क्रिसमस की बधाईयां दी। वहीं दूसरी ओर प्रभु यीशु के जन्म पर्व के अवसर पर गिरजाघरों में मसीही समाज के लोग सज-धजकर नए कपड़ों में दिखाई दी। उन्होंने एक दूसरे के साथ गले मिले कर त्योहार की बधाई दी।

### जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया

राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, राजस्थान के सह प्रभारी और उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व सदस्य मनोज मसीह के आवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मनोज मसीह, डीसीबी चेयरमैन जेके सक्सेना ने जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया। अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री यश मसीह, न्यूट्रीशियन एंड फिटनेस कोच रिषभ मसीह मौजूद रहे।



महिला को कंबल बांटते अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य मनोज मसीही व अन्य।

# रामायण भवन पर किया तुलसी का पूजन दिवस

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : जिले में तुलसी पूजन दिवस धूमधाम से मनाया गया। कस्बा वजीरगंज स्थित रामायण भवन पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें लोगों ने सामूहिक तुलसी पूजन किया। साथ ही उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में मेरठ से आए आचार्य देव शरण पाठक ने लोगों को तुलसी पूजन कराया। आचार्य ने तुलसी पूजन संपन्न कराने के बाद आरती उतारी। आचार्य ने कहा कि तुलसी केवल एक पौधा नहीं है बल्कि तुलसी संपूर्ण धरा के लिए वरदान है। अत्यंत उपयोगी औषधि है। मात्र इतना ही नहीं यह तो मानव जीवन के लिए अमृत है। शारीरिक लाभ के साथ ही तुलसी का धार्मिक, आध्यात्मिक, पर्यावरण एवं वैज्ञानिक दृष्टि से भी विशेष महत्व है। वैसे तो तुलसी जी पांच प्रकार की होती है, लेकिन अपने क्षेत्र में प्रायः रामा और श्यामा तुलसी जी अधिक मात्रा में पाई जाती हैं। तुलसी जी के पत्तों का सेवन करने से सैकड़ों रोगों का शमन होता है। तुलसी का पूजन करने से हमारे सभी पापों का नाश होता है। साथ ही सुख एवं समृद्धि प्राप्त होती है।



तुलसी की पूजा करते लोग। ● अमृत विचार

# भाजपा कार्यालय पर संगठन की मजबूती का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



हर प्रसाद सिंह पटेल का स्वागत करते केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा व अन्य।

- भाजपा कार्यालय पर आयोजित किया स्वागत और अभिनंदन कार्यक्रम

**अमृत विचार** : भारतीय जनता पार्टी ने जिले के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का जिला भाजपा कार्यालय पर स्वागत व अभिनंदन किया। केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता व जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव ने राष्ट्रीय परिषद के सदस्य हर प्रसाद सिंह पटेल, प्रांतीय परिषद सदस्य शेखूपुर से पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य, बिसौली से डॉ. अरुण प्रकाश, बिल्सी से अजय तोमर, दातागंज से रजनी मिश्रा, बदायूं से जितेंद्र कश्यप, सहसवान से विजय पाल चौधरी का माल्यार्पण करके स्वागत किया।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठनात्मक मजबूती पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के अनुभव और नेतृत्व से भाजपा संगठन को नई मजबूती मिलेगी। पार्टी कार्यकर्ता केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अशोक भारतीय, राणा प्रताप सिंह, बुद्ध पाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# नपं अध्यक्ष सहित तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज

- ई- निविदा प्रक्रिया में छेड़छाड़ करने का आरोप
- तिथियों में बदलाव किया शासकीय कार्य में बाधा डाली

**बदायूं, अमृत विचार**: अलापुर नगर पंचायत अध्यक्ष की मुसीबतें कम नहीं हो पा रही हैं। पहले शासकीय धनराशि का दुरुपयोग करने पर वित्तीय पावर छीन गई थी। जिसे हाईकोर्ट के आदेश पर बहाल किया गया। अब ई-निविदा प्रक्रिया में छेड़छाड किए जाने के आरोप में नगर पंचायत अध्यक्ष तीन पर अलापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई है।

अधिशासी अधिकारी त्रिवेंद्र कुमार ने बताया कि ई-निविदा प्रक्रिया में कथित छेड़छाड़ के मामले में नगर पंचायत अध्यक्ष हुमा बी, उनके पति फहीम उद्दीन और लिपिक गार्गी गुप्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। बताया कि उनके द्वारा मेरे हस्ताक्षर स्कैन कर फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए थे। इससे ई-निविदाओं की तिथियों में बदलाव किया गया। शासकीय कार्य में बाधा डाली गई। इस प्रकरण की जांच सीओ उझानी द्वारा की जा रही है। इस संबंध में चेयरमैन पति फहीमुद्दीन ने बताया कि उन्हें राजनीतिक द्वेष के कारण परेशान किया जा रहा है। इसी के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। डीआईजी बरेली रेंज को पत्र लिखकर निष्पक्ष जांच करने के लिए मांग की है।

# बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

संवाददाता, दातागंज



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।



कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक।

- सत्यवती मेमोरियल इंटर कॉलेज ढिलवारी के संस्थापक का मनाया जन्मोत्सव

**अमृत विचार** : पं. दीनदयाल उपाध्याय सत्यवती मेमोरियल इंटर कॉलेज ढिलवारी में विद्यालय के संस्थापक स्व. रामपाल सिंह का 94 वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

विधायक राजीव कुमार सिंह ने विद्यालय में अपने पिता स्व. रामपाल सिंह की समाधि पर परिजनों के साथ हवन पूजन कर उन्हें स्मरण करते हुए पुष्प अर्पित किए। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम आरंभ किया। छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं खेल कूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के विजयी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

अतिथियों एवं पत्रकारों को शाल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किये गए। कार्यक्रम में डॉ. अरविन्द कुमार सिंह, उनकी पत्नी निर्मला सिंह, विनय कुमार सिंह, रश्मि सिंह, विधायक की पत्नी सुधा सिंह, शिव कुमार सिंह, विधायक के पुत्र ब्लॉक प्रमुख अतेन्द्र विक्रम सिंह, जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष ठा. रविन्द्र पाल सिंह, अशोक कुमार सिंह, चेयरमैन नैना गुप्ता के पति अनूप गुप्ता, चेयरमैन उसहैत नबाब हसन, प्रधान मझारा आदित्य प्रताप सिंह, माखन सिंह, विजय कुमार सिंह, आईटी के जिला संयोजक देवेश तोमर, राजीव तोमर, छोटे सिंह, अनुपम सिंह, आदि मैजूद रहे।

**समस्या** गुरुवार को सुबह 7 बजे रेलवे स्टेशन पर पहुंचे यात्रियों को हुई ट्रेन न आने की जानकारी

# सुबह चलने वाली कासगंज-लालकुआं ट्रेन बंद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



ट्रेन के इंतजार में बैठे यात्री। ● अमृत विचार

- रेल प्रशासन ने 31 जनवरी तक ट्रेन को किया बंद, कोहरा बना मुसीबत

**अमृत विचार** : कोहरे को देखते हुए रेलवे प्रशासन इज्जतनगर ने स्टेशन से सुबह कासगंज लालकुआं के बीच सुबह को चलने वाली ट्रेन को 31 जनवरी तक के लिए रद्द कर दिया है। इससे सुबह को आने जाने वाले दैनिक यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

रेलवे प्रशासन ने 24 दिसम्बर को दो ट्रेनें कुछ समय के लिए रद्द की हैं। इनमें एक कासगंज लालकुआं है जो सुबह 6 बजे कासगंज से चलकर बदायूं 6:30 बजे पहुंचती थी, इस ट्रेन से छात्र और नौकरीपेशा लोग बरेली कासगंज को आते जाते थे। यह ट्रेन रेलवे प्रशासन द्वारा कोहरे के चलते 31 जनवरी 2026 तक के लिए स्थगित कर दी है। दूसरी ट्रेन काशीपुर कासगंज के बीच चलती थी उसे भी 31 जनवरी 2026 तक के लिए स्थगित किया गया गया है।

उक्त दोनो ट्रेनो के स्थगित होने से यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है।

गुरुवार को सात बजे रेलवे स्टेशन पर पहुंचे यात्रियों को पता चला कि अब साढ़े 7 बजे वाली ट्रेन आज से नहीं चलेगी। यात्रियों ने कहा कि इसके बारे में उन्हें जानकारी नहीं थी। इसी तरह दैनिक यात्रियों को भी गुरुवार को ट्रेन के बारे में पता चला तो हैरान रह गए।

बरेली से व्यापार करने वाले लोगों ने कहा कि रेलवे प्रशासन को सुबह वाली ट्रेन स्थगित नहीं करनी चाहिए थी। इस ट्रेन से बरेली का आना जाना सुबम था इसलिए अधिकांश दुकानदार इसी ट्रेन से आते जाते थे। अब बस से आना जाना होगा। अधिक किराया देना होगा समय भी अधिक लगेगा।

#### सप्ताह में तीन दिन चलती है आगरा फोर्ड

रेलवे प्रशासन की ओर से बताया गया कि इज्जत नगर बरेली द्वारा दोनों ट्रेनें स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। अब अगले आदेश तक दोनों ट्रेनें 31 जनवरी तक नहीं चलेगी। बताया कि बरेली कासगंज के बीच कुल पांच जोड़ी ट्रेनें चलती हैं इनके अतिरिक्त दो ट्रेन साप्ताहिक है जबकि आगरा फोर्ड सप्ताह में तीन दिन चलती है।

# कैंप में जमा किए 25.8 लाख रुपये

संवाददाता, बिल्सी



विद्युत कैंप में बिल जमा करते उपभोक्ता। ● अमृत विचार

- बिल्सी में मुख्य अभियंता ने विद्युत कैंपों का किया निरीक्षण

**अमृत विचार** : मुख्य अभियंता द्वितीय राघवेंद्र सिंह बरेली एवं अधीक्षण अभियंता चंद्रशेखर ने बृहस्पतिवार को बिल्सी उपखंड कार्यालय पर लगाए गए विद्युत कैंप का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कैंप में की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी ली और कर्मचारियों को उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्र के गांव नगला डल्लू में लगे कैंप का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बिल्सी कस्बे में विभिन्न स्थानों पर लगे ट्रांसफार्मरों की जांच की और विद्युत आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने विद्युत चोरी में मिल रही छूट व विद्युत बिल समाधान योजना के तहत अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को लाभ दिलाने के लिए कस्बे में उपभोक्ताओं से संपर्क किया। मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता ने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि विद्युत बिल समाधान योजना में और अधिक तेजी लाई जाए, ताकि ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ता योजना का लाभ उठा सकें और बकाया राजस्व की वसूली हो सके। अधिकारियों ने बताया कि बिल्सी उपखण्ड के अंतर्गत लगाए गए कैंपों में कुल 246 उपभोक्ताओं ने 25.8 लाख रुपये जमा कराए। इस मौके पर उपखण्ड अधिकारी जयप्रकाश राजपूत, अवर अभियंता गजेंद्र पाल सिंह समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# एक जेसीबी और दो ट्रैक्टर-ट्राली किए सीज

**कादरचौक, अमृत विचार**: खनन अधिकारी ने मिट्टी खनन में लिप्त एक जेसीबी और दो ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ ली। वाहनों को सीज करते हुए संबंधित थाने में खड़ा करा दिया है।

खान अधिकारी गुलशन कुमार ने बताया कि जानकारी मिली थी ब्लाक कादरचौक के गांव रमजानपुर में खनन माफियाओं द्वारा जेसीबी मशीन का उपयोग कर अवैध रूप से खनन किया जा रहा था। मिट्टी का खनन बिना वैध अनुमति के चल रहा था। मौके से एक जेसीबी और दो ट्रैक्टर टाली को पकड़ा। इनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए सीज कर दिया है। पकड़े गए सभी वाहनों को कादरचौक थाना परिसर में खड़ा करवा दिया गया है। खनन विभाग की इस कार्रवाई से कादरचौक क्षेत्र में मिट्टी और बालू अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया है।

**न्यूज ब्रीफ**

### भाकियू टिकैत की महापंचायत आज जुटेंगे किसान

**बदायूं, अमृत विचार :** बाजरा और धान खरीद केंद्र बंद करने के विरोध में धरने पर बैठे भाकियू टिकैत के किसान का शुक्रवार को महापंचायत होगी। इसके लिए किसानों ने जिले भर में भ्रमण कर किसानों को कलेक्ट्रेट पर पहुंचने का आवाहन किया है। भाकियू टिकैत के जिला अध्यक्ष रामाशंकर शंखधार ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा समय से पहले ही बाजरा और धान खरीद केंद्र बंद कर दिए जिससे किसानों के अनाज की बिक्री नहीं हो सकी। किसान परेशान है। इसलिए किसानों ने धरना प्रदर्शन शुरू किया है। कई दिनो से मालवीय आवास गृह पर धरना किया जा रहा है। शुक्रवार को किसानों की महापंचायत होगी। जिसमें जिले भर के किसान मौजूद रहेंगे। किसानों को खाने का प्रबंध भी किया गया है।

### 35 लोगों ने लिया ओटीएस का लाभ

**बदायूं, अमृत विचार :** बिसौली स्थित विद्युत वितरण खंड कार्यालय पर कैंप लगा। जिसमें लोगों की समस्याओं का समाधान किया। इस दौरान 135 उपभोक्ताओं ने ओटीएस का लाभ लिया। अधिशासी अभियंता नरेंद्र चौधरी ने बताया कि विद्युत उपभोक्ता सरकार की एक मुफ्त समाधान योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सकते हैं। वहीं नगर में बकाएदारों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान 210 बकायेदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। लगभग पन्द्रह लाख रुपए की राजस्व बसूली की गई। इस दौरान जेई मो. मियां कुरैशी, जेई दिनेश कुमार, कमलेश कुमार, संगम, अनिल, उमेश, नवीन, मोहसिन रजा, एजाजुद्दीन आदि उपस्थित रहे।

### सड़क से हटाई गंदगी लोगों की समस्या दूर

**बदायूं, अमृत विचार :** नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा नालों से निकाली गई गंदगी को सड़क पर डाल दिया गया था जिसे बुधवार को हटा दिया गया। सड़क पर पड़ी गंदगी हट जाने से लोगों ने राहत की सांस ली है। चार दिन पूर्व इंदिरा चौक के निकट नाले की सफाई की गयी थी। सफाईकर्मियों ने नाले की गंदगी निकाल कर सड़क पर डाल दी थी जिससे इधर से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी हो रही थी बुधवार को सफाई कर्मियों ने गंदगी को उठा लिया जिससे रोड साफ हो गया।

## प्रधानमंत्री चर्चा कार्यक्रम में परिषदीय स्कूलों के बच्चे भी होंगे शामिल

# 11 जनवरी तक लिए जाएंगे आवेदन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 जनवरी को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में छात्र-छात्राओं से परीक्षा की तैयारियों के संबंध में संवाद करेंगे। कार्यक्रम में माध्यमिक के साथ-साथ परिषदीय स्कूलों के बच्चे भी शामिल होंगे। आवेदन 11 जनवरी तक होंगे। इसमें अब तक करीब सवा लाख से अधिक आवेदन होंगे।

प्रधानमंत्री का परीक्षा पे चर्चा का 9वां संस्करण है। इसमें प्रतिभाग करने के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। शासन की ओर से 11 जनवरी तक माध्यमिक और बेसिक शिक्षा से संबद्ध विद्यालयों को ऑनलाइन पंजीकरण कराने

**• बीएसए ने सभी बीईओ से बच्चों के आवेदन के लिए दिए निर्देश**

का दिशा निर्देश जारी किया गया है। कार्यक्रम के तहत पोर्टल पर ऑनलाइन एमसीक्यू प्रतियोगिता हो रही हैं। कार्यक्रम के लिए कक्षा छह से 12 तक के छात्र, और उनके अभिभावक, शिक्षक भाग ले सकेंगे। शासन की ओर से माध्यमिक शिक्षा विभाग को 97821 विद्यार्थियो, शिक्षकों और अभिभावकों का ऑनलाइन पंजीकरण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वहीं बेसिक शिक्षा परिषद को 1,13121 पंजीकरण कराने का लक्ष्य दिया गया है। यह पहली बार की है कि प्रधानमंत्री के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा से संबद्ध

> प्रधानमंत्री के परीक्षा कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराया जा रहा है। अधिक से अधिक पंजीकरण कराने के आदेश शिक्षकों और खंड शिक्षा अधिकारियों को दिए गए हैं।
>
> – **वीरेंद्र कुमार सिंह**, बीएसए

विद्यालयों के बच्चों से भी आवेदन मांगे गए हैं। माध्यमिक शिक्षा विभाग को मिला लक्ष्य पूरा हो चुका है, लेकिन बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों की स्थिति खराब है। अब तक 20 प्रतिशत ही विद्यार्थियों का ऑनलाइन पंजीकरण हो सका है। जिस पर बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों को मिले लक्ष्य के सापेक्ष ऑनलाइन पंजीकरण कराने के आदेश दिए हैं। साथ ही लक्ष्य पूरा न होने पर कार्रवाई किए जाने की भी चेतावनी दी है।

## देश को तरक्की की राह पर लाने में अटल जी का रहा योगदान

**विजय नगला, अमृत विचार :** भारत रत्न एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का जन्मदिवस का कस्बा स्थित शिव मंदिर पर धूमधाम से मनाया गया। भाजपा पदाधिकारियों सहित अन्य लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। साथ ही उनकी यादों को साझा किया।

मंडल अध्यक्ष रामचरण पाल ने पूर्व प्रधानमंत्री के आदर्श पर चलने के लिए लोगों को प्रेरित किया। आदेश शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने देश को तरक्की की राह पर लाने का उनका बहुत बड़ा योगदान है। इस मौके पर मंडल महामंत्री धीरेंद्र प्रताप सिंह, सत्य बाबू साहू, यादराम मौर्य, धीरज साहू, दीपक चौहान, बबलू सिंह, अनुज कुमार सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रार्थना, नियम और प्रतिज्ञा के बारे में जाना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** कादरचौक के राम प्रकाश सोहन देवी इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का आरंभ हुआ। बच्चों को स्काउटिंग आंदोलन, प्रार्थना, नियम, प्रतिज्ञा, झंडा गीत, ध्वज शिष्टाचार, टोली विधि और टोली सदस्यों की जिम्मेदारियां सौंपी गई। जल, जंगल और जमीन के संरक्षण का संकल्प लिया। प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के कौशल, सैल्यूट और विभिन्न ड्रिल की विस्तृत ट्रेनिंग दी गई।

विद्यालय प्रबंधक अजनेश यादव ने कहा कि स्काउटिंग बच्चों में कर्त्तव्य, अनुशासन, राष्ट्र प्रेम और मानव सेवा का भाव जागृत करती है। कठिन परिस्थितियों में भी दूसरों की सहायता के लिए तैयार रखती है। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि स्काउट के



स्काउट एवं गाइड को मीनार बनाने का प्रशिक्षण दिया।

**• कादरचौक के राम प्रकाश सोहन देवी इंटर कॉलेज में स्काउट एवं गाइड ट्रेनिंग शुरू**

लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। अगर युवा स्काउटिंग की भावना को जीवन में उतार लें तो कोई भी चुनौती देश की प्रगति को रोक नहीं सकती। सेवा ही सच्ची पूजा है और राष्ट्र प्रेम ही सबसे बड़ा गौरव है। सहायक अध्यापक बबलेश यादव ने कहा कि युवा श्रेष्ठ चिंतन और सद्भाव जागृत करें। अपनी जिम्मेदारियों को समझें संकट घड़ी में दूसरों की सहायता कर अपना कर्तव्य निभाएं। वरिष्ठ शिक्षक राहुल यादव, कल्लू सिंह, अजीत यादव के नेतृत्व में बाढ़, भूकंप, आगजनी जैसी आपदाओं में बचाव कार्य, आपातकालीन संचार, गैजेट तैयार करना, समूह अनुशासन और नेतृत्व क्षमता, मीनारों जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियों का अभ्यास किया। राहुल कुमार, रिंकू सिंह, वारिस सलमानी, ममता, मीना, नेहा, रूबी, मोनी, सरियल, सरिता, गुंजन, पिंकी आदि मौजूद रहे।

# अटल के सपनों का भारत साकार कर रहे मोदी

## अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर बोले केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा, चित्र पर अर्पित की पुष्पांजलि

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में अटल जन्म शताब्दी वर्ष के अंतर्गत भाजपा कार्यालय पर कार्यक्रम हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन, विचारों और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान पर आधारित प्रदर्शनी का आरंभ मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव व पदाधिकारियों ने किया। जिले के हर बूथ स्तर पर अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। उनके विचारों और सुशासन के आदर्शों पर चर्चा की।

प्रदर्शनी में अटल बिहारी वाजपेयी के राजनीतिक जीवन, कवि व्यक्तित्व, सुशासन, विकासात्मक निर्णयों एवं राष्ट्र निर्माण में उनकी ऐतिहासिक भूमिका को चित्रों एवं विवरणों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। मुख्य अतिथि ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के युगपुरुष थे। जिन्होंने देश को स्थिर, सशक्त और



प्रदर्शनी का अवलोकन करते केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा व अन्य।

दूरदर्शी नेतृत्व प्रदान किया। पोखरण परमाणु परीक्षण, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना एवं राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने वाले निर्णय उनके दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश अटल के विचारों को आत्मसात करते हुए विकसित भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी सिर्फ एक राजनेता नहीं, बल्कि एक विचारधारा थे। उन्होंने जनसंघ से लेकर भाजपा तक संगठन को सशक्त किया और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। साथ ही उन्होंने बताया कि यह प्रदर्शनी युवाओं और आमजन के लिए प्रेरणास्रोत है। जो एक सप्ताह तक आमजन के अवलोकन हेतु खुली रहेगी। सदर विधायक ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने राजनीति में शुचिता, नैतिकता और जनहित को सर्वोपरि रखा। उन्होंने संवाद और सहमति की परंपरा को स्थापित किया। जिससे लोकतंत्र और मजबूत हुआ और देश में स्थिरता आई। उनके आदर्श आज भी राजनीतिक नेतृत्व और समाज सेवा के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। हरप्रसाद सिंह पटेल, उमेश राठौर, राणा प्रताप सिंह, एमपी सिंह राजपूत, बुद्ध पाल सिंह, डॉ. अरुण प्रकाश, सुधीर श्रीवास्तव, वीरेंद्र राजपूत, अनेक पाल सिंह, विश्वजीत गुप्ता, रजनी मिश्रा, विजय पाल चौधरी, अजय तोमर, जितेंद्र कश्यप, शैलेन्द्र शर्मा, रानी सिंह पुंडीर, सुरजीव गुप्ता, अंकित मौर्य, अजय मथुरिया अनुभव उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।




प्रतियोगिता के विजेता को सम्मानित करते सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता व अन्य।

### विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**बदायूं, अमृत विचार :** अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी समारोह के सात दिवसीय कार्यक्रम का आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय में समापन हो गया। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, एडीएम प्रशासन अरुण कुमार ने जिला स्तरीय भाषण, निबंध, काव्य पाठ प्रतियोगिता के पहले तीन विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर और नगर पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया।कार्यक्रम का आरंभ सदर विधायक, एडीएम प्रशासन, विशिष्ट अतिथि प्रभारी सीडीओ अखिलेश चौबे, डीआईओएस लालजी यादव, प्राचार्य लेफ्टिनेंट डॉ. श्रद्धा गुप्ता ने पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। भाषण प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त करने वाले अनूप सिंह को 10 हजार रुपये, दूसरे विजेता सुदेश को 5 हजार, तीसरे विजेता कुणाल शर्मा को 2500 रुपये का चेक दिया गया। पूर्व प्रधानमंत्री की जीवनी व कविताओं पर आधारित काव्य पाठ की विजेता शगुन शर्मा, दूसरे विजेता अरुण सिंह, तीसरी विजेता सुमन और निबंध प्रतियोगिता के विजेता वशिष्ठ पाल, योगेंद्री कुमारी, सेबी को भी नगर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। डॉ. रविंद्र सिंह यादव, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. बबीता यादव, डॉ. सतीश सिंह यादव, डॉ. हुकुम सिंह, डॉ. संजीव राठौर, डॉ. गौरव कुमार सिंह, डॉ. संजय कुमार, डॉ. दिलीप वर्मा, डॉ. जुनेद आलम आदि मौजूद रहे।

## गौटिया रामनरयन व दुधारी में बच्चों को बांटे गए कपड़े

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** विधानसभा दातागंज क्षेत्र के गांव दुधारी और गौटिया रामनरयन में बच्चों को कपड़े देकर सम्मानित किया।
समाजसेवी आरती कश्यप ने बालकों को स्वेटर व पेंट-शर्ट और बालिकाओं को सलवार-शूट व स्वेटर वितरित किए। कुछ बच्चों को यूनिफॉर्म का भी वितरण किया गया। बच्चों को मेहनत और लगन के साथ पढ़ने को प्रेरित किया। इसके अलावा उन्होंने गंगा एक्सप्रेस वे किनारे बच्चों को भी कपड़े बांटे। पूजा कश्यप, बुद्धो, मोरपाल, नरेश कश्यप, अजीत कश्यप, सुबोध सिंह, सुखपाल, भूपराम, यशपाल, महेश कश्यप, प्रभु, मैकू, नरेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

### गल्ला व्यापारियों ने 50 जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**बिल्सी, अमृत विचार :** स्थानीय गल्ला मंडी में बृहस्पतिवार को व्यापारियों की ओर से सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कड़ाके की ठंड को देखते हुए आयोजित इस कार्यक्रम में 50 असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किए गए। व्यापारी मनोज कुमार जैन ने कहा कि ठंड के मौसम में गरीब एवं असहाय लोगों को राहत पहुंचाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। योगेश वार्ष्णेय, संजीव माहेश्वरी, उमेश बाबू गुप्ता, अजीत सिंह गुर्जर, गौरव वार्ष्णेय, योगेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।



गांव में बच्चे को कपड़े वितरित करतीं समाजसेवी आरती कश्यप। • अमृत विचार

# चाइल्ड लाइन के बारे में बताया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मिशन इंग्लिश स्कूल में क्रिसमस कार्निवल 2025 का दूसरा दिन सर्वधर्म सम्मेलन की थीम पर मनाया गया। बच्चों ने भावपूर्ण व मनमोहक प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने बाल सुरक्षा, कन्या सुमंगला योजना और चाइल्ड लाइन के बारे में विस्तार से बताया।

डॉ. आसमा इम्तियाज ने कहा कि सभी को सुंदर प्रकृति में अपने नैतिक मूल्यों को जिंदा रखते हुए समाज में शांति की स्थापना करनी है। वीरेश वार्ष्णेय ने कहा कि हिंदू धर्म का अर्थ विभिन्न तरह से पूजा पद्धति करना नहीं है बल्कि सनातन धर्म है। जिसका कोई अंत नहीं है। धर्म हमें सिखाता है कि सारी धरती एक परिवार है और हम



कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को शॉल उड़ाकर किया गया सम्मानित। • अमृत विचार

**• मिशन इंग्लिश स्कूल में आयोजित किया क्रिसमस कार्निवल**

सबको मिलजुल कर इस धरती को स्वर्ग बनाना है। जब-जब धरती पर पाप बढ़ता है भगवान विष्णु प्रकट होकर पापियों का विनाश करते हैं। ईसाई धर्म गुरु के रूप में मौजूद पास्टर रजनीश कुमार ने क्रिसमस का संदेश दिया और सभी के लिए प्रार्थना की कि आने वाला साल हम सभी लिए खुशी लेकर आए। विशिष्ट अतिथि अस्पताल निदेशक, मेडिकल सर्विस सोसायटी, इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के अध्यक्ष डॉ. इतिहाद आलम ने स्कूल की तारीफ की। उन्होंने और ब्लूमिंगडेल स्कूल की प्रबंधक पम्मी मेंहदीरत्ता ने प्रबंध निदेशक शोभा फ्रांसिस व प्रधानाचार्य अनु सक्सेना को शुभकामनाएं दी। मैरीस वेलफेयर सोसायटी, उत्तराखंड के उपाध्यक्ष कमलेश पांडेय ने शॉल उड़ाकर सम्मानित किया। तूलिका वैश, अमन सलीम आदि उपस्थित रहे।

# 26 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा रुद्र महायज्ञ

**बदायूं, अमृत विचार :** रुदायन में हर साल होने वाला प्रसिद्ध संत खटपटिया की पुण्यतिथि पर होने वाला धार्मिक महोत्सव शुरू हो गया है। पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई। 26 दिसंबर से रुद्र महायज्ञ शुरू होगा।

नगर के प्राचीन शिव मंदिर पर प्रमुख महंत ब्रह्मचारी के गुरु व प्रसिद्ध संत श्रीश्री 1008 खट पटिया की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में मंदिर पर हर साल धार्मिक आयोजन होते हैं। इस आयोजन की शुरुआत कलश यात्रा से हुई है। महंत ब्रह्मचारी ने बताया कि खट पटिया की 32वीं पुण्यतिथि पर महायज्ञ होगा। इसके अलावा मंदिर परिसर में प्रख्यात कथा वाचक राघवानंद द्वारा राम कथा की अमृत वर्षा की जाएगी। जनवरी महीने में विशाल भंडारा कराया जाएगा।



धार्मिक महोत्सव के पहले दिन कलश यात्रा निकालते लोग। • अमृत विचार

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर गुप्ता, अनूप सिंह, अरविंद गुप्ता, अशोक शर्मा, रामवीर शर्मा, विद्यारतन चैधरी, डॉ. अजीत मोहन, नरेंद्र गुप्ता, चमन गुप्ता, गजेंद्र शर्मा, कमल सिंह यादव आदि उपस्थित रहे।

## बदायूं डायरी



### परिषदीय स्कूलों में मनाई पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती

**बदायूं, अमृत विचार :** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती एवं जन्म शताब्दी वर्ष के समापन के अवसर पर परिषदीय विद्यालयों में कार्यक्रम समारोह पूर्वक मनाया गया। परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती मनाई गई। उनके सुशासन विषय पर आधारित निबंध लेखन प्रतियोगिता, जीवन एवं उनकी प्रमुख कविताओं पर आधारित एकल काव्य व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें बच्चों के द्वारा पूर्ण मनोयोग से प्रतिभाग किया गया। विद्यालय में शिक्षकों द्वारा बच्चों को लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। साथ ही भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के कृतित्व एवं व्यक्तित्व के विषय में विस्तार से प्रकाश भी डाला।



### पूर्व प्रधानमंत्री को नमन कर श्रद्धा सुमन किए अर्पित

**कुंवर गांव/बिल्सी, अमृत विचार :** नगर पंचायत कार्यालय परिसर में बृहस्पतिवार को भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों और पंचायत कर्मचारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष पति अरविंद रावत, भाजपा पूर्व मंडल उपाध्यक्ष अनिल ठाकुर, देवेश सक्सेना, अजय सक्सेना, विजेंद्र पाल, गुड्डू गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। वहीं बिल्सी में भाजपा नेता शैलेंद्र शर्मा के आवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। नगर अध्यक्ष आदित्य माहेश्वरी, शैलेंद्र शर्मा, विवेक राठी, दीपक गुप्ता, सुधीर, अमित मिश्रा आदि मौजूद रहे।



### पंचायत कार्यालय पर हर्षोल्लास के साथ मनाई गई अटल जयंती

**उसहैत, अमृत विचार :** पंचायत कार्यालय पर सफाई कर्मियों ने मनाई अटल जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। सफाई कर्मियों व सभासदों ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर पुष्प अर्पित। इस दौरान सभासद अशोक शाक्य ने कहा अटल जी का पूरा जीवन देश की सेवा में समर्पित था। वह एक कुशल वक्ता, कवि और राजनीतिज्ञ थे। जिन्होंने लोकतंत्र के प्रहरी के रूप में देश का नेतृत्व किया और अपने कार्यकाल में देश के विकास में अमूल्य योगदान दिया। इस मौके पर राहुल कुमार वाल्मीकि, दुर्वेश कुमार विक्की, लाला राम, राहुल सैनी आदि उपस्थित रहे।



### भाजपा विधायक ने पूर्व प्रधानमंत्री को किया नमन

**दातागंज, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद कार्यालय पर अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाई गई। जिसमें उपस्थित रहे क्षेत्रीय विधायक राजीव कुमार सिंह ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण किया। भाजपा विधायक ने कहा अटल बिहारी वाजपेई का पूरा जीवन देश की सेवा में समर्पित रहा। वह एक कुशल वक्ता, कवि और राजनीतिज्ञ थे। जिन्होंने लोकतंत्र के प्रहरी के रूप में देश का नेतृत्व किया। और अपने कार्यकाल में देश के विकास में अमूल्य योगदान दिया। इस मौके पर जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष रविन्द्र पाल सिंह, चेयरमैन पति अनूप गुप्ता, माखन सिंह, रिशू चौहान, आदित्य प्रताप सिंह, मोनू गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने मनाई मालवीय जी सहित तीन हस्तियों की जयंती

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर गुरुवार को जिला उपाध्यक्ष सुरेश राठौड़ व शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्नालाल सागर के संयुक्त नेतृत्व में भारत रत्न चक्रवर्ती राजगोपालाचारी की पुण्यतिथि, पंडित मदन मोहन मालवीय व बिजली पासी की जयंती मनाते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर गोष्ठी का आयोजन कर उनको याद किया गया।

गोष्ठी में मुख्य वक्ता ओमकार सिंह ने कहा कि महामना मदन मोहन मालवीय काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रणेता तो थे ही और भारत के आदर्श पुरुष भी थे वह भारत के पहले और अंतिम व्यक्ति थे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुरेश राठौर, मुन्ना लाल सागर आदि मौजूद रहे।




कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर पंडित मदन मोहन मालवीय को याद करते कांग्रेसी।

# जयंती पर किया याद, माल्यार्पण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भगवान परशुराम जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में पंडित मदन मोहन मालवीय एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाई गई। उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया।

गुरुवार को मालवीय आवास गृह पर समिति अध्यक्ष कोशलानंद पांडेय, महामंत्री अजय मिश्रा, वरिष्ठ समाजसेवी राम बहादुर पांडे, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संजीव शर्मा व अश्विनी भारद्वाज ने संयुक्त रूप से महामना की प्रतिमा को दूध से स्नान कराकर माल्यार्पण किया।

महामंत्री व प्रदेश मंत्री राहुल चौबे ने कहा कि मालवीय अपने जीवन काल में पत्रकारिता, वकालत, समाज सुधार, मातृभाषा की उन्नति तथा देश सेवा में अपना जीवन अर्पण करने वाले इस युग



मदन मोहन मालवीय का जन्मोत्सव मनाते लोग। • अमृत विचार

**• महामना की प्रतिमा को दूध से स्नान कराकर माल्यार्पण किया**

के आदर्श पुरुष थे। शिक्षक नेता संजीव शर्मा ने कहा कि नवयुवकों के चरित्र निर्माण एवं भारतीय संस्कृति की जीवंतता को बनाए रखने के लिए मालवीय ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना की। वरिष्ठ समाजसेवी राम बहादुर पांडे ने छात्रों को चरित्रवान बनने की सीख दी। आचार्य रंजीत शास्त्री ने मुख्य यजमान राहुल चौबे-मधु बाला चतुर्वेदी एवं अन्य विप्रों द्वारा यज्ञ संपन्न कराया। राष्ट्रीय मंत्री सुरेंद्र कुमार पांडे, बरेली जिला अध्यक्ष गजेंद्र पांडे, अध्यक्ष कौशल आनंद, मुख्य वक्ता ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय मंत्री सुरेंद्र कुमार पांडे, कोशलानंद पांडेय, ब्रज क्षेत्र मंत्री रजनी मिश्रा, जिला अध्यक्ष अश्वनी भारद्वाज, बरेली जिला अध्यक्ष गजेंद्र पांडे, राम बहादुर पांडे आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### गोष्ठी में सीसी कैमरे लगवाने का आह्वान

**बदायूं, अमृत विचार :** सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय ने रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में उद्यमियों, व्यापारियों और व्यापार संगठनों के पदाधिकारियों के साथ गोष्ठी की। व्यापारियों से उनकी समस्याओं और सुझाव के बारे में जानकारी की। जिसके निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया है। सुरक्षा के मद्देनजर सभी व्यापारियों से उनके प्रतिष्ठान पर सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगवाने को कहा। इसके अलावा पुलिस के सहयोग और शहर की सुरक्षा व्यवस्था में मदद करने का आह्वान किया। व्यापारियों को साइबर जागरुकता अभियान के तहत साइबर क्राइम, ऑनलाइन धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट आदि से बचाव के लिए जागरूक किया। सदर कोतवाल संजय सिंह, सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

### बाइकों की भिड़ंत में दो युवक घायल

**म्याऊं, अमृत विचार :** थाना अलापुर क्षेत्र गांव के नगरिया चिकन में दो बाइकों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे में गांव टकसेना निवासी हरदेव और संजीव घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर एम्बुलेंस पहुंची। ईएमटी प्रदीप कुमार व पायलट शेर सिंह ने सतर्कता बरतत हुए मुंह से खून का रिसाव रोका।

### विकास के लिए बच्चों का शिक्षित होना जरूरी

**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव सुंदरनगर स्थित एसकेएलएम का पांचवां वार्षिकोत्सव बृहस्पतिवार को धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि भाजपा संगठन के मंत्री डीपी भारती ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित-माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही विकास की मुख्य धुरी है। जो क्षेत्र जितना अधिक शिक्षित होगा, उसका विकास भी उसी गति से होगा। इसलिए सभी अभिभावकों को चाहिए कि वह अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाएं। इससे पहले यहां बच्चों ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। उसके बाद सरस्वती वंदना पेश की। एमडी पीडी सिंह, प्रधानाचार्य रजनी शर्मा, डीएसओ एसपी शाक्य, एसडीएम न्यायिक रिपुदमन सिंह, डॉ. वीरेश पाल सिंह, ग्राम प्रधान मायादेवी, शैलेश सिंह, वेदव्यास शर्मा, सभासद राजीव माहेश्वरी, विवेक राठी, मृंगाक कुमार जैन, रामेश्वर शाक्य, मुकेश मौर्य, राजेंद्र माहेश्वरी, प्रशांत जैन, ब्रजेश पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# लूट का चौथा आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सिविल लाइन की रिगालिया गार्डन कॉलोनी में महिला को बंधक बनाकर की थी लूट

**अमृत विचार :** महिला को तमंचे के बल पर उसके घर में बंधक बनाकर लूटपाट करने के चौथे आरोपी 25 हजार रुपये के वांछित को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा, पांच खोखा कारतूस, घड़ी, चश्मा, लूटे गए 16500 रुपये व अन्य सामान बरामद किया।

बदमाशों ने शहर के बाहर रिगालिया गार्डन कॉलोनी निवासी प्रीति वर्मा पत्नी आशीष कुमार को 20 दिसंबर को असलहा के बल पर बंधक बनाकर लूटपाट की थी। 23 दिसंबर को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद तीन बदमाश दीपक गौतम उर्फ मोनू, संतोष यादव, जसविंदर उर्फ काके को गिरफ्तार किया था। पुलिस उनके चौथे साथी अलापुर थाना क्षेत्र के गांव इस्लामगंज निवासी डेविड उर्फ शोएब की तलाश कर रही थी। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस अलापुर मार्ग स्थित गांव कुलचौरा के जंगल पहुंची। जहां आरोपी ने पुलिस पर फायर किया। जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में फायरिंग की। डेविड के दाहिने पैर में गोली लगी। पूछताछ में उसने बताया कि वह ऑनलाइन फूड व सामान डिलीवरी कंपनी में काम करता है। उसका भाई जेल में बंद था। जिससे मिलने के लिए जेल जाते समय उसकी मुलाकात दीपक, संतोष, जसविंदर से हुई थी। रुपये की जरूरत होने पर उन्होंने मिलकर लूटपाट की। डेविड के खिलाफ 2024 में शाहजहांपुर के थाना जतीपुर में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है। टीम में सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह, एसओजी प्रभारी माधौ सिंह विष्ट, उपनिरीक्षक धर्वेंद्र सिंह रहे।

## फसल को नुकसान पहुंचा रहे छुट्टा पशु, घरों की जगह खेत में बनाए मचान में कट रहीं रातें

# ठंड में छुट्टा पशुओं ने छीनी किसानों की रातों की नींद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- खेतों में लहलहा रही सरसों, आलू, गेहूं व तिलहन की फसलों को छुट्टा पशुओं से खतरा
- शाम होते ही खेतों में हो जाता है किसानों का बसेरा, रात भर जागना बनी मजबूरी

**अमृत विचार :** पूस (पौष) माह में कड़ाके की ठंड पड़ती है। इस माह शीतलहर चलती रहती है। साथ ही घना कोहरा छाया रहता है। तापमान काफी गिर जाता है, जिससे जनजीवन प्रभावित होता है। लेकिन पूस माह की रातें किसानों के लिए किसी मुसीबत से कम नहीं हैं। इस कड़कड़ाती ठंड में आवारा पशुओं ने उनकी की रातों की नींद और दिन का चैन छीन लिया है। इस ठंड में वह फसल बचाएं या अपनी जान। मौका पाते ही आवारा पशु खेतों में घुसकर उनकी फसल चट कर जा रहे हैं। फसलों को बचाने के लिए किसान शाम होते ही खेतों की ओर रुख कर जाते हैं। रातभर जागकर वह फसल की रखवाली करने के लिए विवश हैं। किसान ठंड दूर करने के लिए खेतों में अलाव का सहारा ले रहे हैं।



रुपापुर गांव में खेत पर बनाई मचान।



खेत में छुट्टा पशुओं का झुंड।

खेतों में सरसों, आलू, गेहूं व तिलहन की फसलें लहलहा रही हैं। सरसों की फसल फूलों से लदी है। तो गेहूं की फसल बढ़वार की ओर है। आलू की फसल भी पकने जा रही है। इन फसलों पर आवारा पशु काल बनकर घूम रहे हैं। आवारा घूम रहे पशु फसलों के साथ साथ किसानों के लिए खतरा बन चुके हैं। आवारा घूमने वाले पशुओं ने किसानों का जीना हराम कर दिया है। यह उनके लिए मुसीबत बन चुके हैं। इन आवारा पशुओं की वजह खरीफ की फसल अधिकांश किसानों को नुकसान उठाना पड़ा था। अब उनके सामने रबी की फसल बचाने की चुनौती है। अगर यह फसल भी आवारा पशु चट कर गए गए तो साल भर बच्चों का पेट कैसे भर पाएंगे। खेतों में आवारा घूम रहे धनाढ्य किसानों ने कटीले तार लगा रहे रखे हैं। लेकिन छोटे और बटाईदार किसानों के लिए फसल बचाना मुश्किल हो रहा है।

इन किसानों को बामुश्किल फसल बचाने के लिए पूस की रात में खेतों की रखवाली करनी पड़ रही है। फसलों को बचाने के लिए किसान कड़कड़ाती ठंड भरी पूस की रात खेतों में गुजारने के लिए मजबूर हैं। वह घर छोड़कर खेत में मचान बनाकर फसलों को बचाने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं।

### डंडा और टॉर्च से कर रहे फसलों की रखवाली

कई किसानों ने खेत पर ही फूस झोपड़ी डाल रखी है। हाथ में डंडा और टॉर्च की सहायता से फसलों की रखवाली करने के लिए विवश हैं। भीषण ठंड की परवाह किए किसान परिवारजनों के साथ खुले आसमान में फसलों की रखवाली कर रहा है। किसानों की फसल बर्बाद कर रहे आवारा घूम रहे पशुओं ने किसानों की रातों की नींद और दिन का चैन छीन रखा है। सिमरिया गांव के किसान भूपराम ने बताया कि दर्जनों आवारा पशु घूम रहे हैं। इनसे फसलों को बचाना मुश्किल हो रहा है। रुपापुर गांव के किसान सत्यपाल ने बताया कि आवारा पशु फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इन पशुओं से रखवाली करने के लिए रात और दिन खेतों की रखवानी करनी पड़ रही है।

# किसानों को अब 125 दिन मिलेगा रोजगार

## मनरेगा अब पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना, केंद्र सरकार ने किया बदलाव, अभी काम पड़े बंद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- प्रधान, रोजगार सेवक समेत अन्य कर्मचारियों को दी जा रही योजना की जानकारी

**अमृत विचार :** मनरेगा योजना का नवीनीकरण हो गया है। अब यह योजना पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार गारंटी यानि बीवी रामजी के नाम से जानी जाएगी। योजना के तहत ग्राम प्रधान, रोजगार सेवकों ग्राम सचिवों को योजना के विषय में बताया जा रहा है। योजना में हुए बदलाव की वजह से काम बंद पड़े हुए हैं। योजना की जानकारी के लिए ब्लॉकों पर गोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है।

केंद्र सरकार ने मनरेगा योजना में बदलाव किया है। योजना के नाम में बदलाव किए जाने पर विपक्षी दल विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर योजना में हुए बदलाव के तहत गांवों में कार्य कराने के लिए कार्ययोजनाएं तैयार हो रही हैं। पहले मनरेगा योजना महात्मा गांधी रोजगार योजना के नाम से प्रचलित थी। केंद्र सरकार द्वारा लाए गए संशोधित बिल के तहत योजना को अब विकसित भारत जी राम जी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से जाना जाएगा। इसी के तहत कार्य होने हैं। मनरेगा योजना में पहले ग्रामीणों को सौ दिन रोजगार दिए जाने की गारंटी थी। जिसे बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। मनरेगा उपायुक्त ने बताया कि मनरेगा योजना में हुए बदलाव का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि करना है। परिवर्तित मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्रामीण आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। जल संरक्षण, प्राकृतिक आपदाओं की रोकथाम एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों को भी प्राथमिकता दी जाएगी। योजना में परिवर्तन होने से श्रमिकों को अतिरिक्त लाभ भी मिलेंगे। मनरेगा उपायुक्त ने बताया कि योजना में हुए बदलाव की जानकारी प्रधान, रोजगार सेवक, ग्राम पंचायत अधिकारी सहित अन्य कर्मचारियों को गोष्ठियों के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। डीसी उपायुक्त ने बताया कि योजना में बदलाव होने से ग्रामीण क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास सहित अन्य आवश्यक कार्यों को चिन्हित कर एक सुनियोजित कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इसका उद्देश्य गांवों में रोजगार के नए अवसर सृजित करना, ग्रामीण जनता को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना और गांवों की समग्र विकास प्रक्रिया को गति देना रहेगा। केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा में बदलाव किए जाने किया गया है। पूर्व में आजीविका मिशन योजना में शामिल नहीं था। साथ ही इस योजना में 272 प्रकार के कार्य शामिल थे। अब इसमें आजीविका मिशन, कृषि हितैषी कार्य और स्वच्छता संबंधी गतिविधियों को भी जोड़ा गया है।

### एक ही स्थान पर दोबारा नहीं हो सकेगा कार्य

पहले एक ही स्थान पर कई कई बार कार्य हो जाते थे, लेकिन अब एक ही स्थान पर दोबारा से कार्य नहीं हो सकेगा। योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कार्य पूर्ण होने के बाद सैटेलाइट के माध्यम से बाउंड्री की जाएगी। तकनीकी माध्यमों से योजना को सशक्त बनाया गया है। जिसमें कार्यस्थल पर मौजूद मजदूरों की ऑनलाइन हाजिरी दर्ज करना भी शामिल है। इसके लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त होंगे।

### समय पर नहीं हुआ भुगतान तो मिलेगा मुआवजा

मनरेगा अधिकारी के अनुसार विकसित भारत जी राम जी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत पूर्व में श्रमिकों को 100 दिन के रोजगार की गारंटी थी, जिसे अब बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। इस योजना के तहत अब बेरोजगारों को भी रोजगार मिलेगा। यदि मजदूरी का भुगतान समय पर नहीं होता है या देरी से होता है, तो मुआवजे का भी प्रावधान किया गया है।

> मनरेगा योजना में केंद्र सरकार ने संशोधन कर नाम में भी परिवर्तन किया है। अब योजना विकसित भारत जी राम जी ग्रामीण रोजगार गारंटी के नाम से जानी जाएगी। योजना में हुए बदलाव की जानकारी प्रधानों, रोजगार सेवकों, सचिवों और कर्मचारियों को दी जा रही है। इसके लिए ब्लॉकों पर कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे हैं। योजना में बदलाव की वजह से काम भी बंद हैं। जल्द ही काम भी शुरू होंगे।
>
> – **अखिलेश चौबे**, प्रभारी डीसी मनरेगा

# मंदिर में रखे दीपक से लगी आग, सामान जला

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** मंदिर में रखे दीपक से कस्बा कुंवरगांव के वार्ड निवासी सत्यवीर के घर में आग लग गई। उस दौरान परिवार के सदस्य घर के बाहर थे। आग से लगभग 10 से 11 लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

कस्बा निवासी सत्यवीर और प्रदीप का संयुक्त परिवार रहता है। गुरुवार को परिवार क्रिसमस डे की तैयारी में लगा था। परिवार में घर के मंदिर में दीपक जलाया। परिवार के सभी लोग घर से बाहर चले गए थे। सुबह लगभग 11 बजे मोहल्ले के लोगों ने उनके घर से धुआं निकलता देखा। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने पुलिस को सूचना देकर अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास किया। थानाध्यक्ष राजेश कौशिक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अग्निशमन विभाग को सूचना दी। गाड़ी जब तक पहुंची तब तक घर का सामान जलकर राख हो चुका था। तकरीबन दो घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। सत्यवीर के अनुसार आग से लगभग 11 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।



आग से जली एलसीडी और अन्य सामान।

घर पर रखे डबल बेड, दो एलसीडी, अलमारी, दो सोफा, पंखे, कपड़े, कागजात आदि जल गए। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। सूचना पर पहुंचे राजस्व निरीक्षक विनोद पुरी, हल्का लेखपाल बृजेश कुमार ने क्षति का आकलन करके रिपोर्ट अधिकारियों को सौंप दी है। लेखपाल ने बताया कि मंदिर में रखे दीपक से आग लगी थी। रिपोर्ट तैयार करके अधिकारियों को सौंपी गई है।

# आशा व संगिनियों की हड़ताल जारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश आशा संगिनी वर्कर्स यूनियन की अनिश्चितकालीन हड़ताल 1 वें दिन भी हड़ताल जारी रही। आशा संगिनी ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों को स्वीकार नहीं किया जाता हड़ताल जारी रहेगी।

कलेक्ट्रेट स्थित मालवीय आवास गृह पर आशा और संगिनी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 11 दिन से हड़ताल पर बैठी हैं।



हड़ताल स्थल पर बैठीं आशा और संगिनी। ● अमृत विचार

इस बीच 23 दिसम्बर को प्रदेश भर की आशा और संगिनी ने लखनऊ में भी धरना प्रदर्शन किया, लेकिन योगी की पुलिस ने आशा संगिनी को लखनऊ में धरना स्थल पर नहीं पहुंचने दिया जिससे अब आशाओं में गुस्सा और बढ़ गया है। गुरुवार को जिला अध्यक्ष जौली वैश्य ने कहा कि आशा संगिनी की मांगों को सरकार को मानना ही पड़ेगा। क्योंकि सरकार एक ओर महिलाओं के प्रति संवेदना दिखाती हैं वहीं दूसरी ओर आशा कर्मियों पर जुल्म कर रही है। नहीं हैं उन्होंने यह भी कहा है कि जब तक हमारी मांगों को नहीं माना जाएगा यह हड़ताल तब तक जारी रहेगी।

उपाध्यक्ष निर्दोष राठौर, नीलम सक्सेना, सचिव मनीषा सक्सेना, राजकुमारी सहित वंदना, सपना, किरणलता, पुष्पा, सुनीति, सरोज , लक्ष्मी, नन्ही देवी, सोनिया, विमलेश, नवरत्न, शीतल, रेखा, गीता देवी, मंजुला, वीणा, किरण, रजनी, राधा, आदि मौजूद रहीं।

# रेस्क्यू के दौरान सूकर के हमले में वन दरोगा घायल

**बदायूं, अमृत विचार :** उझानी क्षेत्र के गांव सिरसौली में भारतीय किसान यूनियन के मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने खेत पर जंगली सूकर के घूमने की शिकायत की थी। वन दरोगा शिवम प्रताप सिंह टीम के साथ सूकर का रेस्क्यू करने के लिए खेत पर पहुंचे थे। इसी दौरान सूकर ने उन पर हमला कर दिया। इसी दौरान वन दारोगा सिर के बल खेत में गिर गए। सूकर ने दांतों से उन पर हमला करके कई वार किए। टीम और ग्रामीणों ने जैसे-तैसे सूकर को मौके से भगाया। घायल वन दरोगा को जिला अस्पताल लाया गया। जहां से उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। यहां भी हालत में सुधार न होने पर बरेली रेफर किया गया। बरेली के अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। दूसरी टीम को भेजकर सूकर का रेस्क्यू कराया जाएगा।

# सात माह पहले लापता परिवार मिला

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** सात महीने से लापता परिवार को पुलिस ने तलाश लिया है। चेकिंग के दौरान पुलिस ने परिवार को विजय नगला चौराहे पर रोडवेज बस से पकड़ा।

बरेली के थाना भमोरा क्षेत्र के गांव कटक रमन निवासी गुलाब सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया था कि उनकी बहन की शादी थाना बिनावर क्षेत्र के गांव पुठी सराय निवासी युवक के साथ हुई थी। सात महीने से उसकी बहन संध्या पत्नी अरविंद सिंह, भांजी कुमारी आरती, भांजी अंजलि,अमन लापता थे। उन्होंने रिश्तेदारी में तलाश किया, लेकिन परिवार का कहीं पता नहीं चल रहा था।



पुलिस के साथ सात महीने पहले लापता हुआ परिवार। ● अमृत विचार

- परिवार के लापता होने पर शाहजहांपुर के चार लोगों पर दर्ज हुई थी एफआईआर

आरोप लगाया था कि उनके रिश्तेदारों को शाहजहांपुर के गांव चिट्टियां रसूलपुर निवासी उदयवीर, नन्ही देवी, मनीषा उनके रिश्तेदारों को बहला फुसलाकर कहीं ले गए हैं। पुलिस ने दो महिला समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके लापता परिवार की तलाश शुरू की थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने विजय नगला चौराहे पर रोडवेज बस को रुकवा कर चेक किया। लापता परिवार बस में बैठा था। गुरुवार को पुलिस ने महिला और बच्चों का मेडिकल परीक्षण कराया। थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल रुचि मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# कुकर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार :** पुलिस ने कुकर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दातागंज पुलिस ने नाबालिग के साथ कुकर्म करने में वांछित कस्बा दातागंज के मोहल्ला बादाम नगर निवासी हरिओम को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। आरोपी रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से फरार चल रहा था।

# साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में पलटा टेंपो सात घायल

**दातागंज, अमृत विचार :** बदायूं-दातागंज मार्ग स्थित गांव डहरपुर कलां के पास साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में सवारियों से भरा टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। घायलों को दातागंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया। घायलों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल को रेफर कर दिया। एक टेंपो सवारियों को लेकर बदायूं से दातागंज जा रहा था। रास्ते में डहरपुर कलां के पास सड़क पर आए साइकिल सवार को बचाने में टेंपो अनियंत्रित हो गया और पलट गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। हादसे में घायल हुए डहरपुर कलां निवासी साबिर पुत्र नूर मोहम्मद, बिनावर क्षेत्र के गांव मकरंदपुर निवासी छोटे पुत्र रामदीन, मूसाझाग निवासी कन्हई लाल पुत्र चोखे लाल और राधा पत्नी आकाश, बरेली के देवचरा निवासी राजवती पत्नी सुखलाल, रूपपुर निवासी देवी पत्नी रमा शंकर, सोनवती पत्नी पन्ना लाल घायल हो गए। सभी को सीएचसी और वहां से जिला अस्पताल लाया गया।

## खेती किसानी

## 70 प्रतिशत चीनी मिलों को जाएगा गन्ना, इस बार कम बनेगा गुड़

# 1.34 करोड़ क्विंटल गन्ने का हुआ उत्पादन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** चालू गन्ना पेराई सत्र में आठ चीनी मिलें जिले का गन्ना खरीद रहीं हैं। इस साल करीब एक करोड़ 34 लाख क्विंटल गन्ने का उत्पादन हुआ है। जिसमें से सभी चीनी मिलों को 70 प्रतिशत गन्ना मिलने की उम्मीद है। इन सभी चीनी मिलों को 93 लाख क्विंटल गन्ना चाहिए, लेकिन चीनी मिलों को मात्र 54 लाख क्विंटल गन्ना मिलने की उम्मीद है।

जनपद में इस साल गन्ना खेती निरोग है। गन्ने में किसी तरह की बीमारी नहीं है। जिससे गन्ने का उत्पादन अच्छा माना जा रहा है। गन्ना विभाग का मानना है कि इस साल एक करोड़ 34 लाख क्विटल गन्ने का उत्पादन हुआ, लेकिन इतने अधिक उत्पादन के बाद भी चीनी मिलों को केवल 70 प्रतिशत गन्ना ही मिलने की उम्मीद है। शेष गन्ना निजी कोल्हू और राब शीरा बनाने वाले खरीदते हैं। गन्ना विभाग का कहना है कि इस साल आठों चीनी मिलों को मार्च तक चलाने को करीब 93 लाख क्विंटल गन्ना चाहिए। इसमें से चीनी मिलों को केवल 54 लाख क्विंटल गन्ना मिलने की उम्मीद है। 40 प्रतिशत गन्ना चीनी मिलों को मिलेगा। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि इस पेड़ी गन्ने की देखरेख ठीक नहीं हुई है जिससे पेड़ी गन्ना वजनदार साबित नहीं हो रहा है। हालांकि बीमारी नहीं है । किसानों का कहना है कि गन्ने की गुड़ाई समय पर और पूरी नहीं हुई जिससे गन्ना हल्का और पतला रहा। इसलिए वजन कम रहा। यदि समय पर गुड़ाई हुई होती तो गन्ना मोटा और लंबा बनता। इसलिए गन्ने की उपज प्रभावित हुई है। जिले की बिसौली चीनी मिल सबसे बड़ी चीनी मिल है।इस चीनी मिल को जिले का 60 प्रतिशत गन्ना जाता है। इसलिए मिल के पास गन्ना खेती का रकबा भी अधिक है, जबकि जिले की दूसरी चीनी मिल शेखूपुर की सहकारी चीनी मिल की गन्ना पेराई क्षमता मात्र 13 हजार क्विंटल प्रतिदिन है। छोटी मिल है। फिर भी मिल के पास 18 प्रतिशत से अधिक जिले का गन्ना खेती का रकबा है।



खेतों में खड़ा गन्ना। ● अमृत विचार

### सभी मिलों ने अब तक खरीदा 63 करोड़ का गन्ना

बिसौली चीनी मिल ने अब तक 6 लाख 61 हजार क्विंटल गन्ने की खरीद की है। मिल ने 25 करोड़ 97 लाख का अब तक गन्ना खरीदा है। जबकि सहकारी चीनी मिल शेखूपुर ने कुल तीन लाख 11 हजार क्विट गन्ना खरीदा है। जिसकी कीमत कुल 12 करोड़ 46 लाख है। इस तरह जिले से अब तक कुल 15 लाख 97 हजार क्विंटल गन्ने की खरीद की गई है। जिसकी गन्ना मूल्य कीमत 62 करोड़ 86 लाख रुपये से अधिक है। इसमें से करीब 19 करोड़ 73 लाख का भुगतान किया जा चुका है।

# ध्वजारोहण के साथ रोवर्स-रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर शुरू

**बिल्सी, अमृत विचार :** महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पंकज कुमार सिंह ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम आरंभ किया। प्राचार्य ने रोवर-रेंजर प्रमाण पत्र की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रशिक्षक मोहम्मद असरार अहमद, डॉ. शाहबुद्दीन अली खान, विशाल महर, सुभाष बाबू, अब्दुल रईस खान, प्रदीप कुमार, सूरजपाल आदि मौजूद रहे।

**आवश्यकता है**

- कंप्यूटर ऑपरेटर (MS ऑफिस अनिवार्य, Corel Draw अनुभवी को वरीयता)
- नर्स ANM/GNM (Male)
- आयुर्वेदिक परिचारिका
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया
- वार्ड बॉय
- हॉस्टल वार्डन फीमेल
- कैंटीन सुपरवाइजर/मेस सुपरवाइजर

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली

मो. +91-8077808309, 9837357497

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें

9756905552, 8445507002

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपने पुत्र धर्मेन्द्र को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **रतन सिंह पुत्र स्व. ओमप्रकाश सिंह नि. ग्राम बमनासी थाना कादरचौक तह. व जिला बदायूँ।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.12.2017 को कुतुबखाना बाजार जाते समय रास्ते में श्रीमती रंजना गंगवार पत्नी श्री विनोद कुमार गंगवार निवासी बी-40, सिद्धार्थ नगर फेस-21, सुर्खा छावनी, बरेली का मूल बैनामा जिसका खसरा नम्बर 625-636 का प्लाट नं. 139ए, दिनांक 23.02.2011 बुक नम्बर 1 वाल्यूम नं. 4293, पेज नम्बर 183-214, क्रमांक संख्या 1981 कहीं गिर गया है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। **उक्त प्रापर्टी की रजिस्ट्री उपनिबंधक कार्यालय सदर जिला बरेली में दिनांक को 27.01.18 को अपने नाम कर ली है। उक्त प्रापर्टी को स्टेट बैंक आफ इण्डिया, होम लोन सेन्टर प्रशासनिक कार्यालय बरेली में माडरेज किया जाना है। सत्यवीर पुत्र सोमपाल निवासी ग्राम हुरहुरी, मीरगंज जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### मालगाड़ी से टकराया पशु, डीआरएम स्पेशल को रोकना पड़ा

बरेली, अमृत विचार : मालगाड़ी से पशु टकराने के बाद डीआरएम की स्पेशल ट्रेन को 45 मिनट बिलपुर स्टेशन पर रोकना पड़ा, जबकि ट्रैक बाधित होने से कई अन्य गाड़ियां भी प्रभावित हुईं। रेल रूट बहाल होने के बाद डीआरएम स्पेशल रवाना हो सकी। शाहजहांपुर में बुधवार की शाम ट्रेन की चपेट में आकर पांच लोगों की मौत हो गई थी। सूचना पर डीआरएम संग्रह मौर्य, सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता समेत कई अधिकारी स्पेशल ट्रेन से रोजा जंक्शन जा रहे थे। लेकिन बताया जा रहा है कि डीआरएम स्पेशल के आगे चल रही मालगाड़ी से पशु टकराने के चलते डीआरएम की स्पेशल ट्रेन को बिलपुर स्टेशन पर 45 मिनट रोकना पड़ा। वहीं हादसे का जीएम एके वर्मा ने भी संज्ञान लिया। उन्होंने मंडल स्तरीय अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की।

### भाजपा ने महानगर के सभी मंडलों में अटल जी की जयंती मनाई

बरेली, अमृत विचार : भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती भाजपा महानगर के सभी मंडलों में मनाई गई। गुरुवार को महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना के निर्देशन में सभी बूथों पर कार्यक्रम हुए। हरमिलाप मंडल के शक्ति केंद्र 16, संजय नगर में बूथ संख्या 200 पर हुए कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक महान नेता, कवि और समाजसेवक थे। महानगर मीडिया प्रभारी प्रतिपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष राजीव कश्यप, अजय चौहान, बबलू पटेल, विवेक पटेल, प्रमोद रघुवंशी, अक्कू पटेल, सुनील सक्सेना, निखिल कुमार आदि मौजूद रहे।

### गर्भवती कर रहीं इंतजार, अल्ट्रासाउंड मशीन स्टोर में बंद

बरेली, अमृत विचार : जिला महिला अस्पताल में भले ही गर्भवती मरीज दर्द से कराहती रहें लेकिन उन्हें जांच कराने के लिए या तो घंटों इंतजार करना पड़ता है या फिर दो-दो दिन बाद की तिथि दी जा रही हैं। हैरत की बात ये है कि जिला महिला अस्पताल के स्टोर में एक अल्ट्रासाउंड मशीन सालों से धूल फांक रही है, लेकिन इसे ठीक कराने की सुध प्रबंधन नहीं ले रहा है जबकि मरीजों को जांच कराने के लिए लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# कैनविज के मालिक कन्हैया गुलाटी पर दो और रिपोर्ट

## महाठग पर आठ सौ करोड़ की ठगी का लग चुका है आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एक-एक कर ठगी के शिकार लोग आ रहे पुलिस के सामने

अमृत विचार : आठ सौ करोड़ से अधिक की ठगी करने वाले महाठग कैनविज कंपनी के मालिक कन्हैया गुलाटी व उनके परिवार समेत गिरोह के अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में दो और रिपोर्ट दर्ज कराई गई हैं। कन्हैया गुलाटी, उसके परिजनों और गैंग में शामिल लोगों के खिलाफ पिछले डेढ़ माह में 21 एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी हैं। महाठग ने अपने गिरोह के साथ कभी सस्ते कीमतों में प्लाट तो कभी क्वाइन में निवेश के नाम पर लोगों को ठगने का काम किया है। लेकिन अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है।

नवादा शेखान निवासी फैसल उस्मान ने कन्हैया गुलाटी समेत तीन लोगों के खिलाफ 5 लाख 16 हजार रुपये की ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि बिटकॉइन में निवेश के नाम पर रकम ली गई और फिर गायब हो गए। न मुनाफा मिला, न पैसा वापस। बिथरी चैनपुर के निवेशक हरीश कुमार और उनके साथियों की कहानी और भी दर्दनाक है। उन्होंने आरोप लगाया कि कैनविज कंपनी ने उन्हें 51.75 लाख रुपये निवेश करने के लिए उकसाया। कन्हैया गुलाटी, राधिका गुलाटी, गोपाल गुलाटी, मधु गुलाटी और आशीष महाजन ने विलेज वैली कॉलोनी में प्लॉट और स्टोर बुकिंग पर हर महीने 5 प्रतिशत मुनाफे का लालच दिया। शुरुआत में थोड़े-बहुत पैसे देकर भरोसा जीता गया, लेकिन फरवरी आते-आते न मुनाफा मिला, न मूलधन। आरोप है कि कंपनी के मोबाइल ऐप में निवेश का पूरा रिकॉर्ड था, जिसे बाद में जानबूझकर मिटा दिया गया। एसएसपी से शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया।

### एसआईटी कर रही जांच, आरोपियों का सुराग नहीं

एसएसपी अनुराग आर्य ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर दिया है। एसआईटी की कमान एसपी यातायात अकमल खान को सौंपी गई है, जबकि एएसपी शिवम आशुतोष जांच में सहयोग कर रहे हैं। आरोपियों के फरार होने की आशंका को देखते हुए लुकआउट नोटिस भी जारी कर दिया गया है। एसएसपी अनुराग आर्य ने साफ शब्दों में कहा है कि एसआईटी में काबिल और अनुभवी विवेचकों को लगाया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी कीमत पर उन्हें विदेश भागने नहीं दिया जाएगा। एसपी अकमल खान और एएसपी शिवम आशुतोष ने सभी मामलों की गहन समीक्षा शुरू कर दी है।

## पति गया विदेश देवर ने भाभी से की छेड़छाड़, रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : सीबीगंज थाना क्षेत्र में पति के विदेश जाने के बाद देवर ने भाभी के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर बेटे के साथ मिलकर उसकी पिटाई की। इतना ही नहीं पुलिस से शिकायत करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता ने बताया कि उसके पति हालही में विदेश नौकरी करने के लिए गए हैं। आरोप है कि कई साल बाहर रहने के बाद देवर गांव लौटा। मौका मिलते ही वह जबरन घर में घुसता है और जवान बेटियों के सामने अश्लील हरकतें करता है। देवर बुधवार सुबह फिर घर में घुस आया और बेटियों के सामने शर्मनाक हरकतें करने लगा। महिला ने विरोध किया तो देवर आग-बबूला हो गया। कुछ ही पलों में उसकी पत्नी और बेटा लाठी-डंडे लेकर टूट पड़े। लाठी-डंडों से महिला को बेरहमी से पीटा। देवर ने खुलेआम दहशत फैलाते हुए कहा एकाध को जान से मार दूंगा। पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## युवती का मॉर्फ फोटो वायरल करने वाला रिश्तेदार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पलड़की के शादी से इनकार पर बीटेक पास युवक ने फोटो किया था वायरल
- फोटो वायरल न करने के नाम पर रुपये ऐंठता रहा लकड़ी कारोबारी, गिरफ्तार

अमृत विचार : शादी से इनकार करने पर युवती का मॉर्फ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले बीटेक पास रिश्तेदार को बारादरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहल्ला कोट छह मीनार मस्जिद निवासी फरमान उर्फ छोटू के रूप में हुई है। आरोपी पीड़िता से फोटो वायरल करने के नाम पर पहले रुपये भी ऐंठ चुका है। पुलिस ने आरोपी को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि मोहल्ला सैलानी पुराना शहर निवासी व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि फरमान उर्फ छोटू उसका रिश्तेदार हैं। छोटू ने पहले उसकी बेटी के साथ शादी करने का दबाव बनाया। शादी से इनकार करने पर उसकी मॉर्फ फोटो वायरल कर दी। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने बताया कि वह लकड़ी का कारोबार करता है। उसकी मोहल्ला कोट चार मीनार मस्जिद के सामने दुकान है। उसने बीटेक तक की पढ़ाई की है। उसने बताया कि युवती के घर दूर की रिश्तेदारी है। रिश्तेदारी में ही उसकी मुलाकात पीड़िता से हुई और कभी-कभी बात होने लगी। उसकी सुन्दरता से मोहित होकर वह प्रेम करने लगा और शादी करने का निर्णय लिया।

शादी की बात करने के लिए उसने माता-पिता को लड़की के माता-पिता के पास भेजा। मगर युवती और उसके माता-पिता ने शादी से इनकार कर दिया। इसके बाद उसने युवती एक फोटो कहीं से मंगाकर चेहरा व धड किसी दूसरी नग्न लड़की का लगाकर (मॉर्फ फोटो) उसे व्हाट्सअप पर भेज कर ब्लैकमेल करने लगा। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर मोबाइल फोन बरामद कर लिया।

## साहिबजादों की याद में निकाला बाल खालसा मार्च

बरेली, अमृत विचार : गुरुद्वारा जनकपुरी से साहिबजादों की याद में माता भाग कौर जत्थे की ओर से बाल खालसा मार्च निकाला गया। जो शील चौराहा, डीडी पुरम, कुष्ठाश्रम, हरिमंदिर होते हुए गुरुद्वारा माडल टाउन पर शाम को समाप्त हुआ।

बाल खालसा मार्च में खालसाई जालो जलाल के साथ नीले एवं केसरी परिधानों में 1 से 18 वर्ष के बालक- बालिकाओं ने भाग लिया। पंजाब सिख गुरमति अकादमी के नौजवानों की गतका पार्टी, गुरु ग्रंथ साहिब, पंज प्यारे खालसा मार्च की शोभा बड़ा रहे थे। जत्थे के मुखिया राजेन्द्र सिंह ने बालक और बालिका टीम की तैयारी रजनीत कौर ने करवाई। बाल खालसा मार्च में प्रचार जीप पर सरदार गुरमीत सिंह मनचंदा शहीदी इतिहास सुनाते चल रहे थे। उनके पीछे निशान साहेब और नगाड़ा था। निशानची बालिकाएं घोड़े पर सवार थीं। खालसा अकाल पुरख की फौज निहंगी ड्रेस में चल रही थी। पंजाब होशियारपुर का गतका स्पोर्ट्स क्लब, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की गतका पार्टी खालसाई युद्ध का प्रदर्शन कर रहे थे।

## 100 मीटर दौड़ में फरीदपुर के गोविंद ने पाया प्रथम स्थान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सांसद खेल स्पर्धा का का समापन, खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

अमृत विचार : भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सांसद खेल स्पर्धा 2025-26 के तहत स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहीं प्रतियोगिताओं का गुरुवार को समापन हो गया। अतिथियों ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

एथलेटिक्स सब जूनियर बालक वर्ग लांग जंप में दातागंज के आशीष, शाटपुट में यहीं के चमन, 100 मीटर रेस में फरीदपुर के गोविंद, हाई जंप में भोजीपुरा के प्रियांशु, डिस्कस थ्रो में दातागंज के कौशल, 800 मीटर रेस में दातागंज के मुनाजिर, जैवलिन थ्रो में मीरगंज के राजा पहले स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग लांग जंप में नवाबगंज के जुनैद खान, शाटपुट में मीरगंज के संजीव, हाई जंप में आंवला के राजीव, भाला फेंक में भोजीपुरा के अफजल, डिस्कस थ्रो में मीरगंज के आकाश, 100 मीटर रेस में भोजीपुरा के विक्रमजीत सिंह, 200 मीटर रेस में बरेली सिटी के श्याम यादव, 400 मीटर रेस में फरीदपुर के अर्जुन सिंह, 1500 मीटर रेस में बहेड़ी के मो. युसुफ पहले स्थान पर रहे। एथलेटिक्स और बैडमिंटन के मुकाबलों के साथ प्रतियोगिता का समापन हुआ। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद मिथलेश कठेरिया, सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, बरेली प्रभारी देवेन्द्र सिंह, मेयर डॉ. उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## बेंगलुरू फ्लाइट 40 मिनट देर से आई, 48 मिनट देरी से उड़ी

बरेली, अमृत विचार: दृश्यता कम होने की वजह से 321 सीटर एयरबस गुरुवार को बेंगलुरू से अपने निर्धारित समय से बरेली के लिए उड़ान नहीं भर सकी। फ्लाइट करीब 40 मिनट देरी से बरेली एयरपोर्ट पहुंची और करीब 48 मिनट देरी से बरेली एयरपोर्ट से बेंगलुरू के लिए उड़ी। दिन में दृश्यता कम होने से लग रहा था कि फ्लाइट लैंड नहीं हो सकेगी। एयरपोर्ट के अधिकारी ने बताया कि फ्लाइट बेंगलुरू से 171 यात्रियों को लेकर आई और बरेली से 153 यात्रियों को लेकर रवाना हुई। बेंगलुरू फ्लाइट अपने निर्धारित समय 2.20 बजे न आकर करीब 3 बजे बरेली पहुंची, जबकि निर्धारित समय 2.55 बजे उड़ान न भरकर फ्लाइट 3.43 बजे बरेली से उड़ी। इससे यात्रियों को ठंड में परेशान होना भी पड़ा।

# कोहरे, पाले से मंडरा रहा फसल बर्बादी का खतरा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रात का पारा 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने से वातावरण की नमी जमकर पाले का ले लेती रूप
- लगातार यही हाल रहा तो आलू, सरसों, चना, मटर और अन्य सब्जी फसलें होंगी प्रभावित
- कृषि जानकार बोले-गेहूं की फसल के लिए मौसम अनुकूल, पैदावार उम्मीद के मुताबिक

### पाले से बचाव के लिए इन बातों का रखें ध्यान

कृषि और उद्यान विभाग ने पाले से बचाव के लिए एडवाइजरी की है। इसमें किसानों से अपील की गई है कि वह फसलों की हल्की सिंचाई करें, धुआं करें ताकि ठंडी हवा का प्रभाव कम हो सके, मेड़ों पर कूड़ा-कचरा जलाएं, यूरिया उर्वरक के साथ दानेदार सल्फर-7 किग्रा. अथवा जिंक सल्फेट मोनोहाईड्रेट, आठ किलो प्रति एकड़ मात्रा को मिलाकर छिड़काव करें, पाले से तात्कालिक बचाव के लिए सल्फर पाउडर, दो ग्राम प्रति लीटर पानी में घोलकर फसल पर पर्णीय छिड़काव करें, सल्फ्यूरिक एसिड/गंधक का छिड़काव न करें, पौधों के तनों के चारों ओर मिट्टी चढ़ाएं ताकि जड़ें और कंद सुरक्षित रहें, छोटे पौधों को पुआल/सूखी घास से ढकने पर पाले का असर कम होता है, मौसम पूर्वानुमान पर ध्यान दें, पाला चेतावनी मिलने पर पहले से ही बचाव के उपाय करें।

अमृत विचार : जिले में कोहरा और ठंड का असर बना हुआ है। रात के समय पाला गिरना भी शुरू हो गया है। इससे किसानों की आलू, दलहनी और तिलहनी फसलों के खराब होने की आशंका बनने लगी है। मौसम की लगातार ऐसी स्थिति किसानों के लिए चिंता का विषय बन रही है। रात के समय अधिक आर्द्रता के कारण फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। हांलाकि कृषि विशेष गेहूं की फसल के लिए यह मौसम अनुकूल बता रहे हैं।

जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी बताती हैं कि वर्तमान में तापमान में काफी गिरावट हो रही है। रात में न्यूनतम तापमान भी पांच डिग्री सेल्सियस तक आ गया है। इस मौसम में पाला पड़ने की संभावना अधिक बनी रहती है। रात का पारा और गिरने पर वातावरण की नमी जमकर पाले का रूप ले लेती है। इससे पौधों की कोशिकाएं जम जाती हैं और वे क्षतिग्रस्त हो जाती हैं जिससे आलू, सरसों, चना, मटर सहित सब्जी फसलें प्रभावित हो सकती हैं। पाला गिरने से आलू की पत्तियां झुलसने लगती हैं और कंदों की वृद्धि रुक जाती है, वहीं सरसों समेत अन्य फसल में फूल और फलियों की वृद्धि पर असर पड़ने का डर बना रहता है। पाला लगातार गिरता रहा, तो पूरी लागत और मेहनत के बावजूद किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसे देखते हुए किसानों को सतर्क रहने और समय रहते आवश्यक बचाव उपाय अपनाने की आवश्यकता है। जबकि गेहूं की फसल के लिए यह मौसम अनुकूल है और इसका उत्पादन अपेक्षाकृत अच्छा रहने की संभावना है। शहर से सटे मुडिया अहमदनगर के प्रगतिशील किसान ओमप्रकाश बताते हैं कि पाला गिरने से आलू की फसल सबसे ज्यादा प्रभावित होती है। पत्तियों के झुलसने से कंदों की बढ़वार रुक जाती है। इससे उत्पादन घटने का खतरा रहता है। वहीं, सरसों की फसल में फूल और फलियां झड़ने लगती हैं। इससे सीधा असर पैदावार पर पड़ता है। कहा कि अगर पाला लगातार गिरता रहा तो बचाव के तमाम प्रयासों के बावजूद नुकसान से इंकार नहीं किया जा सकता।

## दबंग लोगों ने जमीन पर कब्जा कर किसान से मांगी 10 लाख की रंगदारी

बरेली, अमृत विचार : बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में सात दबंगों ने एक किसान की जमीन तमंचे के दम पर कब्जा कर लिया। आरोप है कि अब उसे छोड़ने के एवज में दबंग 10 लाख रुपये की रंगदारी मांग रहे हैं। पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र के ग्राम भिंडौलिया निवासी हशमत यार खां ने बताया कि उसने साल 2022 में जमीन का बैनामा कराया था। इसका दाखिल-खारिज भी हो चुका है। साथ ही राजस्व रिकॉर्ड में उसका नाम दर्ज है। इसके बावजूद आलमपुर गजरौला निवासी नईम खां, मोहम्मद रजा, इलियास खां, मोबीन खां, जमशेद खां और आजाद खां अपने गुर्गों के साथ खेत पर पहुंचकर तमंचे और नाजायज असलहे लहराकर धमकाते हुए जमीन कब्जा कर लिया और 10 लाख रुपये की रंगदारी मांग रहे हैं। पीड़ित का कहना है कि ये लोग जमीन बेचने की दलाली करते हैं। फर्जी खतौनी, फर्जी कागजात और नकली एग्रीमेंट के सहारे भोले-भाले लोगों से ठगी करते हैं। किसान ने इनसे जमीन नहीं खरीदी, बस इसी बात से बौखलाए दबंग उसकी जमीन हड़पने पर आमादा हैं।

## अधिशासी अभियंता ने जेई से मांगी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- बिजली कनेक्शन काटने पर बुधवार की दोपहर हुआ था हंगामा
- बिजली टीम के साथ अभद्रता पर एसएसपी से कार्रवाई की मांग

अमृत विचार : बानखाना में बकाये में बिजली कनेक्शन काटने पर बुधवार की दोपहर को हंगामा हो गया था। इसके बाद उपभोक्ता ने एचआर और विजिलेंस टीम पर वसूली के साथ महिलाओं से अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाया था। अधिशासी अभियंता ने गुरुवार को जेई से पूरी घटना की जानकारी मांगी है। वहीं बिजली विभाग की तरफ से भी पुलिस अधिकारियों से शिकायत करते हुए हंगामा करने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की मांग की गई है।

बानखाना निवासी उर्मिला पत्नी बच्चू सिंह यादव ने बताया कि बिजली चोरी के मामले में जुर्माना बकाया होने पर बुधवार दोपहर टीम ने उनके घर का कनेक्शन काट दिया। आरोप है कि टीम बिना पूछे ही उनके घर में दाखिल हो गई। टीम जिस समय घर में पहुंची, उस समय घर में महिलाएं थीं। एचआर और विजिलेंस टीम में शामिल कर्मचारियों ने महिलाओं के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था। इसके बाद मौके पर काफी हंगामा हुआ था। बाद में टीम को कटा हुआ कनेक्शन दोबारा से जोड़ना पड़ा था।

कामर्शियल टू के अधिशासी अभियंता सूर्य कुमार ने गुरुवार को अवर अभियंता सुनील कुमार को पत्र लिखकर कहा है कि समाचार पत्र के माध्यम से संज्ञान में आया है कि बुधवार को बानखाना में राजस्व वसूली अभियान के तहत उपभोक्ता ने अभद्रता एवं महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और अवैध रूप से पैसे मांगने का आरोप लगाते हुए प्रेमनगर थाने में तहरीर दी गई है। अधिशासी अभियंता ने जेई से पूरे मामले की रिपोर्ट तलब की है। विजिलेंस और एचआर टीम के साथ बानखाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान अभद्रता करने के मामले में एसएसपी कार्यालय में शिकायत कर हंगामा करने वालों पर कार्रवाई की मांग की गई है।

## देहरादून कुंभ सुपरफास्ट आठ घंटे की देरी से आई

बरेली, अमृत विचार : कोहरे के चलते ट्रेनों का लेट होने का क्रम जारी है। गुरुवार को गाड़ी नंबर 12369 देहरादून कुंभ सुपरफास्ट 8 घंटे की देरी से बरेली जंक्शन पर आई। इसके अलावा ट्रेन नंबर 13151 जम्मूतवी सियालदाह एक्स्प्रेस 2 घंटे 20 मिनट लेट रही। वहीं गाड़ी नंबर 18103 अमृतसर टाटानगर एक्सप्रेस, 15119 देहरादून जनता एक्सप्रेस, लखनऊ डबल डेकर और मालदा फरक्का एक्सप्रेस निरस्त रही। 22453 मेरठ सिटी राज्यरानी सुपरफास्ट एक घंटा, 13005 अमृतसर पंजाब मेल एक्सप्रेस 2:45 घंटा, 15653 जम्मूतवी अमरनाथ एक्सप्रेस 1:30 घंटा, 12391 नई दिल्ली श्रमजीवी 1:30 घंटा लेट रही। ट्रेनें लेट और निरस्त होने से यात्री परेशान होते रहे।

## हजारों किसानों के बीच चकबंदी कराएगी सुलह

राकेश शर्मा, बरेली

अमृत विचार : पीलीभीत और बरेली के हजारों किसानों के बीच करीब 20 साल से भूमि की ओवरलैपिंग और कब्जे को लेकर विवाद चल रहा है। इस विवाद से छोटे-छोटे किसानों को ज्यादा परेशानी है। पीलीभीत के बीसलपुर तहसील के ग्राम शेखापुर और बरेली जनपद के ग्राम गुलड़हाई व पर्वतपुर पट्टी के भू-चित्रों में ओवरलैपिंग की समस्या दूर करने के लिए चकबंदी ही एक रास्ता बचा है। चकबंदी अफसरों की लापरवाही से परेशान किसानों के बीच सुलह कराने की कवायद शुरू हो गयी है। बरेली और पीलीभीत के जिला बंदोबस्त चकबंदी अधिकारियों ने तीनों गांवों की चकबंदी कराने के लिए शासन में पैरवी शुरू कर दी है। जल्द चकबंदी की अनुमति मिलने की उम्मीद है।

दरअसल, बरखेड़ा के विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने अप्रैल माह में मुख्यमंत्री को समस्या के निस्तारण के लिए पत्र लिखा था। इसमें बताया कि चकबंदी के आदेश होने के बावजूद अधिकारियों ने भूमि ओवरलैपिंग की समस्या बताते हुए चकबंदी को निरस्त करा दिया था। मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश पर तत्कालीन कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने ग्राम शेखापुर, ग्राम गुलड़हाई व पर्वतपुर पट्टी गांवों के अभिलेखों और स्थलीय जांच कराने के लिए एडीएम प्रशासन बरेली, एसडीएम नवाबगंज, जिला बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी बरेली व पीलीभीत, एडीएम एफआर पीलीभीत, एसडीएम बीसलपुर की टीम बनाई।


**कार्यालय ग्राम पंचायत खटेली विकास खंड भुता (बरेली)**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025 - 26 में ग्राम पंचायत खटेली में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है - प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, बजरी, बजरफुट, सरिया, सीमेंट, रेत, व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | रविन्द्र के घर से पुलिया तक खड़ंजा नाली निर्माण कार्य | 399477/- |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदाएं दिनांक 26.12.2025 से दिनांक 29.12.2025 दोपहर 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन दोपहर 03:00 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है। किसी भी विवाद की स्थिति में ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

प्रधान - अफसाना | सचिव - कौशल कुमार



**गुमशुदा की तलाश**



सूचित किया जाता है कि मेरे पिताजी श्री सुखलाल रेलवे से रिटायर्ड दिनांक 22.12.2025 को प्रात: 11:00 बजे से घर नहीं आये है। चाकलेटी रंग का ऊनी अपर व लोअर पहने है। इस सम्बन्ध में कोई जानकारी होने पर कृपया निम्न नम्बरों पर सूचित करने का कष्ट करें।

पता : छावनी अशरफ खां निकट पानी की टंकी हार्टमैन कॉलेज, इज्जतनगर, बरेली।

हुलिया :

नाम : सुखलाल : उम्र 85 साल लम्बाई : 5.8 इंच, रंग-गोरा

सूचना देंने वाले को उचित इनाम दिया जायेगा।

मो. 7017492346, 7895128624, 8800439188


## कम स्टांप शुल्क प्रकरण में एआईजी स्टांप के आदेश निरस्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एआईजी ने दो बार जांच की पहली बार जांच में लिपिक की गलती निकाली

अमृत विचार: एडीएम फाइनेंस संतोष कुमार सिंह ने कम स्टांप शुल्क प्रकरण में सुनवाई करते हुए सहायक महानिरीक्षक निबंधन की कोर्ट से जारी हुए लाखों रुपये कम स्टांप शुल्क जुर्माने के दो आदेशों को निरस्त कर दिया। साथ ही भूमि क्रेता को जारी नोटिस वापस लेने का आदेश सुनाया।

एडीएम फाइनेंस ने अपने आदेश में लिखा है कि सहायक महानिरीक्षक निबंधन तेज सिंह यादव ने भेजी आख्या में बताया कि मो. इब्राहीम पुत्र इस्माइल निवासी शीशगढ़ ने सभ्यता पत्नी विपिन सिंह व विपिन सिंह पुत्र विलय सिंह निवासी ग्राम कमालपुर के पक्ष में 25 सितंबर को कृषि भूमि 0.653 हेक्टेयर का बैनामा किया था। 4154000 रुपये में खरीदी भूमि पर 198000 रुपये स्टाम्प शुल्क एवं 20000 रुपये का निबंधन शुल्क अदा किया। एआईजी ने स्थलीय निरीक्षण में संपत्ति परती भूमि बताने, पश्चिम दिशा में स्कूल होने व वर्तमान में कोई कृषि कार्य नहीं होना बताया और भूमि आवासीय बतायी। 4700 रुपये प्रति वर्ग मीटर से आवासीय भूमि को 6530 वर्ग मीटर बताते हुए 30691000 रुपये मूल्यांकन बताया। इस पर नियम के अनुसार 1524550 रुपये का स्टाम्प शुल्क एवं 20 हजार रुपये का निबंधन शुल्क देय निकाला, बैनामे में 1326550 रुपये कम स्टाम्प शुल्क निकाला। मामले में संपत्ति की तहसीलदार मीरगंज से जांच करायी। तहसीलदार मीरगंज ने आख्या में बताया कि मौके पर ढेचा की फसल खड़ी है।

# तौकीर समेत 46 के खिलाफ एक और चार्जशीट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बवाल से जुड़े कोतवाली में गंभीर धाराओं में दर्ज मुकदमे की विवेचना कर रही क्राइम ब्रांच
- बवाल मामलों के मुख्य आरोपी मौलाना तौकीर को सभी मामलों में किया गया नामजद

अमृत विचार : आई लव मुहम्मद पोस्टर को लेकर उपजे विवाद के विरोध में आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा के आह्वान पर शहर के अलग-अलग हिस्सों से इस्लामिया कॉलेज मैदान पर भारी भीड़ जुट रही थी। प्रशासन ने विरोध-प्रदर्शन के आयोजन की अनुमति नहीं थी। पुलिस के इस्मालिया कॉलेज मैदान पर पहुंचने से रोकने पर भीड़ उग्र हो गई और पुलिस पर हमला कर दिया। फायरिंग और पथराव के साथ ही पुलिस कर्मियों के हथियार भी छीन लिए गए थे। पुलिस ने बवालियों के खिलाफ अलग-अलग थानों में एक दर्जन मामले दर्ज किये थे। इन सभी मामलों में मौलाना तौकीर रजा को आरोपी बनाया गया था। पुलिस विवेचना के बाद अलग-अलग मामलों में चार्जशीट दाखिल कर रही है। कोतवाली में दर्ज मामले में कोतवाली पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की है। इसमें मौलाना तौकीर रजा समेत 46 बवालियों को आरोपी बनाया गया है।

आई लव मुहम्मद पोस्टर के विवाद को लेकर शहर में 26 सितंबर को हुए बवाल के बाद कोतवाली में दर्ज हुए मुकदमे में पुलिस ने गंभीर धाराएं लगाईं थीं, इसलिए मुकदमे में जिन लोगों को आरोपी बनाया जा रहा है उनकी जमानत भी आसानी से नहीं हो रही है। इस मामले के आरोपी रिहान की जमानत हाईकोर्ट ने कुछ दिन पहले खारिज कर दी थी। क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर संजय धीर इस मुकदमे की विवेचना कर रहे हैं। कोतवाली के इस मुकदमे में 46 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी गयी है। पुलिस फरार आरोपियों की गिरफ्तारी में लगी है। गिरफ्तारी के बाद उनके खिलाफ भी चार्जशीट दाखिल की जाएगी।

पुलिस ने मौलाना तौकीर रजा खां, नदीम खां, फरमान, सरफराज, रिहान, तौहिद, मुस्तकीम, मुनीफुद्दीन, जफरुद्दीन, इमरोज, शरीफ, इमाम, मुशरूफ, शमशेर, अजीम, अहमद, ओवैश, आमिर, राहिल, साजिद, समीर, जीशान, फैसल, इदरीश, इकबाल, अब्दुल नफीस, फैजान खान, मेहताब खान, रईस, नफीस खां, मोहम्मद सरफराज, फरहान, जाबिर कुरैशी, मोईन उर्फ सजले, गुड्डू अहमद, अयान, शेरू, हस्सान, मुनीर अहमद उर्फ मुनीर इदरीशी, हनीफ, जीशान रजा, आरिफ, फैजल नबी, अफजाल बेग, फरहत, मोईन अली खां, नदीम सकलैनी उर्फ अनीस सकलैनी उर्फ अनीस मियां और शफीले अहमद उर्फ शफी अहमद के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। क्राइम ब्रांच फरार और वांछित आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

### बवालियों ने पुलिस कर्मियों को भी नहीं बख्शा था

मौलाना तौकीर रजा के बुलावे पर पहुंची बवालियों की भीड़ ने उग्र होकर जमकर पथराव और फायरिंग की थी। दहशत फैलाने में कामयाब रहे बवालियों ने पुलिस कर्मियों को भी निशाना बनाया था। एसपी सिटी मानुष पारिख के गनर की रायफल और हैंडहेल्ड वायरलेस सेट लूट लिया था। फायरिंग में 20 से अधिक पुलिस कर्मी भी घायल हुए थे। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराए थे।





**मोदी की सभा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में लखनऊ में गुरुवार को आयोजित एक जनसभा में उपस्थित लोग। प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल का उद्घाटन किया। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### 50 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**लखनऊ, एजेंसी :** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) उत्तर प्रदेश को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसटीएफ ने एक दिन पूर्व पुणे जिले के लोणावला क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म नंबर–2 से 50,000 के इनामी अपराधी आदम पुत्र शेर खां को महाराष्ट्र के पुणे जिले से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के अनुसार, आरोपी के विरुद्ध थाना मुहम्मदाबाद गोहना में दर्ज मुकदमा के तहत वह लंबे समय से फरार चल रहा था।

### बस और ट्रक की टक्कर में नौ घायल

**हरदोई, एजेंसी :** जिले के हरपालपुर थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार तड़के घने कोहरे के बीच रोडवेज बस और ट्रक की टक्कर में बस चालक और परिचालक समेत नौ यात्री घायल हो गए, जिनमें पांच की हालत गंभीर है। हरपालपुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) सतेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दिल्ली से आ रही रोडवेज बस कोहरे के कारण कटरा–बिल्हौर राजमार्ग पर लमकन गांव के पास एक ट्रक से टकरा गई।

### वीडियो कॉल पर बात करते हुए की खुदकुशी

**बाराबंकी, एजेंसी :** बाराबंकी शहर स्थित छाया चौराहे के निकट एक लॉज में एक युवक ने अपने कमरे में परिजन से वीडियो कॉल पर बात करते समय कथित रूप से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को यहां बताया कि मृतक की पहचान 27 वर्षीय शशांक सक्सेना के रूप में हुई है। वह लखनऊ के बाजार खाला थाना क्षेत्र के टिकैत राय तालाब कॉलोनी का निवासी था। बताया जा रहा है कि वह एक निजी कंपनी में क्षेत्र प्रबंधक था और किसी काम के सिलसिले में बाराबंकी आया था।

### देवरिया में मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत

**देवरिया, एजेंसी :** देवरिया जिले के रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र में भीमपुर क्रॉसिंग पर एक बस की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार यह हादसा बुधवार रात करीब 10.30 बजे हुआ, जब एक अनुबंधित बस ने सामने से गौरा खास की तरफ जा रहे मोटरसाइकिल सवारों को टक्कर मार दी, जिससे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों ने एंबुलेंस की सहायता से दोनों को देवरिया मेडिकल कॉलेज भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान हर्षित राव (22) एवं आर्यन सिंह (24) के तौर पर हुई है।

# नवनिर्मित राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लोकार्पण पर उमड़ा जनसैलाब

## प्रधानमंत्री मोदी को सुनने राजधानी में जुटे दो लाख से अधिक लोग, राष्ट्र प्रेरणा स्थल को राजधानी के एक नए प्रेरणास्रोत के रूप में स्थापित कर दिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● **इससे पहले 25 दिसंबर 2019 में हुआ था लोकार्पण कार्यक्रम**

**अमृत विचार :** नवनिर्मित राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लोकार्पण अवसर पर राजधानी में ऐतिहासिक जनसमूह देखने को मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देखने और सुनने के लिए कार्यक्रम स्थल पर करीब दो लाख से अधिक लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। भाजपा कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों के पहुंचने का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया था, जिसके चलते कार्यक्रम स्थल के चारों ओर करीब पांच किलोमीटर के दायरे में वाहनों का भारी जाम लगा रहा। हालात ऐसे रहे कि हजारों लोगों को कई किलोमीटर पैदल चलकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचना पड़ा।

प्रधानमंत्री मोदी का आगमन दोपहर 2.35 बजे प्रस्तावित था, लेकिन वे करीब 3.07 बजे कार्यक्रम स्थल पहुंचे। ठंड के मौसम के बावजूद लोग निर्धारित समय से काफी पहले पहुंच गए थे। हल्की धूप ने जहां लोगों को राहत दी, वहीं पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था न होने से श्रोताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

कार्यक्रम स्थल पर मंच और आम श्रोताओं के बीच अधिक दूरी होने के कारण लोग मंच के साथ सेल्फी नहीं ले सके, जिससे कई लोग निराश भी दिखे। हालांकि डी-दायरे के बाद प्रथम सर्किल में बैठे विधायक, पूर्व विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ लोगों ने सेल्फी लेकर इस ऐतिहासिक पल को यादगार बनाया।

प्रधानमंत्री के आगमन से पहले ही दोपहर दो बजे मंच संचालन की जिम्मेदारी दूरदर्शन के निदेशक आत्मा प्रकाश मिश्र ने संभाली। उन्होंने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी, पं. दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन और विचारों से श्रोताओं को परिचित कराया।

इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा सहित राजधानी के विधायक ओपी श्रीवास्तव, नीरज बोरा, राजेश्वर सिंह, योगेश शुक्ल, मुकेश शर्मा और अम्ब्रीश रावत ने भी मंच से उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।

## मोदी ने छह साल पहले अटल जी की 25 फीट ऊंची मूर्ति का किया था अनावरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश को दूसरी बार 'अटल' सम्मान मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में योगी शासन के अंदर छह वर्ष में यह दूसरा मौका रहा जबकि, प्रधानमंत्री ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया है।

पहली बार 25 दिसंबर 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से लोकभवन में अटल बिहारी वाजपेयी की 25 फिट ऊंची कांस्य प्रतिमा का अनावरण हुआ था। ठीक छह वर्ष बाद नरेंद्र मोदी ने 25 दिसंबर 2025 को अटल जी के जन्म शताब्दी महोत्सव पर 65 फिट ऊंची कांस्य प्रतिमा राष्ट्र को समर्पित किया है।

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लोकार्पण समारोह में कहा कि यहां की 30 एकड़ से ज्यादा जमीन पर कई दशकों से कूड़े-कचरे का पहाड़ जमा था, जिसे पिछले तीन वर्ष में पूरी तरह समाप्त किया गया है। इस प्रोजेक्ट के लिए योगी जी, श्रमिकों, कारीगरों, योजनाकारों को बहुत-बहुत बधाई। यही नहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यूपी की राजधानी लखनऊ में शानदार प्रेरणा स्थल स्थापित कराने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के उद्बोधन में भी राष्ट्र, राम और महापुरुषों का ही सम्मान रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत माता की जय के साथ अपने उद्बोधन की शुरूआत की तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सियावर रामचंद्र भगवान की जयकार से प्रदेशवासियों की भाव से खुद को जोड़ा।

तीनों नेताओं ने पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय व अटल बिहारी वाजपेयी के कृतित्व पर प्रकाश डाला तो वहीं महामना मदन मोहन मालवीय व महाराजा बिजली पासी की जयंती पर उन्हें याद कर वर्तमान पीढ़ी को गौरवशाली इतिहास से परिचित कराया।

### राष्ट्र प्रेरणा स्थल एक नजर में

- कमल पुष्प के आकार वाला राष्ट्र प्रेरणा स्थल
- 230 करोड़ से निर्मित, 65 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित
- 65–65 फिट ऊंची कांस्य प्रतिमाएं (डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय व अटल बिहारी वाजपेयी)
- दो लाख लोगों की क्षमता
- 6300 वर्ग मीटर में संग्रहालय
- 3000 लोगों की क्षमता का विशाल एंफीथियेटर

### बुर्का पहनने पर रोके गए, दूर से सुना भाषण

**लखनऊ :** महानगर स्थित अकबरनगर से विस्थापित कई मुस्लिम दंपति अपने परिवार के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सुनने कार्यक्रम स्थल पहुंचे थे, लेकिन बुर्का धारण करने के कारण सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें मुख्य कार्यक्रम स्थल में प्रवेश नहीं करने दिया। इसके बावजूद दंपतियों ने कार्यक्रम स्थल से कुछ दूरी पर खड़े होकर प्रधानमंत्री का भाषण सुना। प्रधानमंत्री के प्रस्थान और कार्यक्रम के समापन के बाद वे मंच के समीप पहुंचे और वहां फोटो खिंचवाकर इस दिन को यादगार बनाया। बातचीत के दौरान दंपति ने प्रधानमंत्री के आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त की और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी खुले मन से सराहना की। उन्होंने योगी के शासन और सख्त निर्णयों को भविष्य के लिए सही ठहराया। इतना ही नहीं, अकबरनगर से विस्थापन को लेकर उन्होंने किसी प्रकार का दुख व्यक्त नहीं किया, हालांकि नए आवंटित आवास में देय किस्तों में कुछ राहत दिए जाने की इच्छा जरूर जताई।

### झलकियां

- पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की पुत्र वधु एवं महिला आयोग की उपाध्यक्ष अर्पणा यादव ने मीडिया गैलरी में पूरे समय मौजूद रहीं
- मंचासीन रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र नीरज सिंह और भाजपा जिला अध्यक्ष आनन्द दिवेदी ने भी मीडिया गैलरी में बैठकर कार्यक्रम का अवलोकन किया
- पूर्व मंत्री मोहसिन रजा में डी के बाहर प्रथम पंक्ति में मौजूद रहे
- पूर्व विधायक कैंट सुरेश तिवारी भी डी दायरे के बाहर प्रथम पंक्ति में अपने समर्थकों के साथ मौजूद रहे
- भाजपा के कार्यकर्ता और श्रोता, कार्यक्रम खत्म होने के बाद मोदी, योगी समेत अन्य के कट आउट उठाकर ले गए
- फूलों से सजे मंच और आसपास फूलों के गुलदस्ते भी श्रोताओं ने नहीं छोड़ा, अपनी अपनी क्षमतानुसार उठा ले गए।

## बांग्लादेश में भारत विरोधी घटनाओं पर केन्द्र प्रभावी कदम उठाये

लखनऊ, एजेंसी



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बांग्लादेश में भारत विरोधी घटनाओं पर चिंता जाहिर करते हुए गुरुवार को केंद्र सरकार से प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। बसपा प्रमुख ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से एक लंबे पोस्ट में कहा कि हाल के दिनों में बांग्लादेश में जिस प्रकार से भारत व हिन्दू विरोधी घटनायें घटित हो रही हैं, उसको लेकर केन्द्र सरकार को लोगों की अपेक्षा के अनुसार और भी अधिक सक्रियता एवं प्रभावी क़दम उठाने की ज़रूरत लग रही है।

पोस्ट में उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यकों के जान, माल व मज़हब को जिस प्रकार से साम्प्रदायिक हिंसा का शिकार बनाकर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है उससे अपने देश में ही नहीं बल्कि अन्यत्र भी चिन्ता की लहर है। उन्होंने कहा कि हाल ही में वहाँ एक दलित युवक की जिस प्रकार से नृशंस हत्या की गयी है, उसको लेकर भारत भर में लोगों का आक्रोश स्वाभाविक है। भारत सरकार से तुरन्त इसका समुचित संज्ञान लेकर आगे हर स्तर पर कुछ और भी अधिक सक्रिय भूमिका निभाने की देश को आशा है और यही समय की माँग भी लगती है। मायावती ने कहा कि वैसे तो अपने देश में भी ख़ासकर दलितों व आदिवासियों आदि पर जातिवादी द्वेष, जुल्म-ज़्यादती, शोषण व तिरस्कार आदि रुका नहीं है तथा उनकी सुरक्षा को लेकर बने क़ानूनों को एक प्रकार से निष्क्रिय ही बना दिया गया है।

## अटल जी ने विकास के विजन के साथ देश को बढ़ाया: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **मुख्यमंत्री योगी ने लोकभवन में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर की पुष्पांजलि**
- **मुख्यमंत्री ने महामना मदन मोहन मालवीय व राजा बिजली पासी की जयंती पर उन्हें किया नमन**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने लोकभवन स्थित अटल की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मुख्यमंत्री ने महामना मदन मोहन मालवीय, राजा बिजली पासी की जयंती पर उन्हें नमन किया और क्रिश्चियन समाज को क्रिसमस की भी बधाई दी।

योगी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रदेश की राजधानी लखनऊ से प्रतिनिधित्व करते हुए प्रधानमंत्री के रूप में देश को विकास के नए विजन के साथ बढ़ाने का कार्य किया। यह वर्ष विशेष है, श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्मशताब्दी महोत्सव का आयोजन पूरे देश में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। अटल जी की कविताओं के काव्य पाठ, उनके लेखन पर वाद-विवाद, पत्रकारिता, संसद और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अटल जी महत्वपूर्ण भाषण आदि को लेकर पूरे देश में शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थाओं में अनेक कार्यक्रम भी हुए।

सीएम योगी ने कहा कि अटल जी की पैतृक भूमि उत्तर प्रदेश के आगरा के बटेश्वर में है। उनकी उच्च शिक्षा कानपुर और सार्वजनिक जीवन की शुरुआत बलरामपुर से शुरू हुई थी। संसद में उन्होंने सर्वाधिक समय तक उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। अटल बिहारी वाजपेयी जी का विराट व्यक्तित्व व कृतित्व देशवासियों को प्रेरणा प्रदान करता है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को लखनऊ के लोक भवन में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए। ● अमृत विचार

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मदन मोहन मालवीय की भी जयंती पर उन्हें किया याद

सीएम योगी ने पं. मदन मोहन मालवीय को भी याद किया। उन्होंने कहा कि महान राष्ट्रवादी नेता, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक पं. मदन मोहन मालवीय की भी आज पावन जयंती है। मालवीय जी का स्वाधीनता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने 1916 में काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना कर देशवासियों को दृष्टि दी। उनकी सेवाओं के लिए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

### महाराजा बिजली पासी को भी किया नमन

सीएम योगी ने महाराजा बिजली पासी की पावन जयंती पर उन्हें भी नमन किया। कहा कि लखनऊ के महान योद्धा बिजली पासी ने भारत की सनातन परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए विदेशी हुकुमतों की जड़ों को उखाड़ फेंका था। उन्होंने विदेशी आक्रांताओं का डटकर मुकाबला किया। सीएम ने बताया कि डबल इंजन सरकार बिजली पासी के किलों के पुनरुद्धार के लिए निरंतर कार्य करते हुए उस परंपरा से जुड़े सभी महान योद्धाओं के प्रति कृतज्ञता भी ज्ञापित कर रही है।

**अहम निर्णय** | मास्टर डेटा लॉक न होने से वंचित विद्यार्थियों के लिए समाज कल्याण विभाग ने जारी की संशोधित समय–सारिणी

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति से वंचित छात्रों को मिला दोबारा अवसर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● **सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग के साथ-साथ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों पर समान रूप से लागू होगी व्यवस्था**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने छात्र हित में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। समाज कल्याण विभाग ने शैक्षिक सत्र 2025–26 के अंतर्गत संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में समय पर मास्टर डेटा लॉक न हो पाने के कारण वंचित रह गए पात्र छात्र-छात्राओं को दोबारा अवसर प्रदान किया है। इसके लिए विभाग द्वारा संशोधित समय-सारिणी जारी की गई है।

**सभी वर्गों के विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ :** यह संशोधित व्यवस्था सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग के साथ-साथ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों पर समान रूप से लागू होगी। योगी सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र छात्र आर्थिक कारणों से शिक्षा से वंचित न रह जाए।

**पारदर्शी और समयबद्ध होगी प्रक्रिया :** समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बताया कि संशोधित कार्यक्रम छात्रवृत्ति प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, त्रुटिरहित एवं समयबद्ध बनाने की दिशा में एक ठोस पहल है। इससे पात्र विद्यार्थियों को योजना का लाभ समय पर मिल सकेगा।

**अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग को विशेष राहत :** अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के छात्र 31 मार्च 2026 तक आवेदन कर सकेंगे। सभी प्रक्रियाएं पूर्ण होने के बाद अंतिम भुगतान 22 जून 2026 तक किया जाएगा। यह व्यवस्था सामाजिक न्याय की दिशा में योगी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### तिथियों के पालन की अपील

उपनिदेशक आनंद कुमार सिंह ने सभी शिक्षण संस्थानों, विश्वविद्यालयों और विद्यार्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय– सारिणी का कड़ाई से पालन करें, ताकि छात्रवृत्ति प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी हो सके।



### मास्टर डेटा लॉक और सत्यापन की समय-सीमा

समाज कल्याण विभाग के उप निदेशक आनंद कुमार सिंह ने बताया कि संशोधित कार्यक्रम के तहत शिक्षण संस्थानों द्वारा मास्टर डेटा तैयार करने की प्रक्रिया 23 दिसंबर 2025 से 2 जनवरी 2026 तक की जाएगी। विश्वविद्यालयों एवं एफिलिएटिंग एजेंसियों द्वारा फीस एवं छात्र संख्या का सत्यापन 23 दिसंबर से 9 जनवरी 2026 तक तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा मास्टर डेटा और फीस का अंतिम सत्यापन 15 जनवरी 2026 तक पूरा किया जाएगा।

### सामान्य, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग के लिए आवेदन प्रक्रिया

सामान्य, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र 14 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवश्यक अभिलेखों सहित हार्ड कॉपी 21 जनवरी 2026 तक शिक्षण संस्थानों में जमा करनी होगी। संस्थान स्तर पर सत्यापन 27 जनवरी तक, विश्वविद्यालय स्तर पर वास्तविक छात्र सत्यापन 28 जनवरी से 7 फरवरी 2026 तक तथा एनआईसी द्वारा डेटा स्क्रूटनी 9 फरवरी 2026 तक की जाएगी। छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि 18 मार्च 2026 तक पीएफएमएस के माध्यम से आधार–सीडेड बैंक खातों में अंतरित की जाएगी।

## तेंदुए के हमले में युवती की मौत

**बलरामपुर, एजेंसी:** जिले के सोहेलवा वन क्षेत्र के भांभर रेंज में बृहस्पतिवार को जंगल में लकड़ी बीनने गई एक युवती की तेंदुए के हमले में मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सोहेलवा वन क्षेत्र के प्रभागीय वनाधिकारी गौरव गर्ग ने बृहस्पतिवार को बताया कि पचपेड़वा क्षेत्र के विश्वपुर कोडर गांव की थारू जनजाति की युवती कमला देवी (22) गांव की अन्य महिलाओं के साथ जंगल में लकड़ी बीनने गई थी, तभी तेंदुए ने हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि हमले के बाद जंगल से भाग कर अन्य महिलाओं ने गांव वालों को सूचना दी जिसके बाद सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर शव को बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गर्ग ने बताया कि तेंदुए की तलाश के लिए वन विभाग की तीन टीमें लगाई गई है और घटना स्थल के आस पास ट्रैक कैमरे लगाए जा रहे हैं।

## छोटे ने बड़े भाई को जिंदा जलाकर मार डाला

संवाददाता, अमेठी

● **अमेठी के गांव में बुधवार की रात हुई घटना**

**अमृत विचार:** क्षेत्र के दरखा सुंदरपुर गांव में बुधवार रात दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जमीन विवाद को लेकर छोटे भाई ने अपने पुत्रों के साथ मिलकर सगे भाई के छप्पर में आग लगा दी, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना में मृतक की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई।

सुंदरपुर गांव निवासी रामसजीवन गुप्ता (42) बुधवार रात करीब नौ बजे अपने छप्पर में मौजूद थे। आरोप है कि जमीन विवाद को लेकर उनके सगे भाई जगन्नाथ गुप्ता, तथा उसके पुत्र सचिन गुप्ता व सतीश गुप्ता ने योजनाबद्ध तरीके से छप्पर में आग लगा दी। आग इतनी भीषण थी कि रामसजीवन करीब 90 प्रतिशत तक झुलस गए। शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजन तत्काल एंबुलेंस की मदद से रामसजीवन को जिला चिकित्सालय गौरीगंज ले गए, जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान गुरुवार सुबह करीब पांच बजे उनकी मौत हो गई। मृतक की भाभी फुलपती देवी पत्नी कालिका ने थाना अमेठी में तहरीर देकर बताया कि जमीन को लेकर दोनों भाइयों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। पूर्व में मारपीट की घटनाएं भी हो चुकी थीं। मृतक की पत्नी का पहले ही निधन हो चुका था और वह अपने चार वर्षीय पुत्र के साथ छप्पर डालकर जीवन यापन कर रहे थे। थाना प्रभारी रवि सिंह ने बताया कि मृतक की भाभी की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।



मताएं ही भविष्य के विषय में विचार कर सकती हैं,
क्योंकि वे अपनी संतानों में भविष्य को जन्म देती हैं।
**–मैक्सिम गोर्की**, रूसी साहित्यकार

## एक ऐतिहासिक प्रक्षेपण

भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वह केवल वैज्ञानिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं, बल्कि वैश्विक स्पेस इकोनॉमी का भरोसेमंद स्तंभ बनता जा रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड की वाणिज्यिक डील के तहत श्रीहरिकोटा से अपने सबसे ताकतवर रॉकेट एलवीएम-3 के जरिये अमेरिकी कंपनी एएसटी स्पेस मोबाइल के 6100 किलोग्राम वजनी 'ब्लू बर्ड ब्लॉक-2' सैटेलाइट को कक्षा में स्थापित करना ऐतिहासिक इसलिए है, क्योंकि यह भारत का अब तक का सबसे भारी और तकनीकी रूप से जटिल कमर्शियल सैटेलाइट लॉन्च है, जिसे महज 52 दिन की तैयारी में और बिना किसी बाहरी सहयोग के, मात्र डेढ़ किलोमीटर के अंतर से कक्षा में सफलतापूर्वक पहुंचाया गया। इससे पहले 4,000 किलो से ज्यादा के सेटेलाइट के लिए अमेरिका या फ्रांस से मदद लेनी होती थी। साथ ही इसरो ने एस 200 बूस्टर को नियंत्रित करने वाले नए कंट्रोल सिस्टम का परीक्षण भी कर लिया, जिसे गगनयान में इस्तेमाल होना है। इससे भारत 'सिर्फ वैज्ञानिक मिशन' करने वाले देश से आगे बढ़कर वैश्विक स्पेस सर्विस प्रोवाइडर की भूमिका में मजबूती से खड़ा होता दिख रहा है।

'ब्लू बर्ड ब्लॉक-2' का उद्देश्य स्पेस से सीधे धरती पर मौजूद सामान्य स्मार्टफोन्स तक बिना किसी डिश, टॉवर या अतिरिक्त एंटीना के 4जी या 5जी कनेक्टिविटी पहुंचाना है। दरअसल यह एक उड़ता हुआ मोबाइल टॉवर है। इसकी सिग्नल पकड़ने की क्षमता इतनी अधिक है कि पहाड़ों, रेगिस्तानों और समुद्र के बीच भी नेटवर्क की समस्या काफी हद तक समाप्त हो सकती है। पुरानी पीढ़ी की तुलना में यह प्रणाली लगभग दस गुना अधिक शक्तिशाली है, जो दूरस्थ इलाकों के लिए क्रांतिकारी साबित होगी। स्वाभाविक सवाल है कि क्या इसका लाभ भारतीय मोबाइल उपभोक्ताओं को मिलेगा? तकनीकी रूप से हां, क्योंकि यह नेटवर्क वैश्विक कवरेज के लिए डिजाइन किया गया है। हालांकि, शुरुआती चरण में इसकी सेवाएं महंगी हो सकती हैं, क्योंकि स्पेस-टू-फोन तकनीक अभी नई है, लेकिन जैसे-जैसे सेटेलाइट कॉन्स्टेलेशन बढ़ेगा और प्रतिस्पर्धा आएगी, कीमतों में गिरावट तय मानी जा सकती है। दीर्घकाल में यह आपदा प्रबंधन, सीमावर्ती क्षेत्रों, समुद्री संचार और डिजिटल समावेशन के लिए गेम-चेंजर होगा।

प्रक्षेपण के बाज़ार में इसरो का मुकाबला अब स्पेसएक्स जैसी कंपनी से है, जिसका रॉकेट फाल्कन-9 लो अर्थ ऑर्बिट तक 22,800 किलोग्राम ले जाने और रीयूजेबल होने के चलते आक्रामक प्रतिस्पर्धा देता है, लेकिन इसरो की ताकत विश्वसनीयता और सटीकता है, जिसे कंपनियां ज्यादा महत्व देती हैं। इसरो आज भी छोटे रॉकेट्स और पीएसएलवी के क्षेत्र में सबसे किफायती विकल्पों में गिना जाता है। अगला कदम रीयूजेबल लॉन्च व्हिकल का है। 'सूर्य' कोडनेम वाले भारतीय रीयूजेबल रॉकेट पर काम चल रहा है, इस दशक के अंत तक प्रारंभिक परीक्षण की उम्मीद है। तब लागत और प्रतिस्पर्धा दोनों मोर्चों पर हम मजबूत होंगे। एलवीएम-3 को ही गगनयान मिशन के लिए चुना गया है। हालिया सफलता ने गगनयान के रास्ते को और स्पष्ट कर दिया है।

### प्रसंगवश

## रिश्तों को थामें रखें विश्वास की डोर से

किसी भी रिश्ते में जब हम विश्वास की डोर से जुड़े होते हैं, चाहे वह रिश्ता दोस्ती हो, प्यार हो या पारिवारिक, तब हम उस व्यक्ति पर सबसे ज्यादा भरोसा करते हैं। कभी-कभी चीजें अचानक ही बदल जाती हैं, इसके लिए किसी बड़ी घटना का होना जरूरी नहीं होता। फिर पता चलता है कि सब कुछ तो बस एक नाटक की तरह था और हमें यह स्वीकार करना सबसे मुश्किल लगता है।

आज के समय में यह कहानी लाखों-करोड़ों लोगों की है, जब हम किसी को बेतहाशा महत्व देते हैं, उसकी हर बात आंख बंद करके मान लेते हैं, उसके लिए अपने सपने, अपनी खुशी, अपना वक्त तक कुर्बान कर देते हैं, और एक दिन अचानक वही इंसान या रिश्ता हमें नजरअंदाज करने लगता है या पलटकर कह देता है, 'जैसे हम तो कुछ थे ही नहीं कभी'। उस पल सचमुच लगता है कि दुनिया की सबसे बड़ी मूर्खता हमने ही की है।



अम्बिका 'अम्बी'
लेखिका

आज परिवार भी इस धोखे से अछूता नहीं रहा। मां-बाप, जिन्होंने पूरी उम्र बच्चों के लिए खपा दी, आज वही बच्चे बड़े होकर माता-पिता के प्रति अपनी जिम्मेदारी भूल जाते हैं। घर की दीवारें तो खड़ी हैं, पर उनमें पहले जैसी गर्माहट नहीं रही। बहू-बेटे, सास-बहू, भाई-बहन के बीच टकराव आम हो गया है। सच तो यह है कि जितनी तेजी से हमारा समाज और तकनीक बढ़ी है, उतनी ही तेजी से रिश्ते सुविधा और जरूरत तक सिमट गए हैं। अब लोग एक-दूसरे के लिए 'विकल्प' बनकर रह गए हैं, लेकिन क्या वास्तव में हम खुद मूर्ख हैं?

हमें अपनी इस मूर्खता पर भी भरोसा नहीं होता, क्योंकि रिश्ते और दोस्ती में जब कोई हमें यह एहसास दिलाता है कि हम उसके लिए महत्व रखते हैं, तो यह भावना दोनों तरफ से होनी चाहिए, तभी अपनापन और लगाव पैदा होता है। मगर एक दिन अचानक पता चलता है कि हमारी कोई अहमियत ही नहीं थी, हम तो सिर्फ एक विकल्प थे। उस वक्त मन-मस्तिष्क पर क्या बीतती है, कभी सोचा है?

सब कुछ जानकर भी हम अपने स्वभाव को बदल नहीं पाते। नकारात्मक बातों और घटनाओं को हम दूर ठेल देते हैं, क्योंकि हमारे भीतर रिश्तों के प्रति प्रेम और सम्मान अभी भी जिंदा है। हम कीमती हैं। जो हमें समझेगा, वही हमारे साथ रहेगा, यह बात सौ फीसदी सच है। फिर भी कभी-कभी यह भी याद रखना चाहिए कि जो चला गया, उसकी अपनी मजबूरी भी हो सकती है। शायद वह इंसान अंदर से टूट चुका हो, खाली हो चुका हो। या शायद हम उसकी नजर में लायक रहे ही न हों।

इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं कि हमारी कीमत कम हो गई। मतलब सिर्फ इतना है कि कुछ लोग हमें तभी महत्व देते हैं, जब तक हम उनके लिए उपयोगी या विकल्प होते हैं। उसके बाद का भविष्य किसी को नहीं पता। हम मूर्ख नहीं होते। हम सिर्फ प्रेम और भावनाओं से बंध जाते हैं।

हम वे लोग होते हैं जो रिश्ते को 'सच' मान लेते हैं, क्योंकि हम खुद उसी सच से जीते हैं। जब हम किसी को अपना समझते हैं, तो सचमुच अपना सब कुछ कुर्बान कर दे देते हैं, बिना कुछ सोचे-समझे। यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है और यही कभी-कभी हमें सबसे गहरा दुख भी देती है, लेकिन यही दुख हमें अंदर से मजबूत बनाता जाता है और हर परिस्थिति में आगे बढ़ने का हौसला देता है।

## नई गैलेक्सी अलकनंदा की रोमांच भरी खोज





रनबीर सिंह
विज्ञान लेखक

टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ़ फंडामेंटल रिसर्च से संबद्ध एस्ट्रोनॉमर्स ने एक नई गैलेक्सी, अलकनंदा की पहचान करके बड़ी खोज की है। यह एक मेच्योर स्पाइरल गैलेक्सी है, जो बिग बैंग के सिर्फ़ साढ़े दस अरब साल बाद बनी थी। इस नयी गैलेक्सी को यह नाम भारतीय खोजकर्ताओं ने दिया है। यह खोज गैलेक्सी बनने के मौजूदा मॉडल को चुनौती देती है, क्योंकि अलकनंदा हमारी मिल्की-वे जैसी ही साफ़ भुजाओं वाली एक मेच्योर बनावट दिखाती है और यह पहले सोचे गए समय से बहुत कम समय में हुई है। हर साल लगभग सूर्य से दस गुना बड़े द्रव्यमान के बराबर यह गैलेक्सी बहुत तेज़ दर से तारे बना रही है, जो हमारी मॉडर्न मिल्की-वे में तारे बनने की रफ़्तार से लगभग बीस गुना ज़्यादा है।

इस खोज ने गैलेक्सी बनने और कॉस्मिक एव्ल्युशन के बारे में ज्ञात थ्योरी को नया रूप दिया है, जिससे पता चलता है कि गैस एक्रीशन और डिस्क सेटलमेंट जैसे प्रोसेस पहले सोचे गए समय से कहीं ज़्यादा तेज़ी से काम करते हैं। गैलेक्सी की तश्तरीनुमा रचना, कुडंली जैसी भुजाएं और इनमें एक प्रकार की स्थिरता दिखाने वाले कंप्यूटर जेनरेटेड चित्र अभिभूत करने के लिए काफी है। एक ग्रैंड स्पाइरल बनाने में समय लगता है। गैस को आस-पास की जगह से लगातार बहना चाहिए। इसे 'गैस एक्रीशन' कहा जाता है, एक घूमती हुई डिस्क में सेटल होना चाहिए, फिर धीमी गति से चलने वाली वेव्स जिन्हें 'डेंसिटी वेव्स' कहा जाता है, स्पाइरल आर्म्स को शेप देने के लिए डिस्क को डिस्टर्ब कर सकती हैं। पूरे सिस्टम को दूसरी गैलेक्सीज़ के साथ ज़ोरदार टक्करों से बिना डिस्टर्ब हुए रहना चाहिए। सूर्य का द्रव्यमान पृथ्वी से तीन लाख, 30 हज़ार गुना अधिक होता है।

**टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ़ फंडामेंटल रिसर्च से संबद्ध एस्ट्रोनॉमर्स ने एक नई गैलेक्सी, अलकनंदा की पहचान करके बड़ी खोज की है। यह एक मेच्योर स्पाइरल गैलेक्सी है, जो बिग बैंग के साढ़े दस अरब साल बाद बनी थी।**

एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स जर्नल के नवंबर 2025 के अंक में इस खोज की घोषणा करने वाला पेपर 10 पन्नों में प्रकाशित हुआ है, जिसके लिए खोजकर्ताओं ने 85 से ज्यादा महत्वपूर्ण संदर्भ दिए हैं, जिन्हें खगोलविद्या के ख्यात जर्नल्स जैसे कि मंथली नोटिसेस ऑफ़ द रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी, साइंस, एस्ट्रोफिजिकल जर्नल, नेचर, प्रोसीडिंग्स ऑफ़ द इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉमिकल यूनियन और पब्लिकेशंस ऑफ़ द एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी ऑफ़ पैसिफिक से लिए गए हैं। यह खोज काफी समय तक जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए किए गए अवलोकन से प्राप्त डाटा के विश्लेषण को पहले के डाटा के संदर्भ में देख कर हुई है।

जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की ऑब्ज़र्व्ड फ्रेम नियर इंफ्रारेड सेंसिटिविटी और रिज़ॉल्यूशन बहुत ज़्यादा है, जिससे पहली बार रेडशिफ्ट पर स्पाइरल गैलेक्सी का पता लगाना मुमकिन हुआ है। एस्ट्रोनॉमर्स ने हाई रेडशिफ्ट पर मॉर्फोलॉजिकल डिस्क गैलेक्सी की एक बड़ी आबादी की खोज की है। हाई-रेडशिफ्ट डिस्क गैलेक्सी की खोज गैलेक्सी बनने की हमारी मौजूदा समझ के लिए चुनौती खड़ी करती है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की सेंसिटिविटी हमें हाई-रेडशिफ्ट डिस्क गैलेक्सी में स्पाइरल फीचर्स का पता लगाने में भी मदद करती है। रेड-शिफ्ट का अर्थ है ब्रह्मांड में एक पिंड तेज़ी से पृथ्वी से दूर हो रहा है।

हमारे दो खगोलविदों राशि जैन और योगेश वदादिकर का यह बरसों का काम है। ये दोनों पुणे स्थित राष्ट्रीय रेडियो खगोल भौतिकी केंद्र, टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान में कार्यरत हैं। राशि जैन खगोल भौतिकी केंद्र में पीएचडी स्कॉलर हैं। राशि ने कई रिसर्च प्रोजेक्ट्स में योगदान दिया है, जिसमें यूक्लिड और ग्राउंड-बेस्ड डेटा का इस्तेमाल करके बहुत ज़्यादा लाल एक्टिव गैलेक्टिक न्यूक्लिआई का अध्ययन करना शामिल है। उन्होंने विस्टा/विरकाम टेलीस्कोप और भारत के पहले स्पेस-बेस्ड टेलीस्कोप एस्ट्रो सैट/यूवीआईटी से इंफ्रारेड डेटा के साथ भी काम किया है। राशि की विद्या संबंधी रुचियों में एस्ट्रोनॉमिकल डेटा क्लीनिंग, एनालिसिस और विज़ुअलाइज़ेशन के साथ-साथ एक यूनिवर्सिटी में एस्ट्रोफिजिक्स पढ़ाना शामिल है। राशि का अगला लक्ष्य नई खोजी गई गैलेक्सी अलकनंदा में तारों और गैस की गति का अध्ययन करना है।

उक्त रिसर्च पेपर में दिया गया साइंटिफिक आंकड़ा काफी जटिल है, जिसे खगोलविदों की भाषा में उच्च प्रशिक्षण से समझा जा सकता है। इसमें दी गई एस्ट्रोनॉमिकल और एस्ट्रोफिजिकल टर्म्स को समझने के लिए विषय से संबंधित कैटेलॉग्स और शब्दावली कोश देखने की जरूरत महसूस होती है। कुल मिलाकर राशि जैन और प्रोफेसर योगेश वदादेकर द्वारा की गई खोज को विश्व के ख्यात खगोलविदों और अमरीका की नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन ने सराहा है।

इस खोज का श्रेय तो भारत के खाते में आया ही है, लेकिन भविष्य की खगोल विद्या में बढ़त के लिए इसका महत्त्व स्पष्ट हुआ है, क्योंकि यह ब्रह्मांड की उत्पत्ति के प्रारंभिक दौर की घटनाओं के महत्त्व को रेखांकित करता है। इस गैलेक्सी में बारे में जो भी सूचना प्राप्त हुई है, उससे सृष्टि के निर्माण के प्रारंभिक सूत्र मालूम हो सकते हैं और यह भी कि किस प्रकार से ग्रेविटी और इलेक्ट्रो-मैग्नेटिज्म एनर्जी और पदार्थ रूपांतरण को प्रभावित करते हैं। रोमांच से परे सृष्टि निर्माण के रहस्यों के उद्घाटन की यह कहानी अभी और विस्तार पाएगी।

स्टडी के को-ऑथर योगेश वदादेकर कहते हैं कि अलकनंदा से पता चलता है कि शुरुआती यूनिवर्स हमारी उम्मीद से कहीं ज़्यादा तेज़ी से गैलेक्सी बनाने में काबिल था। किसी तरह, यह गैलेक्सी कुछ सौ मिलियन सालों में दस अरब सोलर मास के तारों को एक साथ लाने और उन्हें एक खूबसूरत स्पाइरल डिस्क में ऑर्गनाइज़ करने में कामयाब रही। यह कॉस्मिक स्टैंडर्ड के हिसाब से बहुत तेज़ है और यह एस्ट्रोनॉमर्स को यह सोचने पर मजबूर करता है कि गैलेक्सी कैसे बनती हैं। साइंटिस्ट अब इस बात पर बहस करेंगे कि अलकनंदा की स्पाइरल आर्म्स कैसे बनीं।

### आमने सामने



एमपी-एमएलए कमीशन वसूलते हैं, एक रुपये में 10 पैसे कमीशन आता है। अपने पार्टी फंड में दिए 40 लाख भी कमीशन से आए थे। मैंने बेटे संतोष सुमन से कहा कि विकास फंड से 5-10% कमीशन लेकर पार्टी मजबूत करें, हर विधायक-सांसद ऐसा करता है।
**-जीतन राम मांझी,** केंद्रीय मंत्री

वे सात दिनों के भीतर सार्वजनिक रूप से, उसी माध्यम से, बिना किसी शर्त के माफी मांगें। अपने बयान को वापस लें और भविष्य में इस तरह की भाषा का इस्तेमाल न करने का लिखित भरोसा दें। अगर ऐसा नहीं किया, तो आपराधिक और दीवानी कार्रवाई की जाएगी।
**-सोमनाथ भारती**
नेता आम आदमी पार्टी



## अयोध्या की राजकुमारी की 'घर वापसी'



धनीश शर्मा
लेखक

हमारे देश भारतवर्ष में यदाकदा मूर्तियों का अनावरण होता रहता है। हर साल न जाने कितनी ही मूर्तियां चौराहों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लगाई जाती हैं। अधिकतर मामलों में ये प्रतिमाएं किसी न किसी राजनीतिक, धार्मिक या क्षेत्रीय पहचान तक सीमित रह जाती हैं, लेकिन इस बार उत्तर प्रदेश के अयोध्या में सरयू नदी के किनारे स्थित कोरिया मेमोरियल पार्क में स्थापित की गई प्रतिमा सामान्य मूर्ति-अनावरण से अलग है और अपने भीतर एक व्यापक सांस्कृतिक महत्व समेटे हुए है।

यह प्रतिमा राजकुमारी सूरी रत्ना की है, जिन्हें कोरिया में 'रानी-हो (हेओ ओक)' के नाम से जाना जाता है। प्राचीन कोरियाई ग्रंथों के अनुसार, वह लगभग दो हजार वर्ष पहले (48 ईस्वी के आसपास) अयोध्या से समुद्री मार्ग के जरिए दक्षिण कोरिया के ग्योंगसांग प्रांत पहुंची थीं। वहां उन्होंने गया राज्य के राजा किम सुरो से विवाह किया और आगे चलकर 'रानी-हो' के नाम से प्रसिद्ध हुईं। कोरियाई पुराणों और ग्रंथ समगुक यूसा में उनका उल्लेख राजकुमारी 'सुरीरत्ना' या 'हेओ ओक' के रूप में मिलता है, जिनकी उत्पत्ति कुछ विद्वान भारत के 'आयुत' अर्थात अयोध्या से जोड़ते हैं, हालांकि इतिहासकारों के बीच इस कथानक को लेकर मतभेद हैं और इसके ठोस प्रमाण आज भी बहस का विषय बने हुए हैं।

**अयोध्या में राजकुमारी सूरी रत्ना की प्रतिमा स्थापित की गई है। वह लगभग दो हजार वर्ष पहले अयोध्या से समुद्री मार्ग के जरिए दक्षिण कोरिया के ग्योंगसांग प्रांत पहुंची थीं।**

कहते हैं, राजकुमारी सूरी रत्ना के माता-पिता को एक सपना आया था, जिसमें एक दिव्य आवाज ने उन्हें अपनी बेटी को गिमहे भेजने का निर्देश दिया था। वजह यह थी कि गिमहे के राजा सूरो को अपने लिए एक उपयुक्त रानी की तलाश थी। इसके बाद राजकुमारी ने समुद्री मार्ग से लगभग 4500 किलोमीटर की लंबी यात्रा पूरी कर अपने सपनों के राजकुमार तक पहुंचने का साहसिक निर्णय लिया।

बताया जाता है कि भले ही राजकुमारी सूरी रत्ना और राजा किम सुरो के जीवन से जुड़ी ऐतिहासिक जानकारियां सीमित हैं, लेकिन आज कोरिया में दोनों के 60 लाख से अधिक वंशज माने जाते हैं, जो कुल कोरियाई आबादी का लगभग 10 प्रतिशत हैं। यही कारण है कि कोरियाई समाज में अयोध्या को आज भी 'ननिहाल' के रूप में देखा जाता है। वर्ष 2019 में राजकुमारी सूरी रत्ना की स्मृति में भारत और दक्षिण कोरिया ने संयुक्त रूप से एक डाक टिकट भी जारी किया था। वहीं भारतीय संस्कृति की जड़ें उनके वंशजों में आज भी जीवित हैं। यही कारण है कि हर वर्ष उनके वंशज भारत आकर राजकुमारी सूरी रत्ना और अयोध्या से जुड़े अपने सांस्कृतिक संबंधों को स्मरण करते हैं।

कोरिया और अयोध्या के इन पुराने संबंधों को नई पहचान देने के उद्देश्य से सरयू नदी के किनारे स्थित कोरिया मेमोरियल पार्क में 12 फुट ऊंची और लगभग 1.2 टन वजनी राजकुमारी सूरी रत्ना 'रानी-हो' की प्रतिमा स्थापित की गई है। यह प्रतिमा विशेष कोरियाई धातु से तैयार की गई है और इसे आधुनिक तकनीक से सजाया गया है, ताकि भारत और कोरिया के बीच प्राचीन सांस्कृतिक रिश्तों की स्मृति को लंबे समय तक सहेजकर रखा जा सके।

भव्य राम मंदिर के निर्माण के बाद अयोध्या पहले ही वैश्विक पर्यटन के एक बड़े केंद्र के रूप में उभर चुकी है। अब कोरिया मेमोरियल पार्क और राजकुमारी सूरी रत्ना की प्रतिमा के जुड़ने से अयोध्या की अंतर्राष्ट्रीय पहचान को और मजबूती मिली है। जानकारों का मानना है कि प्रतिमा स्थापित होने के बाद दक्षिण कोरिया से आने वाले बौद्ध और अन्य पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इससे पर्यटन गतिविधियों के साथ-साथ स्थानीय कारोबार और रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा मिलेगा। अयोध्या अब केवल एक धार्मिक नगरी नहीं, बल्कि एक अंतर्राष्ट्रीय विरासत स्थल के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर रही है।

भारत और दक्षिण कोरिया का संबंध केवल सांस्कृतिक स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यापार और उद्योग के क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच गहरा जुड़ाव है। जहां एक तरफ ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स कोरियाई कंपनियो की धूम पूरी दुनिया में है, वहीं कोरियाई कंपनियों का इलेक्ट्रॉनिक्स मार्केट एक बड़े बाजार के रूप में भारत मे स्थापित हो चुका है। ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और औद्योगिक उत्पादन जैसे क्षेत्रों में कोरियाई कंपनियां लंबे समय से भारत में निवेश कर रही हैं। ऐसे में अयोध्या में कोरियाई पर्यटकों के आगमन से स्थानीय व्यापार, पर्यटन उद्योग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को नई गति मिलेगी।

राजकुमारी सूरी रत्ना की प्रतिमा केवल एक ऐतिहासिक कथा का स्मरण भर नहीं है, बल्कि यह भारत और कोरिया के बीच सदियों पुराने रिश्तों को वर्तमान संदर्भ से जोड़ने वाला एक सांस्कृतिक सेतु है। यह स्मारक इस बात का प्रमाण है कि जब इतिहास और संस्कृति को सम्मान के साथ सहेजा जाता है, तो वे समाज और देशों को जोड़ने का काम करते हैं। इसी अर्थ में कहा जा सकता है कि राजकुमारी सूरी रत्ना आज भी भारत और कोरिया के बीच एक जीवंत सेतु की तरह मौजूद हैं।

### सोशल फोरम

## रूप बदलते 'ईश्वर'

आज से कोई चार हज़ार साल पहले बेबीलोन दुनिया का सबसे बड़ा शहर था। बेबीलोन का सम्राट स्वयं को मार्दूक नामक ईश्वर का प्रतिनिधि बतलाता था। उसका कहना था कि उसने जो नियम और संहिताएं तय की हैं, वो उसे स्वयं मार्दूक ने कहकर सुनाई थीं! आज जब आप मार्दूक के बारे में पड़ताल करने जाते हैं, तो एक वाक्य पर आपका ध्यान टिक जाता है- 'मार्दूक बेबीलोन का अधिपति और पैतृक-ईश्वर था!'



सुशोभित
लेखक

ध्यान रहे- मार्दूक 'था', है नहीं। मार्दूक अब नहीं है। मार्दूक मर गया! किंतु वह आज से चार हज़ार साल पहले 'अतिशय जीवित' था। कालान्तर में बेबीलोन नष्ट हो गया, उसका सम्राट हम्मूराबी मर-खप गया, उसके द्वारा बनाए गए नियम-क़ायदे मिट्टी में मिल गए, तो उसके साथ ही मार्दूक भी धीरे-धीरे विलुप्त हो गया! तब, मार्दूक बेबीलोन का अधिपति था या फिर बेबीलोन ही मार्दूक का जन्मदाता था? ईश्वर अमर नहीं है! समय के साथ ईश्वर मर जाते हैं। इससे भी बड़ी विडंबना यह है कि समय के साथ ईश्वर अपहृत कर लिए जाते हैं। यूनानियों के साथ यही हुआ। जब रोमनों ने यूनान को जीता, तो उनके ईश्वर भी हथिया लिए और उनके नाम बदल दिए!

नतीजा, जो यूनानियों के लिए ज़ीयस था, वह रोमनों के लिए जुपिटर हो गया, जो यूनानियों के लिए ओदिसियस था, वह रोमनों के लिए यूलिसस हो गया, जो यूनानियों के लिए अफ्रोदाइत थी, वह रोमनों के लिए वीनस हो गई। किंतु यूनानियों पर कृपा करके रोमनों ने अपोलो का नाम नहीं बदला। उसे अपोलो ही रहने दिया।

जब एक सभ्यता दूसरी को जीत लेती है, तो उसके शहरों का ही नाम नहीं बदलते, उसके देवताओं के नाम भी बदल देते हैं। एथेंस और देल्फ़ी के मंदिरों में यूनानी जिन देवताओं को पूजते थे, उन बेचारों को क्या मालूम था कि बुरा समय आने पर वो ऐसे पाला बदल लेंगे कि वो ईश्वर के भरोसे नहीं थे, ईश्वर उनके भरोसे थे!

ईश्वर अलग-अलग सभ्यता के अनुसार रूप-रंग बदल लेते थे। ईजिप्ट में आठ प्रमुख ईश्वरों की पूजा की जाती थी, किंतु वो ईजिप्शियनों की तरह लंबी-पतली दाढ़ी रखते थे। अब इन अकेर, अमुन, अन्हुरादि ईश्वरों ने ईजिप्शियनों को अपने रूप में रचा था या ईजिप्शियनों ने ही इन ईश्वरों को अपनी छवि में ढाल दिया था? मेसोपोटामिया के ईश्वर टोपी पहनते थे। ठीक वैसी, जैसे टिग्रिस और यूफ्रेटस के दोआब में रहने वाले सुमेरियन और अक्कादियन बाशिंदे पहना करते थे। यूनानियों के देवता घने बालों वाले थे। वो यूनानी दार्शनिकों सरीखे दिखाई देते थे। **-फेसबुक वाल से**

### सामयिकी

## कोहरे से हारती जिंदगी व मुश्किल होता सफर

उत्तर भारत में सर्दियों के दौरान कोहरा इतना घना हो जाता है कि कुछ मीटर आगे देख पाना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे हालात में थोड़ी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है। यमुना एक्सप्रेसवे पर 16 दिसंबर को मथुरा के पास कोहरे के कारण सुबह करीब साढ़े तीन बजे एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें आठ बसें और तीन कारें आपस में टकरा गईं। इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि 70 से अधिक लोग घायल हो गए। इस हादसे से ठीक दो दिन पहले भी ऐसा ही एक हादसा हुआ। विजिबिलिटी कम होने के कारण यूपी-हरियाणा में एक के बाद एक कई हादसे हुए, जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई। इन सभी हादसे की वजह कम विजिबिलिटी बताई जा रही है।

घने कोहरे के मौसम में सड़क सुरक्षा एक गंभीर चुनौती बन जाती है। खासकर उत्तर भारत में सर्दियों के दौरान कोहरा इतना घना हो जाता है कि कुछ मीटर आगे देख पाना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे हालात में थोड़ी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है। सड़क परिवहन मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, होने वाले कुल सड़क हादसों में करीब नौ फीसदी सड़क हादसे धुंध की वजह से होते हैं। धुंध की वजह से होने वाले सड़क हादसों में मौतों से दोगुनी संख्या घायलों की होती है। रिपोर्ट की मानें तो कई हजार लोग घायल हो जाते हैं। पिछले साल संसद में सड़क परिवहन मंत्रालय ने बताया है कि साल 2019 में कोहरे कि वजह से 35,602 सड़क दुर्घटनाएं हुई, वहीं साल 2020 में 26,541 दुर्घटनाएं दर्ज की गईं। साल 2021 में 28,934 दुर्घटनाएं घटीं तो साल 2022 में कोहरा 34,262 सड़क दुर्घटनाओं की वजह बना।



रोहित माहेश्वरी
स्वतंत्र पत्रकार

16 दिसंबर को पंजाब में घने कोहरे से बरनाला और तपा मंडी में हुए दो सड़क हादसों में एक ही परिवार के तीन लोगों समेत पांच लोगों की मौत हुई। वजह वही, घने कोहरे के चलते दृश्यता में कमी और स्थिति का आकलन न कर पाने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो जाना। विडंबना है कि जब हमने चांद और मंगल ग्रह तक दस्तक दे दी है तो राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेस-वे पर यात्रियों के जान-माल की रक्षा के लिए धुंध से मुक्ति की तकनीक क्यों नहीं लगा पा रहे हैं?

बीते 14 दिसंबर कोहरे के कोहराम से 66 वाहनों के टकराने से एक छात्रा समेत चार लोगों की मौत हरियाणा में भी हुई। चरखी दादरी में एक स्कूल बस और रोडवेज की बस की आमने-सामने की टक्कर में एक ग्यारहवीं की छात्रा की मौत हो गई और तीस से अधिक छात्राएं और शिक्षक, बस चालक समेत घायल हो गए। वहीं तेज रफ्तार वाले नेशनल हाईवे 152-डी पर एक के बाद एक, अनेक वाहन दृश्यता की कमी के चलते दुर्घटनाग्रस्त हो गए, जिसमें तीन युवकों की मौत हो गई और 24 से अधिक लोग घायल हो गए। निश्चय ही निर्दोष लोगों का यूं असमय काल-कवलित होना बेहद दुखद ही है।

कमोबेश दुर्घटनाओं की संख्या कम करके जान-माल का नुकसान कम करने का प्रयास होना ही चाहिए। यह सजगता नागरिकों के स्तर पर भी जरूरी है। यात्रा के समय के चयन और धुंध के बीच वाहन चालन में अतिरिक्त सतर्कता की जरूरत होती है। राष्ट्रीय राजमार्ग व एक्सप्रेस-वे पर पर्याप्त रोशनी और धुंध में दृश्यता बढ़ाने के तकनीकी प्रयास किए जाएं। मौसमी बाधा के बीच दुर्घटना का एक बड़ा कारण राजमार्गों के किनारे अवैध रूप से जगह-जगह खोले गए ढाबे भी बनते हैं। दरअसल, होटल-ढाबों के पास वाहनों को अपने परिसर में खड़ा करने की जगह नहीं होती, जिसके चलते ट्रक व अन्य वाहन सड़कों में खड़े रहते हैं, जिसके चलते अक्सर तेजी से आने वाले वाहन दृश्यता की कमी से इन खड़े वाहनों से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

हाल ही में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और रोबोटिक्स के क्षेत्र में हुए तेज विकास से दुनिया में कुछ लोग उत्साहित हैं, तो कुछ आशंकित। कुछ को लगता है कि जल्द इंसान को काम करने की जरूरत नहीं रहेगी, सब कुछ एआई, रोबोट करेंगे। दूसरी ओर अन्य लोगों का मानना है कि अनियंत्रित एआई सबकुछ नष्ट कर देगी, लेकिन दोनों तरह की सोच अतिवादी है। दरअसल तकनीक गति देती है, दिशा नहीं। दिशा इंसान ही तय करता है-अपनी नीतियों से, संस्थाओं और समझदारी से। अगर मानव समाज अपनी तैयारी मजबूत करता है, तो आने वाला समय सबसे उत्पादक और मानवीय संवेदनाओं से भरा दौर साबित हो सकता है, लेकिन अगर सुरक्षा तंत्र कमजोर रहा तो वही तकनीक सबसे बड़ा खतरा भी बन सकती है।



राजेश जैन
लेखक



# एआई और रोबोटिक्स
## एक सपना, चेतावनी और भविष्य

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई और रोबोटिक्स के क्षेत्र में अपूर्व विकास को लेकर हाल ही में एक ओर एलन मस्क का दावा सामने आया है, तो दूसरी तरफ ओपन एआई की चेतावनी आई है। एलन मस्क का दावा है कि जल्दी ही इंसान को कमाने की जरूरत नहीं रहेगी, सब काम रोबोट करेंगे। दूसरी तरफ ओपन एआई की चेतावनी है कि सुपरइंटेलीजेंस नियंत्रण से बाहर गई, तो नुकसान असीम होगा। मस्क का मानना है कि 2030 तक लाखों की संख्या में ह्यूमनॉइड रोबोट उद्योगों में काम करते दिखेंगे। इससे 24×7 काम, कई गुना प्रोडक्टिविटी और हर नागरिक के लिए यूनिवर्सल हाई इनकम जनरेट होगी। एआई जब फिजिकल लेबर में बदलेगा, तब इंसान की भूमिका मूल रूप से रचनात्मक और वैकल्पिक रह जाएगी, लेकिन इसका दूसरा पहलू भी है। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि इतिहास गवाह है कि हर ऑटोमेशन क्रांति ने असमानता बढ़ाई है। इससे मशीनों के मालिक, कंपनियां और भी अमीर होती हैं, जबकि श्रमिकों की भूमिका घटती जाती है। इससे आय के असमान वितरण की खाई बहुत अधिक बढ़ जाएगी।






### जब मशीनें खुद सोचने लगेंगी

ओपन एआई का संदेश भावनात्मक नहीं, रणनीतिक है। दरअसल ह्यूमनॉइड रोबोट तभी उपयोगी होंगे जब उन्हें चलाने वाली एआई अत्यधिक बुद्धिमान होगी और वही सुपरइंटेलिजेंस अगर नियंत्रण से बाहर हुई, तो वही रोबोट खतरा बन जाएंगे। यानी मस्क का सपना और ओपनएआई की चेतावनी, दोनों एक ही हाईवे के दो अलग साइनबोर्ड हैं। एक विकास की दिशा दिखाता है, दूसरा खतरे की चेतावनी देता है। खतरा यह कि नियंत्रण तंत्र कमजोर हुआ, तो एआई खुद लक्ष्य चुन सकती है। ऐसे में साइबर और बायो-रिस्क नए रूप ले सकते हैं। इसलिए यह सिर्फ एआई तेज हो रही है, वाली कहानी नहीं, यह एआई इंसानी ढांचे को पार करने वाली चेतावनी है।

### दिशा इंसान तय करेगा तकनीक नहीं

तकनीक का भविष्य न तो पूरी तरह सपना है, न पूरा खतरा। यह इंसान की समझदारी, संवेदना और दूरदर्शिता की परीक्षा है। अगर हमने सही दिशा तय की, तो आने वाला दशक इंसान और तकनीक के सह-अस्तित्व का सबसे सुंदर युग बन सकता है। वरना वही तकनीक, जो आज हमारी मददगार है, कल हमारी सबसे बड़ी चुनौती भी बन सकती है।




### मस्क बनाम ओपन एआई

- ह्यूमनॉइड रोबोट तभी उपयोगी होंगे जब उन्हें चलाने वाली एआई अत्यधिक बुद्धिमान होगी और वही सुपरइंटेलिजेंस अगर नियंत्रण से बाहर हुई, तो वही रोबोट खतरा बन जाएंगे। यानी मस्क का सपना और ओपनएआई की चेतावनी, दोनों एक ही हाईवे के दो अलग साइनबोर्ड हैं। इनमें एक विकास की दिशा दिखाता है, दूसरा खतरे की चेतावनी देता है।
- चार संभावित दिशाएं, जिस ओर भविष्य की दुनिया मुड़ सकती है-
- रोबोटिक समृद्धि का मॉडल : उत्पादन में उछाल, शिक्षा-स्वास्थ्य में क्रांति और हर नागरिक के लिए सुरक्षित आय।
- असमानता का अतिवादी मॉडल : कुछ कंपनियों के पास सारा नियंत्रण, समाज में गहरी आर्थिक खाई और निराशा।
- अनियंत्रित सुपरइंटेलिजेंस : ऐसी मशीनें जो इंसान की समझ से परे फैसले लें और नियंत्रण खत्म हो जाए।
- संतुलित सह-अस्तित्व : सख्त नियम, पारदर्शी एल्गोरिद्म और ग्लोबल निगरानी से नियंत्रित तकनीकी विकास।
- भविष्य कौन-सा रास्ता चुनता है, यह हमारी नीतियों, राजनीति और सामाजिक तैयारी पर निर्भर करेगा। बहरहाल, समाज के ढांचे में बदलाव तय है। घरों में बुजुर्गों से लेकर बच्चों की देखभाल तक में रोबोट मुख्य भूमिका निभाएंगे। हर बच्चे को उसके अनुकूल शिक्षा मिलेगी। स्कूलों में एक ही क्लासरूम में 40 बच्चे होंगे, पर 40 अलग-अलग पाठ्यक्रम चलेंगे। रूटीन जॉब्स खत्म होंगे, लेकिन 'ह्यूमन-लेयर' वाली नौकरियां उभरेंगी क्यूरेटर, फैसिलिटेटर, क्रिएटर। अर्थव्यवस्था में टैक्स मॉडल बदलेगा। जैसे-रोबोट टैक्स लगेगा, नई वेलफेयर योजनाएं आएंगी। साथ ही दुनिया को अगले दशक में ग्लोबल एआई रेगुलेशन, एल्गोरिदम पारदर्शिता, साइबर सुरक्षा के नए मानक और एआई गलती से निपटने की जरूरत होगी।



## जंगल की दुनिया



### निकोबार मेगापोड एक दुर्लभ और संवेदनशील पक्षी

निकोबार मेगापोड, जिसे निकोबार स्क्रबफाउल भी कहा जाता है, एक बहुत ही खास और दुर्लभ पक्षी है। यह पक्षी केवल भारत के निकोबार द्वीप समूह में पाया जाता है और दुनिया के किसी अन्य हिस्से में नहीं मिलता। यह मेगापोडिडाए परिवार से संबंधित है और अपने अनोखे प्रजनन तरीके के लिए जाना जाता है।

निकोबार मेगापोड अपने अंडों को सेने के लिए घोंसला नहीं बनाता। इसके बजाय यह मिट्टी, पत्तियों और अन्य सड़ने वाले पदार्थों का बड़ा टीला बनाता है। इन सड़ते हुए पदार्थों से निकलने वाली गर्मी से अंडे अपने आप से जाते हैं। जब चूजे निकलते हैं, तो वे खुद ही मिट्टी के ढेर से बाहर आ जाते हैं। खास बात यह है कि ये चूजे जन्म के समय ही पूरी तरह पंखों से ढके होते हैं और तुरंत उड़ सकते हैं। यह गुण इसे अधिकांश पक्षियों से अलग बनाता है। निकोबार मेगापोड का आवास बहुत सीमित है, जिससे यह प्रजाति काफी संवेदनशील हो गई है। इसकी संख्या कम होने, जंगलों के नष्ट होने, मानव गतिविधियों और शिकार के कारण यह खतरे में है। 2004 की सुनामी ने भी इसकी आबादी को भारी नुकसान पहुंचाया था। इसी कारण IUCN ने इसे "Vulnerable" (असुरक्षित) श्रेणी में रखा है। यह पक्षी जैव विविधता के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इसके संरक्षण के लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता है।

## टेक जानकारी

### Google Maps से जानें AQI

आए दिन उत्तर भारत के कई हिस्सों से वायु प्रदूषण को लेकर गंभीर खबरें सामने आ रही हैं। लगातार बिगड़ती हवा की गुणवत्ता ने आम लोगों की दिनचर्या को प्रभावित कर दिया है। रोज घर से बाहर निकलकर काम पर जाने वाले लोगों के लिए अब न केवल सांस लेना कठिन होता जा रहा है, बल्कि सड़कों पर वाहन चलाना भी चुनौती बन गया है। सरकार भले ही एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) को नियंत्रित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही हो, लेकिन हालात अभी भी चिंताजनक बने हुए हैं। ऐसे में तकनीक आम जनता के लिए एक बड़ी मदद साबित हो रही है। Google Maps आपको आपके आसपास के इलाकों की रियल-टाइम एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) जानकारी आसानी से उपलब्ध कराता है। आइए आपको बताते हैं आप Google Maps पर आसानी से AQI कैसे चेक कर सकते हैं।



### ऐसे चेक करें AQI

- स्टेप 1: Google Maps की होम स्क्रीन पर जाएं और नीचे बाईं ओर 'Explore' पर टैप करें।
- स्टेप 2: यहां आपको मौसम और AQI दिखाने वाला एक आइकन नजर आएगा, उस पर क्लिक करें।
- स्टेप 3: अब आपकी लोकेशन का टेम्परेचर दिखेगा और उसके नीचे 'Air Quality' का ऑप्शन मिलेगा।
- स्टेप 4: Air Quality पर टैप करते ही आपके आसपास की हवा की क्वालिटी स्क्रीन पर दिखाई देने लगेगी।
- Google Maps में लाल और हरे रंग का क्या मतलब होता है?

Google Maps में 0 से 500 तक का एक स्केल दिखता है, जिसमें हरा, पीला, नारंगी और लाल जैसे रंग नजर आते हैं। ये रंग आपके इलाके की हवा की क्वालिटी बताते हैं। अगर यह स्केल 0 से 100 के बीच है, तो हवा को काफी हद तक सेफ माना जाता है और स्क्रीन पर हरा रंग दिखता है, लेकिन अगर यह स्केल 500 के करीब पहुंच जाए और स्क्रीन पूरी तरह लाल दिखे, तो समझिए हवा बहुत खराब है और बाहर निकलने से पहले सावधानी बरतना जरूरी होता है।

## वैज्ञानिक

### जगदीश चंद्र बोसः पादप संवेदनशीलता के अग्रदूत

प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक आचार्य जगदीश चंद्र बोस का नाम आधुनिक विज्ञान के इतिहास में अत्यंत सम्मान के साथ लिया जाता है। वे न केवल एक महान भौतिक विज्ञानी थे, बल्कि जीवविज्ञानी और आविष्कारक के रूप में भी उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने विज्ञान की विभिन्न शाखाओं के बीच की सीमाओं को तोड़ते हुए ऐसे शोध किए, जिन्होंने प्रकृति और जीवों के प्रति मानव की समझ को एक नई दिशा प्रदान की।

जगदीश चंद्र बोस का सबसे प्रसिद्ध आविष्कार क्रेस्कोग्राफ है। यह एक अत्यंत संवेदनशील वैज्ञानिक उपकरण था, जिसकी सहायता से पौधों की सूक्ष्म से सूक्ष्म गतिविधियों और वृद्धि को मापा जा सकता था। इस यंत्र के माध्यम से बोस ने यह सिद्ध किया कि पौधे केवल निर्जीव वस्तुएं नहीं हैं, बल्कि वे भी बाहरी उद्दीपनों के प्रति प्रतिक्रिया करते हैं। उन्होंने प्रयोगों द्वारा दिखाया कि प्रकाश, ध्वनि, तापमान तथा रासायनिक पदार्थों जैसे कारकों का पौधों पर गहरा प्रभाव पड़ता है।

क्रेस्कोग्राफ की सहायता से बोस ने यह भी प्रमाणित किया कि पौधों में संवेदनशीलता और प्रतिक्रिया की क्षमता होती है, जो किसी हद तक तंत्रिका तंत्र जैसी प्रतीत होती है। इस खोज ने पादप तंत्रिका जीवविज्ञान की अवधारणा को जन्म दिया और पौधों के अध्ययन को एक नई वैज्ञानिक दृष्टि प्रदान की। उनके प्रयोगों ने यह स्पष्ट किया कि पौधे अपने पर्यावरण को महसूस करते हैं और उसके अनुसार अपने व्यवहार में परिवर्तन करते हैं।

जगदीश चंद्र बोस के कार्यों ने न केवल पादप शरीर क्रिया विज्ञान की नींव को मजबूत किया, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि सभी जीवित प्राणी किसी न किसी रूप में एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। उनका वैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रकृति के प्रति सम्मान और समग्रता की भावना को दर्शाता है। इस प्रकार, बोस का योगदान न केवल जीवविज्ञान के क्षेत्र में, बल्कि संपूर्ण विज्ञान जगत के लिए प्रेरणास्रोत बना हुआ है।



# सेटेलाइट्स के लिए बड़ा खतरा अंतरिक्ष में फैला कचरा

पृथ्वी के ऑर्बिट में फैले अंतरिक्ष के कचरे ने खगोल वैज्ञानिकों के सामने बड़ी समस्या खड़ी कर दी है। यह वैज्ञानिकों के ऑब्जर्वेशन में बाधा डालने लगा है। साथ ही अंतरिक्ष में विचरते हमारे सैटेलाइट्स के लिए भी बड़ा खतरा बन गया है। वर्तमान में 10 सेमी. से बड़े आकार का 50 हजार से अधिक कचरा पृथ्वी के ऑर्बिट में तैर रहा है। पृथ्वी के ऑर्बिट में फैला कचरा इंसानों की देन है। जब से अंतरिक्ष में मिशन यानी पृथ्वी की कक्षा में सैटेलाइट्स भेजने का मिशन शुरू हुआ, तभी से अंतरिक्ष में कचरे की समस्या भी उत्पन्न शुरू हो गई। अंतरिक्ष में भेजे गए सैटेलाइट के कार्य का निश्चित समय होता है और कुछ वर्षों के मियाद के बाद काम करना बंद कर देते हैं और बिना किसी काम का सैटेलाइट कचरा बन जाता है। वर्ष 1957 में स्पुतनिक-1 के प्रक्षेपण किया गया था। इसके बाद पृथ्वी की कक्षा में हजारों की संख्या में कृत्रिम उपग्रह भेजे गए हैं, जिनमें अधिकांश निष्प्रयोज्य हो चुके हैं और अंतरिक्ष में तैर रहे हैं। अंतरिक्ष से कचरे की पहचान करने में यूरोपीय स्पेस एजेंसी विगत दो दशक से कार्य रही है और अभी तक 10 सेमी से बड़े आकार के 54 हजार से अधिक कचरे के टुकड़ों की पहचान की जा चुकी है और 1-10 सेमी के बीच की संख्या 1.2 मिलियन है। इनके अलावा 1 मिमी से छोटे कचरे की संख्या लाखों में पहुंच चुकी हैं।





बबलू चंद्रा
नैनीताल

### 2000 किमी के दायरे में फैला कचरा

इस कचरे में 70 प्रतिशत कचरा पृथ्वी के निचले ऑर्बिट में मौजूद है और दो हजार किमी के दायरे में फैला हुआ है। वर्ष 2009 में अमेरिकी सैटेलाइट इरिडियम-33 और रूसी कोस्मोस-2251 के बीच हुई टक्कर के कारण दोनों सैटेलाइट के टुकड़े-टुकड़े हो गए और हजारों की संख्या में कचरा फैल गया, जबकि गत वर्ष बोइंग द्वारा बनाए गए इंटेलसैट 33 उपग्रह के टूटने से पृथ्वी की कक्षा में काफी अंतरिक्ष कचरा फैल गया। इसके 20 नए टुकड़े अंतरिक्ष में फैल गए।

### करना पड़ता है दोबारा अध्ययन

वैज्ञानिक कहते हैं कि कचरे के छोटे टुकड़े पृथ्वी की ओर आए, तो वह जलकर नष्ट हो जाते हैं, लेकिन ये नीचे आने की जगह निश्चित ऑर्बिट में घूमते रह जाते हैं और हमारे जीवित सैटेलाइट के लिए खतरा बन जाते हैं। साथ ही दूरबीनों से चांद, तारों समेत अन्य घटनाओं के ऑब्जर्वेशन के दौरान कचरा सामने आ जाने से खगोलीय अध्ययन में बाधा उत्पन्न कर जाता है। कई-कई बार दोबारा से अध्ययन करना पड़ता है।



### स्पेस एजेंसियां कर रहीं कचरा हटाने का काम

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डॉ. शशिभूषण पांडे के अनुसार अंतरिक्ष का कचरा वैश्विक समस्या है और मुख्य रूप से सर्वाधिक जिम्मेदार भी विकसित देश हैं, जिन्होंने सबसे अधिक कचरा अंतरिक्ष में फैलाया है और यही देश कचरा हटाने के उपाय भी तलाश रहे हैं। इस दिशा में नासा ने सबसे पहले ऑर्बिटल डेब्रिस प्रोग्राम नाम से मिशन शुरू किया था। इसके बाद रूस, यूरोप और चीन के साथ भारत भी कचरा हटाने के मिशन में जुट गया है।

### एरीज भी उतरने जा रहा अंतरिक्ष में

एरीज के खगोल वैज्ञानिक डॉ. वीरेंद्र यादव के अनुसार इसमें दो राय नहीं कि पृथ्वी के नजदीक घूमते क्षुद्रग्रहों की संख्या हजारों में जा पहुंची है, जो धरती के लिए बड़ा खतरा हैं, लेकिन एक और खतरा सामने नजर आ रहा, जो अंतरिक्ष का कचरा है। यह कचरा निष्प्रयोज्य हो चुके यानी जिन कृत्रिम उपग्रहों ने काम करना बंद कर दिया है, वह हमारी कक्षा में घूम रहे हैं और आसमान में घूमते हमारे सैटेलाइट्स के लिए बड़ा खतरा बन चुके हैं। एरीज अंतरिक्ष में फैले इस कचरे की खोज का कार्य जल्द शुरू करने जा रहा है। इसके लिए एरीज पुरानी दूरबीनों को दुरुस्त कर रहा है। इस कार्य में सर्वप्रथम 14 इंच की दूरबीन की मदद ली जाएगी।

## भारत में पेट्रोल पंप की संख्या एक लाख के पार

नई दिल्ली। देश में पेट्रोल पंप की संख्या 2015 से दोगुना होकर 1,00,000 के पार पहुंच चुकी है। सार्वजनिक क्षेत्र के ईंधन खुदरा विक्रेताओं ने बाजार हिस्सेदारी को बनाए रखने तथा ग्रामीण एवं राजमार्ग क्षेत्रों में ईंधन की पहुंच को और अधिक बढ़ाने के लिए तेजी से पेट्रोल पंप का विस्तार किया है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, नवंबर के अंत तक देश में 1,00,266 पेट्रोल पंप थे।



ब्रीफ न्यूज

### सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स की आईपीओ लाने की योजना नहीं

नई दिल्ली। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स की फिलहाल भारत में अपने कारोबार को सूचीबद्ध करने की कोई योजना नहीं है। इसके बजाय कंपनी अपने उत्पादों में एआई को अपनाने में तेजी लाने और सबसे महत्वपूर्ण विकास बाजारों में से एक में बिक्री बढ़ाने के लिए अपनी उपभोक्ता वित्त इकाई का विस्तार करने पर ध्यान देगी। सैमसंग के दक्षिण पश्चिम एशिया के अध्यक्ष एवं सीईओ जेबी पार्क के अनुसार दक्षिण कोरिया की कंपनी भारत में अपने विनिर्माण विस्तार को और मजबूत करना चाहती है। उसने भारत में मोबाइल फोन 'डिस्प्ले' के विनिर्माण के लिए कल-पुर्जों की खरीद को लेकर उत्पाद से जुड़ी प्रोत्साहन के तहत आवेदन किया है।

### भारत के इंजीनियरिंग सामानों के निर्यात में तेज उछाल

नई दिल्ली। अमेरिका तथा यूरोपीय संघ (ईयू) के बाजार के लिए निर्यात में तेज़ बढ़ोतरी की बदौलत इस वर्ष नवंबर में देश के इंजीनियरिंग निर्यात में 23.76 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की गई। भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी-इंडिया) के गुरुवार को जारी एक विश्लेषण के मुताबिक नवंबर के आंकड़ों में सुधार यूरोप और अमेरिकी बाजारों में निर्यात में तेजी के साथ साथ एक साल पहले के तुलनात्मक निम्न आधार के प्रभाव का भी हाथ है। अक्टूबर में इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात एक साल पहले की तुलना में 17 प्रतिशत घटकर 9.37 अरब डॉलर के चालू वित्त वर्ष के न्यूनतम स्तर पर आ गया था।

### भारत तीसरी बार किम्बर्ली प्रक्रिया की करेगा अध्यक्षता

नई दिल्ली। भारत अगले साल एक जनवरी से तीसरी बार किम्बर्ली प्रक्रिया (केपी) की अध्यक्षता करेगा। यह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से विवादित हीरों को हटाने की एक वैश्विक पहल है। वाणिज्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बयान में यह बात कही। केपी विभिन्न देशों, उद्योग एवं नागरिक समाजों की एक संयुक्त पहल है। इसका उद्देश्य उन विवादित हीरों के प्रवाह को नियंत्रित करना है।

# इस साल सेंसेक्स ने दिया 9 % रिटर्न स्मॉलकैप के निवेशकों को नुकसान

## जीडीपी की तुलना में बाजार पूंजीकरण 136% रहा, पूंजी निर्माण 19.17 लाख करोड़ पार

- 2024 में एनएसई का निफ्टी-50 सूचकांक 8.8 प्रतिशत और बीएसई 8.17 प्रतिशत बढ़ा था

मुंबई, एजेंसी



शेयर बाजार में दिग्गज कंपनियों में पैसा लगाने वाले निवेशकों के लिए साल 2025 पिछले साल की तुलना में बेहतर रहा और प्रमुख सूचकांकों ने नौ से दस प्रतिशत का रिटर्न दिया हालांकि छोटी कंपनियों में निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ा।

एनएसई का निफ्टी-50 सूचकांक साल के दौरान 2,497.30 अंक यानी 10.56 प्रतिशत चढ़कर बुधवार को 26,142.10 अंक पर बंद हुआ। पिछले साल यह 8.8 प्रतिशत चढ़ा था। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स भी 7,269.69 अंक (9.30 प्रतिशत) चढ़ा और बुधवार को 85,408.70 अंक पर बंद हुआ। यह पिछले साल 8.17 प्रतिशत बढ़ा था। निफ्टी का मिडकैप-50 सूचकांक 8.15 प्रतिशत और बीएसई का मिडकैप सूचकांक 0.78 प्रतिशत चढ़ा। पिछले साल दोनों सूचकांकों ने क्रमशः 21.52 फीसदी और 26.07 फीसदी का रिटर्न दिया था। वहीं, छोटी कंपनियों के सूचकांकों में गिरावट रही। बीएसई का स्मॉलकैप 6.68 प्रतिशत गिरकर 51,493.62 अंक पर आ गया है। यह इस साल 3,686.98 अंक टूट चुका है। पिछले साल यह 29.31 प्रतिशत चढ़ा था। इसी तरह, निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 5.65 प्रतिशत (1,060.60 अंक) टूट गया और 24 दिसंबर को 17,708.60 अंक पर बंद हुआ। पिछले साल इसने भी 23.94 प्रतिशत का बंपर रिटर्न दिया था।

एनएसई ने गुरुवार को बताया कि साल के दौरान उसका बाजार पूंजीकरण 469 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है जो करीब 6.8 प्रतिशत की वृद्धि है। जीडीपी की तुलना में बाजार पूंजीकरण 136 प्रतिशत रहा। साल के दौरान पूंजी निर्माण 19.17 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। इक्विटी, डेट और बिज़नेस ट्रस्ट के जरिये कुल 19.17 लाख करोड़ रुपये का फंड जुटाया गया, जो वर्ष 2023-24 के 17.89 लाख करोड़ रुपये से करीब सात फीसदी ज्यादा रहा। इक्विटी से कुल 4.12 लाख करोड़ रुपये जुटाये गये, जबकि डेट के जरिये 14.72 लाख करोड़ रुपये आये।

### नई कंपनियों के सूचीबद्ध में दूसरा स्थान

इक्विटी डेरिवेटिव कारोबार में एनएसई दुनिया में नंबर एक पर रहा। दुनिया भर में होने वाले कुल लेनदेन में इसकी हिस्सेदारी 53.2 फीसदी रही। नई कंपनियों को सूचीबद्ध करने के मामले में इसने दुनिया में दूसरा स्थान हासिल किया और इसकी वैश्विक हिस्सेदारी 16.2 फीसदी रही। निवेशकों की भागीदारी और घरेलू संपत्ति में बढ़त देखी गयी। पंजीकृत निवेशकों की कुल संख्या 1.5 करोड़ बढ़कर 12.4 करोड़ पहुंच गयी। इसमें उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और तमिलनाडु से सबसे ज्यादा भागीदारी देखने को मिली। अप्रैल 2020 से अब तक भारतीय शेयर बाजार में घरेलू संपत्ति में करीब 53 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। इस साल एनएसई आईएक्स ने पहली बार एक लाख करोड़ डॉलर के टर्नओवर का आंकड़ा पार किया और यह 1,106 अरब डॉलर तक पहुंच गया।

# भारत में एआई से जॉब पर खतरा कम

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईटी सचिव कृष्णन बोले- ये कहना गलत कि एआई से इंसानी कामगारों की जरूरत घटेगी



सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सचिव एस कृष्णन ने कहा है कि एआई के कारण ज्ञान-आधारित नौकरियों के प्रभावित होने का जोखिम पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले भारत में कम है। कुल कार्यबल में दफ्तर वाली नौकरियों की अपेक्षाकृत कम हिस्सेदारी और विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं गणित (स्टेम) आधारित रोजगारों का वर्चस्व होने के कारण ऐसा है।

कृष्णन ने एक बातचीत में कहा कि रोजगार पर एआई के संभावित प्रभावों को लेकर जो आशंकाएं जताई जा रही हैं, भारत के संदर्भ में उन्हें उसी तीव्रता से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत में दफ्तर वाली नौकरियों का अनुपात पश्चिमी देशों की तुलना में काफी कम है, जिससे दिमाग से किए जाने वाले कार्यों पर आधारित नौकरियों पर एआई से पड़ने वाला जोखिम सीमित रहता है। कृष्णन के अनुसार भारत में अन्य नौकरियों की तुलना में दफ्तर वाली नौकरियों की संख्या कम है। इसलिए ज्ञान-आधारित नौकरियों पर एआई का जोखिम उतना गंभीर नहीं है जितना अन्य देशों में है। इसके अलावा, दफ्तर वाले अधिकांश रोजगार स्टेम क्षेत्र में हैं, जो हमारे लिए अवसर भी पैदा करते हैं।

आईटी सचिव का मानना है कि एआई ऐसी पहली प्रौद्योगिकी है, जो मुख्य रूप से ज्ञान-आधारित कर्मचारियों और संज्ञानात्मक श्रम को प्रभावित करने की क्षमता रखती है। पहले की औद्योगिक और अन्य क्रांतियों में मशीनों ने मुख्य रूप से शारीरिक श्रम की जगह ली थी, न कि दिमाग से किए जाने वाले कार्यों को प्रतिस्थापित किया था। हालांकि, उन्होंने इस धारणा से असहमति जताई कि एआई निकट भविष्य में इंसानी कामगारों की जरूरत को पूरी तरह समाप्त कर देगा।

### बड़ी संख्या में प्रशिक्षित पेशेवरों की जरूरत होगी

उन्होंने कहा कि एआई का वास्तविक और व्यापक प्रभाव विभिन्न क्षेत्रों के लिए विशिष्ट एवं उपयोग-आधारित एप्लिकेशन के विकास और तैनाती से आएगा जिसके लिए बड़ी संख्या में प्रशिक्षित पेशेवरों की जरूरत होगी। कृष्णन ने कहा, "यही वह क्षेत्र है जहां भारत दुनिया को सबसे अधिक योगदान दे सकता है और जहां एआई से जुड़े रोजगार के अवसर वास्तव में पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि भारत न केवल अपनी घरेलू जरूरतों के लिए बल्कि वैश्विक स्तर पर भी एआई की तैनाती और उसके उपयोग की मजबूत स्थिति में है।

# स्वामी-2 कोष की जल्द होगी शुरुआत, अटकी परियोजनाओं में एक लाख मकानों का निर्माण होगा

नई दिल्ली, एजेंसी

- 15,000 करोड़ रुपये के कोष के शुरू होने से एक लाख मध्यमवर्गीय मकान खरीदारों को राहत मिलेगी



सरकार स्वामी-2 कोष की रूपरेखा को अंतिम रूप दे रही है और जल्द ही इसको चालू कर दिया जाएगा ताकि अटकी पड़ी आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए अंतिम चरण का वित्तपोषण उपलब्ध कराया जा सके।

सूत्रों का कहना है कि इस 15,000 करोड़ रुपये के कोष के शुरू होने से करीब एक लाख मध्यमवर्गीय मकान खरीदारों को राहत मिलेगी जिनके निवेश, अपार्टमेंट के लिए लिए गए ऋणों की ईएमआई (समान मासिक किस्त) का भुगतान करने के बावजूद अटके हुए हैं। इसके लिए सरकार ने बजट 2025-26 में 'किफायती और मध्यम आय वाले आवास के लिए विशेष व्यवस्था' के लिए 1,500 करोड़ रुपये की प्रारंभिक पूंजी पहले ही आवंटित कर दी है।

सूत्रों ने बताया कि नए कोष के लिए रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा रहा है और जल्द ही मंजूरी मिल जाएगी। यह कोष व्यावसायिक रूप से व्यवहारिक परियोजनाओं को अंतिम चरण का वित्त पोषण प्रदान करेगा और अटकी हुई आवासीय परियोजनाओं में निवेश को गति देगा। केंद्र ने नवंबर 2019 में देश में अटकी हुई आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए 'किफायती और मध्यम आय वाले आवास के लिए विशेष व्यवस्था' (स्वामी) नाम से एक कोष की घोषणा की थी। रुकी हुई आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर ऋण वित्तपोषण प्रदान करने हेतु एक वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) के रूप में एक 'विशेष खिड़की' बनाई गई। इस कोष का प्रबंधन भारतीय स्टेट बैंक समूह की कंपनी एसबीआईकैप वेंचर्स लिमिटेड करती है।

## इस साल 24 बड़े शहरों में औद्योगिक- लॉजिस्टिक क्षेत्रों की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची

**नई दिल्ली।** देश में इस साल औद्योगिक और लॉजिस्टिक क्षेत्रों की मांग अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई, जिसमें 24 बड़े शहरों में कुल 7.65 करोड़ वर्ग फुट की जगह को पट्टे पर लिया गया। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी सेविल्स इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, इन जगहों में 29 प्रतिशत स्थान निर्माण क्षेत्र ने पट्टे पर लिया, 28 प्रतिशत जगह तृतीय पक्ष की लॉजिस्टिक कंपनियों ने और 12 प्रतिशत ई-कॉमर्स कंपनियों ने ली।

सेविल्स इंडिया ने बताया कि भारत का औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र महामारी के बाद भी तेजी से बढ़ रहा है और इस साल इसका वार्षिक पट्टा लेने का स्तर 7.65 करोड़ वर्ग फुट तक पहुंच गया, जो अब तक का सबसे उच्च स्तर है। पिछले साल 2024 में औद्योगिक और लॉजिस्टिक क्षेत्रों की पट्टेदारी 6.45 करोड़ वर्ग फुट थी। इस साल कुल पट्टेदारी में अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई, दिल्ली-एनसीआर और पुणे ने 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

# 'विजन आईएएस' पर लगाया 11 लाख रुपये का जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी

- कोचिंग संस्थान ने जानकारी छिपाई कि सफल उम्मीदवारों ने किन पाठ्यक्रमों में दाखिला लिया था

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने शैक्षणिक संस्थान 'विजन आईएएस' पर यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में अपने छात्रों के प्रदर्शन के बारे में भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए 11 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

उपभोक्ता संरक्षण कानूनों के तहत बार-बार अपराध करने पर जुर्माना लगाने का यह पहला मामला है। सीसीपीए ने पाया कि 'अजय विजन एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के रूप में आधिकारिक तौर पर पंजीकृत कोचिंग संस्थान ने जानबूझकर इस बारे में जानकारी छिपाई कि सफल उम्मीदवारों ने वास्तव में किन पाठ्यक्रमों में दाखिला लिया था, जिससे यह गलत धारणा बनी कि सभी 'टॉपर्स' ने लाखों रुपये के महंगे 'फाउंडेशन कोर्स' किए थे। सचिव निधि खरे ने बताया कि दूसरी बार अपराध करने पर जुर्माना लगाने का यह पहला मामला है। नियामक हस्तक्षेप व आगाह किए जाने के बावजूद संस्थान ने नए विज्ञापनों में भी इसी तरह के दावे करना जारी रखा जो उचित सावधानी और नियामक अनुपालन की कमी को दर्शाता है।



# सैन्यकर्मियों को इंस्टाग्राम के इस्तेमाल की अनुमति, पोस्ट-टिप्पणी पर मनाही

## वॉट्सएप पर मैसेज कर करने की मिली छूट, 5 साल पहले लगाया था बैन

नई दिल्ली, एजेंसी




भारतीय सेना ने अपने सोशल मीडिया दिशा-निर्देशों में बदलाव करते हुए सैन्यकर्मियों को इस शर्त के साथ इंस्टाग्राम पर अकाउंट बनाने की अनुमति दी है कि वे न तो कोई पोस्ट और न ही कोई टिप्पणी करेंगे। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि इस कदम का उद्देश्य सैन्यकर्मियों को सूचना के डिजिटल युग के प्रति जागरूक करना और संवेदनशील सूचनाओं के किसी भी कारण से या अनजाने में सार्वजनिक होने से बचाना है। रक्षा प्रतिष्ठान के एक सूत्र ने बताया कि दिशा-निर्देशों में संशोधन कुछ दिन पहले लागू किया गया था और यह भारतीय सेना की सभी रैंकों पर लागू होता है। सूत्र ने बताया, संशोधित दिशा-निर्देशों का मूल रूप से मतलब यह है कि सेना के जवान अब इंस्टाग्राम पर अकाउंट तो बना सकते हैं, लेकिन इस शर्त के साथ कि वे केवल पोस्ट देख सकते हैं और सोशल मीडिया मंच पर कोई सामग्री या टिप्पणी पोस्ट नहीं कर सकते। सूत्र ने बताया कि मूल रूप से, किसी भी प्रकार की उपयोगकर्ता-जनित सामग्री (यूजर जनरेटेड कंटेंट) की अनुमति नहीं है, इसलिए किसी पोस्ट को 'लाइक' करना भी उसी श्रेणी में आएगा। पहले, सेना के जवान 'एक्स' पर 'साइन अप' करके उसका इस्तेमाल कर सकते थे, लेकिन इंस्टाग्राम पर नहीं। एक अन्य सूत्र ने कहा, सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पहले से ही प्रतिबंध लागू हैं, इसलिए 'एक्स' का उपयोग करने वाले सैन्यकर्मी केवल पोस्ट देख सकते हैं, लेकिन पोस्ट नहीं कर सकते या उन पर टिप्पणी नहीं कर सकते।

### सेना प्रमुख ने स्मार्टफोन रखने की आवश्यकता पर दिया था जोर

सूत्रों ने बताया, इन दिशा-निर्देशों में इस बदलाव का मूल कारण यह है कि सूचना युग बदल रहा है और सेना इस सूचना जगत से खुद को अलग नहीं रख सकती। सूत्रों ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से सेना के जवान देश के अंदर और बाहर की घटनाओं को देख, समझ और उनसे संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और खुद को उनसे अवगत रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन, यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि सोशल मीडिया मंच पर अनजाने में कोई भी संवेदनशील जानकारी सार्वजनिक न हो जाए।

## पर्यावरण चिंताओं पर मोदी की कथनी-करनी में अंतर: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अरावली पर्वतमाला से जुड़े मुद्दे को लेकर गुरुवार को आरोप लगाया कि पर्यावरण संबंधी चिंताओं पर प्रधानमंत्री मोदी की वैश्विक स्तर की कथनी और उनकी स्थानीय स्तर की करनी के बीच कोई तालमेल नहीं है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि अरावली का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा नई परिभाषा के तहत संरक्षित नहीं किया जाएगा और इसे खनन, रियल एस्टेट और अन्य गतिविधियों के लिए खोला जा सकता है जो पहले से ही तबाह पारिस्थितिकी तंत्र को और नुकसान पहुंचाएगा। रमेश ने ''एक्स'' पर पोस्ट किया, मोदी सरकार द्वारा अरावली की पुनर्परिभाषा, जो सभी विशेषज्ञों की राय के विपरीत है, खतरनाक और विनाशकारी है। भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई) के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 20 मीटर से अधिक ऊंची अरावली पहाड़ियों का केवल 8.7 प्रतिशत हिस्सा ही 100 मीटर से अधिक ऊंचा है।

# क्रिसमस की प्रार्थनासभा में पहुंचे प्रधानमंत्री, शुभकामनाएं दीं

- कहा- क्रिसमस की भावना हमारे समाज में सद्भाव और सामंजस्य को प्रेरित करेगी

नई दिल्ली, एजेंसी


नई दिल्ली के कैथेड्रल चर्च ऑफ द रिडेम्पशन में प्रार्थना सभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली के 'कैथेड्रल चर्च ऑफ द रिडेम्पशन' में क्रिसमस की प्रार्थनासभा में हिस्सा लिया। इस अवसर पर दिल्ली और उत्तर भारत से बड़ी संख्या में आए ईसाई श्रद्धालु गिरजाघर में उपस्थित थे। इस प्रार्थना सभा में प्रार्थनाएं, कैरल (गीत), भजन और दिल्ली के बिशप राइट रेवरेंड डॉ. पॉल द्वारा प्रधानमंत्री के लिए एक विशेष प्रार्थना शामिल थी।

मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मैंने दिल्ली के 'कैथेड्रल चर्च ऑफ द रिडेम्पशन' में क्रिसमस की सुबह की प्रार्थना में हिस्सा लिया। प्रार्थना में प्रेम, शांति और करुणा का शाश्वत संदेश झलक रहा था। आशा है कि क्रिसमस की भावना हमारे समाज में सद्भाव और सामंजस्य को प्रेरित करेगी। इससे पहले प्रधानमंत्री ने देशवासियों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी थीं। उन्होंने 'एक्स' पर एक अन्य पोस्ट में लिखा, शांति, करुणा और आशा से भरे क्रिसमस की सभी को शुभकामनाएं। ईसा मसीह की शिक्षाएं हमारे समाज में सद्भाव को सुदृढ़ करें। पिछले कुछ वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी नियमित रूप से ईसाई समुदाय से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लेते रहे हैं।

वर्ष 2023 में ईस्टर के अवसर पर उन्होंने दिल्ली के 'सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल' में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया था। उन्होंने 2023 में क्रिसमस पर दिल्ली स्थित अपने आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर एक कार्यक्रम की मेजबानी की थी।

# राष्ट्रीय राजधानी में इस साल 23 हजार लोग हुए लापता

नई दिल्ली, एजेंसी

- 60 प्रतिशत से अधिक शिकायतें महिलाओं से जुड़ी हुई

राष्ट्रीय राजधानी में इस साल 15 दिसंबर तक कुल 23,340 लोगों की गुमशुदगी की शिकायतें दर्ज कराई गईं, जिनमें से 60 प्रतिशत से अधिक शिकायतें महिलाओं से जुड़ी हुई हैं। दिल्ली पुलिस की ओर से जारी आंकड़ों से यह खुलासा हुआ है।

आंकड़ों के मुताबिक, लापता व्यक्तियों में 14,166 महिलाएं (लगभग 61 प्रतिशत) और 9,174 पुरुष (39 प्रतिशत) शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार, 2025 में गुमशुदा हुए 14,3895 लोगों का पता लगा लिया गया, जिनमें 8,672 महिलाएं (60 प्रतिशत) और 5,713 पुरुष (40 प्रतिशत) शामिल थे। पुलिस के अनुसार, 8,955 गुमशुदा लोगों के बारे में कोई सुराग नहीं मिल सका, जिनमें 5,494 महिलाएं (करीब 61 प्रतिशत)और 3,461 पुरुष (39 प्रतिशत) शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि लापता होने वाले लोगों में वयस्कों की संख्या सबसे ज्यादा थी। उसने बताया कि 2025 में 18 साल से अधिक उम्र के कुल 17,623 वयस्कों की गुमशुदगी की शिकायतें दर्ज कराई गईं, जिनमें 10,020 महिलाएं (लगभग 57 प्रतिशत) और 7,603 पुरुष (लगभग 43 प्रतिशत) शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, गुमशुदा वयस्कों में से 10,173 का पता लगा लिया गया, जिनमें 5,653 महिलाएं और 4,520 पुरुष शामिल हैं, जबकि 4,367 महिलाओं सहित कुल 7,450 लोग अब भी लापता हैं।

पुलिस के अनुसार, 2025 में लापता हुए कुल लोगों में 5,717 बच्चे शामिल थे, जिनमें से 73 फीसदी (4,146) लड़कियां और 27 प्रतिशत (1,571) लड़के थे। गुमशुदा बच्चों में से 4,212 का पता लगा लिया गया, जिनमें 3,019 लड़कियां और 1,193 लड़के शामिल हैं।

## कर्नल पर हमले में पुलिस के चार अधिकारियों के खिलाफ आरोपपत्र

**चंडीगढ़।** सीबीआई ने मार्च में कर्नल पुष्पिंदर सिंह बाठ पर हुए कथित हमले के सिलसिलि में पंजाब पुलिस के चार अधिकारियों के खिलाफ मोहाली की एक अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया है। पुलिस निरीक्षक रॉनी सिंह समेत चार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया है। यह घटनाक्रम जुलाई में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की ओर से मामले की जांच सीबीआई को सौंपे जाने के पांच महीने बाद सामने आया है। घटना 13,14 मार्च की दरमियानी रात को घटी थी, जब कर्नल व उनका बेटा पटियाला में ढाबे पर खाना खा रहे थे। पार्किंग विवाद को लेकर उन पर और उनके बेटे पर हमला हुआ था।

# प्राकृतिक खेती दिलाएगी बीमारियों से मुक्ति : शाह

- केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा- देश में 40 लाख किसान प्राकृतिक खेती कर रहे

रीवा, एजेंसी



मध्य प्रदेश के रीवा स्थित बासमन मामा गौवंश वन्य विहार का दौरा करते केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह व अन्य।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को रासायनिक उर्वरकों को अनेक प्रकार की बीमारियों की जड़ करार दिया और कहा कि प्राकृतिक खेती से न सिर्फ किसानों की आय बढ़ती है बल्कि पानी की बचत भी होती है और लोगों को अनेक बीमारियों से मुक्ति भी मिलती है।

शाह ने यहां आयोजित 'कृषक सम्मेलन'' को संबोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती एक ऐसा पारंपरिक प्रयोग है, जिसे समय के साथ लोग भूलते चले गए जबकि एक ही देसी गाय से 21 एकड़ भूमि में प्राकृतिक खेती की जा सकती है। उन्होंने कहा कि किसान की मेहनत से जो अनाज उत्पन्न होता है, वह पूरी दुनिया का पेट भरता है। शाह ने कहा, आज अनेक प्रकार की बीमारियों की जड़ रासायनिक उर्वरक हैं। प्राकृतिक खेती एक ऐसा प्रयोग है, जो किसान की आय को कम नहीं होने देता है और साथ ही उसकी उपज को शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण बनाता है। उन्होंने कहा, इससे आय बढ़ती है, पानी की बचत होती है और लोगों को अनेक बीमारियों से मुक्ति मिलती है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि देश में लगभग 40 लाख किसान प्राकृतिक खेती अपना चुके हैं। शाह ने कहा कि दुनिया में प्राकृतिक खेती का बहुत बड़ा बाजार है और वैश्विक बाजार में देश के किसानों की उपज बेहतर तरीके से पहुंच सके, इसके लिए भूमि परीक्षण से लेकर प्रमाणीकरण, उपज की प्रयोगशाला में जांच और पैकेजिंग तक की पूरी व्यवस्था विकसित की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सहकारिता मंत्रालय के माध्यम से दो बड़ी सहकारी संस्थाओं की स्थापना की है, जो प्राकृतिक खेती की उपज का प्रमाणीकरण, विश्वस्तरीय आधुनिक लैब में उसका परीक्षण, पैकेजिंग, मार्केटिंग और निर्यात का कार्य कर रही हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### होंडुरास के राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप समर्थित नासरी अस्फुरा विजयी

**तेगुसिगल्पा।** होंडुरास में ट्रंप समर्थित उम्मीदवार नासरी अस्फुरा को राष्ट्रपति चुनाव में विजेता घोषित किया गया है। निर्वाचन अधिकारियों ने बुधवार दोपहर इसकी घोषणा की, जिससे हफ्तों से जारी मतगणना का अंत हुआ। इस लंबी प्रक्रिया ने मध्य अमेरिकी देश की नाजुक चुनावी प्रणाली की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए थे। यह चुनाव लातिन अमेरिका में दक्षिणपंथ की ओर झुकाव को आगे बढ़ाता है। इससे ठीक एक सप्ताह पहले चिली में भी दक्षिणपंथी नेता जोस एंतोनियो कास्ट को राष्ट्रपति चुना गया था। रूढ़िवादी नेशनल पार्टी के नेता अस्फुरा को 30 नवंबर को हुए चुनाव में 40 .27 प्रतिशत वोट मिले। उन्होंने कंजरवेटिव लिबरल पार्टी के चार बार के उम्मीदवार साल्वाडोर नसराला को बेहद करीबी मुकाबले में हराया, जिन्हें 39 .53 प्रतिशत मत प्राप्त हुए।

### अफगानिस्तान में एक वर्ष में 6,000 साक्षरता शिक्षा केंद्र खोले गए

**काबुल।** अफगानिस्तान सरकार ने देश में निरक्षरता कम करने के लिए इस साल अब तक 6,276 साक्षरता शिक्षा केंद्र स्थापित किए हैं। स्थानीय मीडिया टोलो न्यूज ने गुरुवार को शिक्षा मंत्रालय के हवाले से यह जानकारी दी। इसका मकसद युवाओं और वयस्कों में पढ़ने-लिखने के बुनियादी कौशल में सुधार करना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों में शुरू किए गए इन केंद्रों में 4,317 शिक्षक हैं, जो फिलहाल 11,519 छात्रों को पढ़ा रहे हैं। यह पहल खास तौर पर वंचित समुदायों पर केंद्रित है। ये साक्षरता कार्यक्रम अफगानिस्तान में शिक्षा क्षेत्र को बढ़ावा देने और सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के प्रयास का हिस्सा हैं।

### प्रसिद्ध फिलिस्तीनी अभिनेता बाकरी का 72 की आयु में निधन

**तेल अवीव।** फिलिस्तीनी निर्देशक और अभिनेता मोहम्मद बाकरी का 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया। बाकरी ने अरबी और हिब्रू दोनों भाषाओं में विभिन्न रचनाओं के माध्यम से फलस्तीनी पहचान व संस्कृति की जटिलताओं को साझा करने का प्रयास किया। बाकरी को मुख्य रूप से 2003 में निर्देशित वृत्तचित्र 'जेनिन, जेनिन' के लिए जाना जाता है। यह वृत्तचित्र दूसरे फलस्तीनी विद्रोह 'इंतिफादा' के दौरान 2002 में उत्तरी वेस्ट बैंक शहर में इजराइली सैन्य अभियान पर आधारित था। फलस्तीनी निवासियों की दुर्दशा, भारी विनाश और पीड़ा को दर्शाने वाले इस वृत्तचित्र को इजराइल ने प्रतिबंधित कर दिया था।

# अमेरिका-भारत संबंधों पर पेंटागन की रिपोर्ट निराधार

**बीजिंग, एजेंसी**

- **बीजिंग ने कहा- भारत और चीन में मतभेद बढ़ाना चाहता है अमेरिका**

चीन ने अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन की एक रिपोर्ट को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया है कि चीन ने भारत-अमेरिका संबंधों को कमजोर करने और पाकिस्तान के साथ रक्षा संबंध मजबूत बनाने के लिए भारत से लगी सीमा पर तनाव कम किया। चीन ने कहा कि पेंटागन की रिपोर्ट झूठे विमर्शों के जरिए मतभेद पैदा करने की कोशिश है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, पेंटागन की रिपोर्ट में चीन की रक्षा नीति को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है। यह चीन और दूसरे देशों के बीच मतभेद पैदा करने का प्रयास है और अपनी सैन्य श्रेष्ठता दिखाने का अमेरिका का एक बहाना है। लिन ने कहा कि चीन इस रिपोर्ट का कड़ा विरोध करता है। इसके अलावा चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता झांग शियागांग ने भी पेंटागन की रिपोर्ट की निंदा की, जिसमें रक्षा व अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में चीन और पाकिस्तान के बीच सहयोग और मिलकर एक सैन्य अड्डा स्थापित करने की दोनों देशों की योजना का उल्लेख किया गया है। झांग ने कहा, अमेरिका हर साल ऐसी रिपोर्ट जारी करता है, जिनके जरिये चीन के आंतरिक मामलों में बड़े पैमाने पर हस्तक्षेप किया जाता है।

## कफ सिरप या जहर की बोतल

देश में नशे के अवैध बाजार में कफ सिरप का करोड़ों के कारोबार के रूप में स्थापित हो जाना एक हैरतअंगेज कहानी है। ये एक ऐसी कहानी है जिसमें कंपनियों की मुनाफाखोरी से लेकर सरकारी तंत्र की अनदेखी और डॉक्टरों की बेपरवाही तक कई डराने वाले तथ्य मौजूद हैं। कफ सिरप में मौजूद कोडीन ओपिओइड (अफीम के पौधे से प्राप्त तत्व) है जो नशा करता है। हाल ही में उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में सीमा पार कफ सिरप की तस्करी करने वाले कई बड़े रैकेट पकड़े गए जिनसे लाखों बोतलें बरामद की गईं। इसी के साथ कफ सिरप की तस्करी का भयावह नेटवर्क सामने आया। इसी साल मध्यप्रदेश और दूसरे राज्यों में कोल्ड्रिफ नाम के कफ सिरप के सेवन से 25 से ज्यादा बच्चों की मौत का दर्दनाक मामला भी सामने आया। इसके बाद कहीं सरकार हरकत में आई और कार्रवाई शुरू हुई।

# खांसी के बहाने नशा



### नशा और मौत भी

- मौतों के बाद जांच हुई तो पाया गया कि इन कफ सिरप में डायथिलीन ग्लाइकॉल नाम का जहरीला औद्योगिक विलायक था।
- कोल्ड्रिफ कफ सिरप में डायथिलीन ग्लाइकॉल की मात्रा 48 .6 प्रतिशत तक पाई गई, जबकि सुरक्षित सीमा सिर्फ 0 .1 प्रतिशत है।
- डायथिलीन ग्लाइकॉल की वजह से ही कफ सिरप पीने वालों के गुर्दे फेल होने के मामले सामने आए, इसी वजह से मौतें हुईं।

### कंपनियों पर उठे सीधे सवाल

- कई कंपनियां कफ सिरप में कोडीन फॉस्फेट का उपयोग करती हैं, जो एक ओपिओइड यानी अफीम का अर्क है।
- सिरप का मांग से अधिक उत्पादन पाया गया जो संकेत है कि कंपनियां जानती थीं कि सिरप अवैध बाजार में जा रहा है।
- सिरप को मीठा और स्वादिष्ट बनाना जो बच्चों के लिए तो ठीक है, मगर नशेड़ियों के लिए इसे पीना आसान बना देता है।
- कफ सिरप की 100 मिलीग्राम की पैकिंग, इस वजह से इनकी शीशियों की तस्करी करना आसान हो गया।

### मौतों के बाद सख्त हुई सरकार, वैश्विक स्तर पर भी कार्रवाई

- सरकार ने दूषित सिरप बनाने वाली कंपनियों के लाइसेंस रद्द किए और उनके मालिकों को गिरफ्तार किया।
- दवा निर्माताओं के लिए जनवरी 2026 तक अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों का पालन करना अनिवार्य किया गया।
- डब्ल्यूएचओ ने अक्टूबर में भारत में बने तीन सिरपों के खिलाफ वैश्विक 'मेडिकल प्रोडक्ट अलर्ट' जारी किया।

### सरकारी तंत्र की अनदेखी

- ड्रग कंट्रोलर विभाग की ओर से मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों और स्टॉक की नियमित जांच में ढिलाई सामने आई।
- फर्जी या संदिग्ध वितरण कंपनियों को थोक लाइसेंस जारी कर दिए गए थे जिनमें कई बाद में गायब हो गईं।
- बिना डॉक्टर के पर्चे इन दवाओं की बिक्री पर सख्त रोक लगाने में भी सरकारी तंत्र की विफलता सामने आई।
- बांग्लादेश समेत पड़ोसी देशों में बड़े पैमाने पर तस्करी रोकने के लिए पर्याप्त सीमा निगरानी का अभाव रहा।

### स्वास्थ्य पर प्रमुख दुष्प्रभाव



- ऐसे कफ सिरप से मस्तिष्क की कार्यक्षमता पर बुरा असर पड़ता है, इसके बिना सामान्य व्यवहार कर पाना मुश्किल हो जाता है।
- लंबे समय सेवन से लिवर, किडनी, फेफड़ों का गंभीर रूप से खराब होना, बच्चों में सुस्ती, सांस लेने में तकलीफ और विकास में रुकावट।
- अधिक मात्रा में सेवन से हृदय गति रुकने या कोमा में जाने जैसे दुष्परिणाम, हाल ही में हुए खुलासों में भी इन दुष्प्रभावों की पुष्टि हुई।

# यूनुस सरकार पर हादी की हत्या कराने के आरोप से गरमाई बांग्लादेश की सियासत

## हादी के भाई ने कहा- चुनाव टालने के लिए रची साजिश, यूनुस के विशेष सहायक ने दिया इस्तीफा

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश के दिवंगत कट्टरपंथी नेता शरीफ उस्मान हादी के भाई ने आरोप लगाया है कि मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के एक गुट ने आगामी आम चुनाव को पटरी से उतारने के लिए उनके भाई की हत्या की साजिश रची थी। उनके इस दावे से देश की सियासत गरमा गई और कुछ ही घंटों बाद मुख्य सलाहकार के विशेष सहायक (गृह मंत्रालय) मोहम्मद खुदा बख्श चौधरी ने पद से इस्तीफा दे दिया।

हादी के भाई उमर हादी ने मंगलवार को देश की राजधानी ढाका में इंकलाब मंच की ओर से आयोजित एक विरोध रैली में कहा, उस्मान हादी की हत्या आपने ही करवाई थी। अब आप इसे मुद्दा बनाकर चुनाव को विफल करने की कोशिश कर रहे हैं। उस्मान हादी की हत्या के समय जो लोग सत्ता में थे, वे इस जिम्मेदारी से बच नहीं पाएंगे। उमर ने कहा कि सरकार को उनके भाई की हत्या में शामिल सभी लोगों को तुरंत देश के सामने बेनकाब करना चाहिए। उन्होंने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के हश्र का जिक्र करते हुए चेतावनी दी कि ऐसा न किया तो आपको भी देश छोड़कर भागने पर मजबूर होना पड़ेगा।

उमर ने आरोप लगाया कि सरकार के ही एक गुट ने किसी एजेंसी या देश के इशारे पर उनके भाई की हत्या करवाई। उन्होंने कहा कि हादी चाहते थे कि राष्ट्रीय चुनाव फरवरी तक हो जाएं तथा उन्होंने अधिकारियों से चुनावी माहौल को बाधित न करने का अनुरोध किया था। इंकलाब मंच ने गृह सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जहांगीर आलम चौधरी, कानून सलाहकार आसिफ नजरुल और खुदा बख्श चौधरी को हत्या के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए उनके तत्काल इस्तीफे की मांग की है। हादी की मौत के बाद ढाका में भीड़ ने जमकर उत्पात मचाया और अखबारों 'प्रोथोम आलो' और 'डेली स्टार' के मुख्य कार्यालयों के साथ-साथ ढाका के दो प्रगतिशील सांस्कृतिक समूहों छायानात और उदिची शिल्पी गोष्ठी के कार्यालयों में आग लगा दी। मध्य मैमनसिंह में एक हिंदू को भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला। आवामी लीग के साथ भारत का कट्टर आलोचक हादी पिछले साल के हिंसक विरोध प्रदर्शन के नेताओं में से एक था।



ढाका में बीएनपी के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान की रैली में उमड़ी भीड़।

## ये देश हिंदू, मुस्लिम, बौद्ध, ईसाई सभी का : तारिक

- **जिया के बेटे 17 साल बाद लौटे देश स्वागत के लिए उमड़ा जनसैलाब**

**ढाका।** ब्रिटेन में निर्वासन में 17 साल गुजारने के बाद स्वदेश लौटे बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान ने गुरुवार को कहा कि यह देश सभी धर्मों के लोगों का है और 1971 की तरह ही 2024 में भी सभी बांग्लादेश की आजादी की रक्षा के लिए साथ आए हैं।

रहमान ने भाषण की शुरुआत में कहा कि वह मातृभूमि पर लौट आए हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह 1971 में देश को आजादी मिली थी, उसी तरह 2024 में भी सभी तबके के लोग बांग्लादेश की आजादी और संप्रभुता की रक्षा के लिए एक साथ आए हैं। रहमान ने कहा, आज बांग्लादेश के लोग बोलने का और अपने लोकतांत्रिक अधिकार वापस पाना चाहते हैं। अब समय आ गया है कि हम सब मिलकर देश का निर्माण करें।

उन्होंने कहा, यह देश पहाड़ों और मैदानों के लोगों, मुसलमानों, हिंदुओं, बौद्धों और ईसाइयों का है। हम सुरक्षित बांग्लादेश बनाना चाहते हैं, जहां हर महिला, पुरुष और बच्चा घर से निकलकर सुरक्षित लौट सके। रहमान ने कहा, अलग-अलग ताकतों के एजेंट अभी भी साजिशों में लगे हुए हैं। उन्होंने छात्र नेता हादी की हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि हादी चाहते थे कि देश के लोगों को आर्थिक अधिकार वापस मिलें। अगर हमें 1971 और 2024 में शहीद हुए लोगों के खून का कर्ज चुकाना है तो हमें वैसा बांग्लादेश बनाना होगा।

# बांग्लादेश: एक और हिंदू व्यक्ति को भीड़ ने पीटकर मार डाला

**राजबाड़ी, एजेंसी**



- **पुलिस ने कहा, जबरन वसूली करने गया था अमृत मंडल, पहले से दर्ज थे कई केस**

बांग्लादेश के राजबाड़ी इलाके में बुधवार देर रात जबरन वसूली के शक में भीड़ ने एक हिंदू व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। स्थानीय मीडिया में आई जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान अमृत मंडल उर्फ सम्राट के रूप में हुई है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक सम्राट ने एक आपराधिक गिरोह बना रखा था और वह लंबे समय से जबरन वसूली और आपराधिक गतिविधियों में लिप्त था। वह हाल ही में घर लौटा था और गांव के ही शाहिदुल इस्लाम से रंगदारी मांगी थी। बुधवार रात जब सम्राट और उसके गिरोह के सदस्य पैसे लेने शाहिदुल के घर पहुंचे, तो घरवालों ने शोर मचा दिया। इस पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए और उन्होंने सम्राट की पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस सम्राट को बचाकर अस्पताल ले गई जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भीड़ ने सम्राट के गिरोह के साथ आए एक सलीम नाम के आदमी को पकड़ लिया। पुलिस ने सलीम के पास से दो हथियार बरामद किए है। पुलिस के अनुसार, सम्राट के खिलाफ पांगशा थाने में हत्या सहित कम से कम दो मामले दर्ज थे।

इस बीच पुलिस ने अंतरधार्मिक सद्भाव सुनिश्चित करने और ऐसे जघन्य अपराधों के अपराधियों के खिलाफ सामाजिक सतर्कता बरतने के लिए स्थानीय प्रभावशाली लोगों के साथ बैठक की। पिछले सप्ताह मैमनसिंह क्षेत्र में ईशनिंदा के आरोप में भीड़ ने 28 वर्षीय हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की पीट कर हत्या कर दी थी।

### हिंदू परिवार पर हमला करने वालों की सूचना देने पर इनाम की घोषणा

**ढाका/नई दिल्ली।** बांग्लादेश पुलिस ने दक्षिण-पूर्वी बंदरगाह शहर चटगांव के पास हिंदू परिवार के घर में आग लगाने वाले हमलावरों के बारे में जानकारी देने पर इनाम की घोषणा की है। 'इत्तेफाक' अखबार ने बृहस्पतिवार को अपनी खबर में बताया कि चटगांव रेंज के पुलिस प्रमुख अहसान हबीब ने बुधवार रात को शहर के बाहरी इलाके रावजान क्षेत्र में सुख शिल और अनिल शिल के जले हुए घर का दौरा करते हुए इनाम की पेशकश की, हालांकि उन्होंने इनामी राशि के बारे में जानकारी नहीं दी। खबरों के मुताबिक, मंगलवार रात को अज्ञात बदमाशों ने उनके घर में आग लगा दी, लेकिन घर में रहने वाले लोग बाल-बाल बच गए। 'द बिजनेस स्टैंडर्ड' अखबार की खबर के मुताबिक, पिछले सप्ताह इसी इलाके में हिंदू परिवारों के घरों को निशाना बनाकर आगजनी की कई घटनाएं हुईं। पुलिस ने बताया कि उसने पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया है और इलाके में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक 'विशेष सुरक्षा दल' का गठन किया है।

# ओसवाल डिजिटल अरेस्ट मामले में पांच राज्यों के 11 ठिकानों पर ईडी के छापे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **उद्योगपति को डिजिटल अरेस्ट कर वसूल लिए थे सात करोड़ रुपये**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लुधियाना के उद्योगपति एसपी ओसवाल को डिजिटल अरेस्ट कर सात करोड़ रुपये की वसूली करने से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत पांच राज्यों में 11 स्थानों पर छापे मारकर तलाशी ली। तलाशी के दौरान अपराध में संलिप्तता के संकेत करने वाले दस्तावेज और डिजिटल उपकरण जब्त किए गए है।

ईडी के प्रवक्ता ने एक बयान में बताया कि पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के तहत पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और असम में 11 स्थानों पर सोमवार को तलाशी ली गई। ईडी ने मंगलवार को रूमी कालिता को असम से गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने यह कार्वाई तब की जब उसके संज्ञान में आया कि कालिता ने इस मामले में धन हस्तांतरण के लिए अपने खाते के इस्तेमाल की पेशकश की थी। प्रवक्ता ने कहा, पीड़ितों से ठगी गई रकम को व्यक्तियों के एक समूह द्वारा तुरंत विभिन्न खातों में स्थानांतरित कर दिया गया था और उन खातों का संचालन रूमी कालिता द्वारा ठगी गई रकम के एक निश्चित प्रतिशत के बदले में किया जा रहा था।

कहा गया है कि तलाशी के दौरान मिले सबूतों से संकेत मिला है कि वह अपराध से हुई आय को ठिकाने लगाने और उसे अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल करने में संलिप्त थी। अदालत ने कालिता को दो जनवरी, 2026 तक ईडी की हिरासत में भेज दिया है। एजेंसी ने डिजिटल अरेस्ट से संबंधित इन अपराधियों के खिलाफ विभिन्न थानों में दर्ज 10 प्राथमिकियों के आधार पर धनशोधन के कोण से जांच शुरू की। ईडी के प्रवक्ता ने बताया, खुलासा हुआ कि एसपी ओसवाल की डिजिटल गिरफ्तारी के दौरान, सीबीआई के अधिकारियों का रूप धारण करने वाले ठगों ने जाली आधिकारिक और न्यायिक दस्तावेजों का उपयोग करके उन्हें विभिन्न खातों में सात करोड़ रुपये स्थानांतरित करने के लिए मजबूर किया।

## भारत में जन्मी चिकित्सक पद्मजा पटेल की टेक्सास पोषण सलाहकार पैनल में नियुक्ति

**ह्यूस्टन।** भारतीय मूल की चिकित्सक पद्मजा पटेल को गवर्नर ग्रेग एबॉट ने 'टेक्सास पोषण सलाहकार कमेटी में नियुक्त किया है। मिडलैंड में रहने वाली चिकित्सक पटेल एक सितंबर, 2029 तक कमेटी में अपनी सेवाएं देंगी।



यह कमेटी राज्य को आहार एवं पोषण संबंधी सलाह देती है और दीर्घकालिक रोगों की रोकथाम व प्रबंधन में भोजन की भूमिका का अध्ययन करती है। बताया गया कि सदस्यों की नियुक्ति गवर्नर द्वारा अलग-अलग कार्यकालों के लिए की जाती है और वे चिकित्सा एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह नियुक्ति गवर्नर कार्यालय द्वारा घोषित व्यापक नियुक्तियों का हिस्सा थी। पटेल के अलावा शेरिल सेउ होय, जैकलिन एल्बिन और कैथलीन डेविस को कमेटी में नियुक्त किया गया हैं तथा ये सभी 2029 तक अपनी सेवाएं देंगे।

# फ्रांस का औपनिवेशिक शासन आपराधिक कृत्य : अल्जीरिया

**अल्जीयर्स, एजेंसी**

- **संसद में पारित हुआ प्रस्ताव, फ्रांस से 130 साल के शासन में ले जाई गईं संपत्तियों के साथ मुआवजा भी मांगा**

उत्तरी अफ्रीकी देश अल्जीरिया की संसद ने उस कानून को मंजूरी दे दी है, जिसमें देश पर फ्रांस के औपनिवेशिक शासन को आपराधिक कृत्य घोषित करने के प्रावधान के साथ ऐतिहासिक गलतियों को सुधारने और यूरोपीय देश के 130 वर्ष के शासन के दौरान ले जाई गई संपत्ति को वापस करने की मांग की गई है। फ्रांस ने इस कानून की कड़ी निंदा करते हुए इसे शत्रुतापूर्ण कृत्य करार दिया है।

फ्रांस ने कहा कि यह अतीत के घावों को भरने के प्रयासों के लिए खतरा है। दोनों देशों में घनिष्ठ सांस्कृतिक-आर्थिक संबंध हैं, लेकिन राजनयिक संबंध तनावपूर्ण हैं। सांकेतिक महत्व के सत्र में अल्जीरिया की 407 सदस्यीय असेंबली ने बुधवार रात 340 सदस्यों के प्रचंड समर्थन से कानून को मंजूरी दी। यह कदम अफ्रीकी देशों द्वारा औपनिवेशिक काल के अपराधों के लिए मान्यता और मुआवजे के लिए सामूहिक प्रस्ताव पारित करने के कुछ हफ्तों बाद उठाया गया है। यह कानून 1830 में सिदी फेरुच के समुद्र तटों पर फ्रांसीसी राजा चार्ल्स एक्स की सेना उतरने से लेकर पांच जुलाई, 1962 तक के कालखंड को समाहित करता है, जो अल्जीरिया की आधिकारिक स्वतंत्रता की तारीख है। इस कानून में औपनिवेशिक काल के दौरान फ्रांस ले जाए गए अल्जीरियाई अभिलेखागारों और संपत्तियों की वापसी का प्रावधान है, साथ ही 1960 से 1966 तक अल्जीरिया में किए गए फ्रांसीसी परमाणु परीक्षणों के विस्तृत मानचित्रों को अल्जीयर्स को भेजने का भी प्रावधान है।

## सिंगापुर: मंदिर प्रबंधन के लिए हिंदू बोर्ड में सरोजिनी की नियुक्ति

**सिंगापुर।** सिंगापुर में प्रमुख हिंदू मंदिरों का प्रबंधन करने वाली वैधानिक संस्था हिंदू एंडावमेंट्स बोर्ड ने जन सेवा को समर्पित अनुभवी नेता सरोजिनी पद्मनाथन को अपना नया सीईओ नियुक्त किया है।

अपने 40 वर्षों के शानदार करियर में उन्होंने 1990 के दशक में अस्पतालों के पुनर्गठन और कोविड-19 महामारी के दौरान संगठनात्मक मजबूती बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्रालय और हेल्थ साइंसेज अथॉरिटी में वरिष्ठ पदों पर कार्य किया, जहां उन्होंने चिकित्सा, नर्सिंग और प्रशासनिक क्षेत्रों में कार्यबल विकास का नेतृत्व किया। 57 वर्षीय पद्मनाथन इससे पहले एचईबी की वित्त सदस्य रह चुकी हैं।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 दिसंबर, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-शुक्ल पक्ष, षष्ठी 13 .43 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-शतभिषा 09 .00 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष** — आज व्यावसायिक अनुबंध करने से पहले दस्तावेजों का विशेष ध्यान रखें। जमीन के कारोबारियों के लिए दिन अच्छा नहीं है। आप लोगों की सहायता के लिये तैयार रहेंगे, लेकिन लोग अवसर पड़ने पर आपको धोखा दे सकते हैं।

**वृष** — आज का दिन आपके लिए बहुत ही अच्छा है। कार्यक्षेत्र में आपके काम की प्रशंसा होगी। घर में सुख-सुविधाओं का विशेष ध्यान रखेंगे। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। परिवार में लोग आपकी बातों को अनसुना कर सकते हैं।

**मिथुन** — आज अधिक सोच-विचार के चक्कर में काम बिगड़ सकते हैं। आपसे ईर्ष्या रखने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। व्यवसाय में आपको थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। छोटे बच्चों को डांटने के बजाय उन्हें समझाएं।

**कर्क** — आज लंबी यात्रा करने से बचना चाहिए। कार्यक्षेत्र में लोगों से अपनी व्यक्तिगत बातें शेयर न करें। पति-पत्नी के बीच मीठी नोंक-झोंक होने की संभावना है। डायबिटीज और रक्तचाप के रोगियों को परेशानी हो सकती है।

**सिंह** — आज आयात-निर्यात से संबंधी व्यवसाय से आपको धन लाभ होगा। परिवार में आपसी सामंजस्य में वृद्धि होगी। नया वाहन खरीद सकते हैं। भोग-विलास का भरपूर आनंद उठाएंगे। अपने विचारों को दूसरों पर थोपने से बचें।

**कन्या** — आज शत्रुओं के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ेगा। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं। मित्र के सहयोग से आपको धन लाभ मिलने की संभावना बन रही है। माता-पिता का आशीर्वाद लेना उत्तम होगा।

**तुला** — आज धार्मिक आयोजन की संभावना बन रही है। अधिकारी वर्ग से आपको काफी समर्थन मिलेगा। घर की आंतरिक साज-सज्जा में कुछ परिवर्तन कर सकते हैं। परिवार के सदस्यों के बीच प्रेमभाव में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — आज कई दिनों से चली आ रही समस्या का समाधान मिलेगा। आईटी क्षेत्र में कार्यरत लोगों को विदेश से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। व्यापार में प्रभावशाली लोगों से आपके संपर्क मजबूत होंगे। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा।

**धनु** — आज शेयर मार्केट में बड़ा निवेश करने से आपको बचना चाहिए। घूमने-फिरने में समय बर्बाद होगा। व्यवसाय में नए सहयोगियों से आपको सावधान रहना चाहिए। वैवाहिक संबंधों में तनाव उत्पन्न होने की संभावना है।

**मकर** — आज वकालत के पेशे से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। कानूनी मामलों में विजय मिलने की प्रबल संभावना है। कार्यक्षेत्र में आपका विरोध करने वाले लोगों की संख्या बढ़ सकती है। अपने लोगों की सलाह लेने से पीछे न हटें।

**कुंभ** — आज नया काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। प्रेमी जन से झगड़ा हो सकता है। पहले किए गए प्रयासों का उत्तम परिणाम मिलेगा। तीखा भोजन करने से बचें। आपके काम का श्रेय दूसरे लोग ले सकते हैं।

**मीन** — आज आप अपने लक्ष्यों को लेकर थोड़े दबाव में रहेंगे। सरकारी काम में बाधा आ सकती है। अधीनस्थ कर्मचारियों से अपेक्षानुकूल सहयोग नहीं मिल पायेगा। विरोधी आपके सामने दोबारा सक्रिय हो सकते हैं।

## सुडोकू -13

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 9 | | | 5 | | 1 | |
| | | 2 | 3 | | 8 | 6 | | |
| 7 | 4 | | | 1 | | | 2 | |
| 6 | | | | 2 | | | 4 | |
| | 8 | | | | | | 5 | |
| | 2 | | | 9 | | | | 3 |
| | 9 | | | 3 | | | 8 | 1 |
| | | 1 | 4 | | 9 | 5 | | |
| | 3 | | 6 | | | 2 | | 7 |

### सुडोकू - 12 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 8 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 |
| 1 | 5 | 7 | 4 | 8 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 3 | 9 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 | 4 | 7 |
| 7 | 8 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 |
| 5 | 2 | 9 | 1 | 3 | 4 | 6 | 7 | 8 |
| 4 | 6 | 1 | 2 | 7 | 8 | 9 | 3 | 5 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 | 4 |
| 9 | 1 | 4 | 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 5 | 4 | 1 | 2 | 9 | 3 |



बालाजी भारत के लिये पहले एकल खेल चुके हैं और निर्णायक मुकाबलों में खेले हैं । वह भारतीय टीम के कोर सदस्य हैं और अगले मुकाबले के लिये अगर वह फिट रहते हैं तो उनके नाम पर विचार होगा ।

–रोहित राजपाल,डेविस कप कप्तान



## हाईलाइट

### एथलीट्स कमीशन की चेयरपर्सन चुनी गईं पीवी सिंधु

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट और पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु को बुधवार को 2026–2029 कार्यकाल के लिए बीडब्ल्यूएफ एथलीट्स कमीशन की चेयरपर्सन चुना गया। इस भूमिका में अब पीवी सिंधु बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) काउंसिल मेंबर के तौर पर काम करेंगी – जिससे खिलाड़ियों को इस संस्था के ग्लोबल गवर्नेंस में सीधी आवाज मिलेगी। नीदरलैंड की डेबोरा जिल, जो यूरोपियन गेम्स की सिल्वर मेडलिस्ट हैं, भारतीय बैडमिंटन स्टार की डिप्टी होंगी। सिंधु ने कहा साथी एथलीटों द्वारा यह ज़िम्मेदारी सौंपना मेरे लिए सम्मान की बात है, जिसे मैं विनम्रता और कृतज्ञता के साथ स्वीकार करती हूं। मैं पिछले कार्यकाल में किए गए असाधारण काम के लिए ग्रेसिया पोली को भी दिल से धन्यवाद देना चाहती हूं।

### श्रुति और पारुल अगले दौर में

**विजयवाड़ा।** अनुभवी शटलर श्रुति मुंडाडा तथा उभरती खिलाड़ी पारुल चौधरी और तन्वी पात्री ने राष्ट्रीय सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में गुरुवार को अपने से अधिक रैंकिंग वाली खिलाड़ियों को हराकर महिला एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। श्रुति ने सातवीं वरीयता प्राप्त जिया रावत को 21–14, 21–9 से, जबकि पारुल ने नौवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को 18–21, 21–18, 21–12 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। तन्वी पात्री ने आठवीं वरीयता प्राप्त इशरानी बरुआ को 22–20, 21–19 से हराकर उलटफेर किया।

### जीव कोलंबो में जीते पुखराज रहे शीर्ष पर

**कोलंबो।** भारत के महान गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने 13 साल का इंतजार खत्म करते हुए आईजीपीएल आमंत्रण श्रीलंका टूर्नामेंट जीतकर आईजीपीएल के पहले सत्र का शानदार अंत किया । वर्ष 2012 के बाद से प्रो टूर्नामेंट नहीं जीत सके 54 साल के जीव ने छह अंडर 65 और कुल 15 अंडर का स्कोर करके आर्यन रूपा आनंद को एक शॉट से हराया । जीत के बाद उन्होंने आंसू पोछते हुए कहा मैने श्रीलंका में पहले कभी नहीं खेला है। मेरे लिये यह भावुक पल है क्योंकि यही वह जगह है जहां मेरे माता पिता में प्रेम हुआ और उनके रिश्ते की शुरूआत हुई।

# खेलों में 2014 से पहले की अनियमितताएं खत्म : प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि 2014 से पहले खेल विभाग में और टीम चयन में होने वाली अनियमिततायें अब खत्म हो गई है और गरीब परिवारों के बच्चे भी कड़ी मेहनत और प्रतिभा के दम पर शीर्ष स्तर पर पहुंच रहे हैं।

युवाओं में खेल संस्कृति और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित 'सांसद खेल महोत्सव' के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि महोत्सव में शहरों से लेकर गांवों तक हर पृष्ठभूमि के लोगों की सहभागिता दिखाती है कि इसका दायरा और प्रभाव कितना बड़ा है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांसद खेल महोत्सव के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए लोगों को संबोधित किया। एजेंसी

उन्होंने कहा यह महोत्सव युवा निर्माण से राष्ट्र निर्माण के मंत्र का मजबूत स्तंभ बना रहा है। सांसद खेल महोत्सव से देश को हजारों की संख्या में प्रतिभाशाली खिलाड़ी मिल रहे हैं। जीत और हार से इतर खेलों से जो खेल भावना सीखने को मिलती है, उसी से सक्षम और अनुशासित युवाओं का निर्माण होता है और ऐसे युवा ही राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करते हैं । यह महोत्सव समाज की सोच बदलने में भी अहम भूमिका निभा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा देश के दूर दराज इलाकों से कितने ही उदाहरण आ रहे हैं जो पूरे देश को प्रेरित करते हैं। कहीं कोई दिव्यांग खिलाड़ी चुनौतियों को छोटा बनाकर बुलंदियों को छू रहा है, कहीं किसी मैदान पर कोई बेटी अपने सपनों को पूरा करने में लगी है और सांसद खेल महोत्सव ऐसे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दे रहा है। उन्होंने कहा कि पहले खेलने पर बच्चों को डांटने वाले समाज में एक दशक के भीतर बदलाव इसलिये संभव हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा देश में अब ऐसा इकोसिस्टम बन गया है जहां खिलाड़ियों का चयन पहुंच या परिचय के आधार पर नहीं बल्कि प्रतिभा के आधार पर हो रहा है। उन्होंने कहा 2014 से पहले खेल विभाग में , टीम चयन में और बुनियादी ढांचे में खेलों के नाम पर होने वाली गड़बड़ी बंद हो चुकी है। गरीब परिवारो के बच्चे भी कम उम्र में शिखर तक पहुंच सकते हैं। हम अपने युवाओं को खेलने के लिये ज्यादा से ज्यादा मंच दे रहे हैं ।

### खेलो इंडिया से हो रही प्रतिभाओं की पहचान

खेलो इंडिया के विविध खेलों और सांसद खेल महोत्सव से प्रतिभाओं की पहचान हो रही है। हमारे देश के टियर दो और तीन शहरों में भी विश्व स्तरीय खेल सुविधायें बन रही है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले देश का खेल बजट 1200 करोड़ रूपये से भी कम था जो अब 3000 करोड़ रूपये से अधिक है। उन्होंने कहा कि टॉप्स (टारगेट ओलंपिक पोडियम) योजना के जरिये खिलाड़ियों को हर महीने 25 से 50 हजार रूपये तक मदद मिल रही है। मोदी ने कहा इन सभी प्रयासों का लाभ भी हो रहा है। पिछले कुछ साल में हमारे खिलाड़ियों ने असाधारण प्रदर्शन किया है। टोक्यो ओलंपिक में सात पदक और पेरिस पैरालम्पिक में 29 पदक जीतकर पूरी दुनिया का ध्यान खींचा । एशियाई खेलों में सौ से अधिक पदक जीतकर अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है ।

सांसद खेल महोत्सव

# भारत की नजरें श्रीलंका के खिलाफ तीसरा टी-20 और शृंखला जीतने पर

## आज शाम होगा अहम मुकाबला, खराब फॉर्म से जूझ रही श्रीलंकाई महिला टीम

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम अपनी लय को कायम रखते हुए खराब फॉर्म से जूझ रही श्रीलंकाई टीम के खिलाफ शुक्रवार को तीसरा टी-20 मैच और पांच मैचों की शृंखला जीतने के इरादे से उतरेगी। भारत ने विशाखापत्तनम में पहले दो टी-20 मैचों में क्रमशः आठ और सात विकेट से जीत दर्ज की है। भारत की यह पिछले 11 टी-20 मैचों में नौवीं जीत थी। श्रीलंका ने आखिरी बार भारत को जुलाई 2024 में दाम्बुला में हराया था। मेजबान टीम के पास शानदार बल्लेबाजी क्रम है और पिछले दोनों मैचों में अलग अलग खिलाड़ियों ने जीत दिलाई है । पहले मैच में जहां जेमिमा रौड्रिग्स चली तो दूसरे में शेफाली वर्मा जीत की सूत्रधार रहीं।

भारत की गेंदबाजी ईकाई भी उतनी ही दमदार है और स्पिनरों ने पहले मैच में श्रीलंका को छह विकेट पर 121 और दूसरे में नौ विकेट पर 128 रन पर रोक दिया । युवा एन श्रीचरणी, वैष्णवी शर्मा और क्रांति गौड़ ने अनुशासित, नियंत्रित और प्रभावी गेंदबाजी की है। हरफनमौला दीप्ति शर्मा बुखार के कारण दूसरा टी20 नहीं खेल पाई लेकिन उनकी जगह आई स्नेह राणा ने चार ओवर में 11 रन देकर एक विकेट लिया।

समय शाम 7 बजे

भारतीय टीम को हालांकि क्षेत्ररक्षण पर काम करना होगा चूंकि पहले मैच में पांच कैच छूटे थे हालांकि दूसरे मैच में तीन रन आउट किये ।

हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम यहां अगले तीन मैचों में प्रदर्शन में सुधार करना चाहेगी। दूसरी ओर श्रीलंका को उम्मीद है कि जगह बदलने से उसकी किस्मत भी बदलेगी हालांकि दोनों टीमों के प्रदर्शन में जमीन आसमान का अंतर है। श्रीलंका को दोनों मैचों में उसके बल्लेबाजों ने निराश किया। पहले मैच में विष्मी गुणरत्ने ने 43 गेंद में 39 रन बनाए जबकि हसिनी परेरा और हर्षिता समरविक्रमा आक्रामक पारियां नहीं खेल सके। दूसरे मैच में चामरी अटापट्टू के आउट होने के बाद श्रीलंका ने 26 रन के भीतर छह विकेट गंवा दिए।



अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय टीम। एजेंसी

### दीप्ति फिट, रॉड्रिग्स के खेलने पर संशय

दीप्ति शर्मा हल्के बुखार के चलते विशाखापट्टनम में दूसरा मुक़ाबला नहीं खेल पाई थीं। उनकी जगह पर स्नेह राणा को एकादश में शामिल किया गया था और उन्होंने प्रभावित भी किया था। हालांकि तीसरे टी20 में दीप्ति की वापसी तय माना जा रही है। गुरुवार को प्री मैच प्रेस कॉन्फ़्रेंस में भारतीय टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने दीप्ति के फ़िट होने की पुष्टि की लेकिन उन्होंने बताया कि जेमिमाह रॉड्रिग्स स्वास्थ्य समस्याओं के चलते अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लेंगी। श्रीलंका ने दूसरे टी20 की एकादश में कोई बदलाव नहीं किया था।

हम विश्व कप से पहले पूरी तरह व्यवस्थित होने के लिए कई चीजों को आजमा रहे हैं। हम खेल के तीनों विभागों में सुधार करने के बारे में हमेशा बात करते हैं लेकिन असल में एक चौथा पहलू भी है और वह फिटनेस है। हमारी टीम प्रगतिशील है और हम खेल में लगातार सुधार करने की कोशिश कर रहे हैं।

–अमोल मुजुमदार, मुख्य कोच

# इस्तिकलोल ने एफसी गोवा को 2-1 से हराया

**मडगांव (गोवा), एजेंसी**

इस्तिकलोल ने एएफसी चैंपियंस लीग टू 2025-26 के आखिरी ग्रुप डी मैच के दूसरे हाफ में शानदार वापसी करते हुए एफसी गोवा को 2-1 से हराया। पंडित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में बुधवार रात खेले गये मुकाबले में घरेलू टीम एफसी गोवा के लिए डेजान ड्राजिक ने आठवें मिनट में गोल दाग कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इस्तिकलोल ने सात मिनट बाद जवाबी हमला किया।

अमीरबेक जुराबोएव ने दूर से गोल करने का प्रयास किया। इसके एक मिनट बाद सियावश हगनाजारी ने गोल करने का प्रयास किया लेकिन शॉट बार से टकरा गया। कुछ ही देर बाद एफसी गोवा के इकर गुआर्रोत्सेना ने बढ़त को दोगुना करने का प्रयास किया लेकिन विपक्षी टीम के निकाला स्टोसिस ने उनके शॉट को रोक लिया। इसके बाद स्पेनिश फॉरवर्ड ने कॉर्नर से मिले मौके पर हेडर से किया गया अपना शॉट बार के ऊपर मार दिया। पहले हाफ के बाद एफसी गोवा ने 1-0 से बढ़त को बनाये रखा। दूसरे हाफ में ताजिकिस्तान की टीम ने जोरदार वापसी की, कोमोलाफे ने हर्ष पात्रे के खराब बैकपास का फायदा उठाया और शर्मा को चकमा देकर 53वें मिनट में गोल दाग कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद पोल मोरेनो ने हैंडबॉल के लिए पेनल्टी दे दी और आमिरबेक जुराबोव ने 56वें मिनट में स्पॉट से गोल करके अपनी टीम को विजयी बढ़त दिला दी। एफसी गोवा ने स्कोर को बराबर करने भरपूर प्रयास किया। लेकिन वे इसमें विफल रहे और इस्तिकलोल ने 2-1 जीत हासिल कर ली।

### ब्राजील के फोन्सेका ने टॉप 15 टेनिस खिलाड़ियों में जगह बनाने का लक्ष्य रखा

**रियो डी जेनेरो :** ब्राजील के टीनएजर जोआओ फोन्सेका ने अगले साल दुनिया के टॉप 15 पुरुष टेनिस खिलाड़ियों में शामिल होने का लक्ष्य रखा है, क्योंकि वह अपनी हालिया प्रगति को आगे बढ़ाना चाहते हैं। 19 साल के इस खिलाड़ी ने 2025 में दो खिताब जीते, जो एटीपी टूर पर उनका पहला पूरा सीजन था, लेकिन उन्होंने कहा कि वह इसे सिर्फ़ एक शुरुआत मानते हैं। रियो डी जेनेरो में जन्मे फोन्सेका ने मैगज़ीन वेजा को बताया मेरा इरादा दुनिया के टॉप 15 में जगह बनाने का है। यह थोड़ा मुश्किल है, लेकिन मैं बड़ा सोच रहा हूँ।

2025

शतरंज

# दिव्या ने अप्रत्याशित जीत से बटोरी सुर्खियां

## लेकिन गुकेश प्रभावित करने में नाकाम रहे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

शतरंज में भारत का दबदबा और प्रतिभाओं की गहराई वर्ष 2025 में एक बार फिर साबित हुआ, जब दिव्या देशमुख ने बातूमी में महिला शतरंज विश्व कप जीता, लेकिन विश्व चैम्पियन डी गुकेश प्रभावित नहीं कर पाए। पिछले साल विश्व चैम्पियन बने गुकेश को इस साल लगातार पराजय का सामना करना पड़ा।

नागपुर की 19 वर्ष की दिव्या ने शानदार जीत दर्ज करके एक खिताब और कैरियर की तीन उपलब्धियां अर्जित की। दिव्या फिडे महिला विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई। उन्होंने प्रतिष्ठित ग्रैंडमास्टर खिताब जीता और 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिये भी क्वालीफाई कर लिया।

इस टूर्नामेंट के विजेता को मौजूदा महिला विश्व चैम्पियन चीन की जू वेंजुन को चुनौती देने का मौका मिलेगा। दिव्या की जीत से देश में महिला शतरंज पर एक बार फिर लोगों की नजरें गई जो अब तक दो बार की विश्व रैपिड चैम्पियन कोनेरू हम्पी और द्रोणवल्ली हरिका पर निर्भर थी। दोनों खिलाड़ी करीब दो दशक से भारत में महिला शतरंज की ध्वजवाहिका रही हैं। दिव्या ने अपनी अप्रत्याशित जीत से सुर्खियां बंटोरी। दूसरी ओर पिछले साल विश्व चैम्पियन बने गुकेश को टाटा स्टील मास्टर्स में ब्लिट्ज टाइब्रेकर में हमवतन आर प्रज्ञानानंदा ने हराकर खिताब जीता।

वह फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंडस्लैम से भी बाहर हो गए , फिडे ग्रैंड स्विस में नाकाम रहे और गोवा में फिडे विश्व कप के तीसरे दौर में हार गए। उन्होंने मई जून में नॉर्वे शतरंज में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया और अक्टूबर में यूरोपीय क्लब कप में व्यक्तिगत और टीम खिताब जीते। इसके अलावा इस साल उनके नाम कोई उल्लेखनीय उपलब्धि नहीं रही। कार्लसन ने गुकेश से हारने के बावजूद सातवीं बार नॉर्वे शतरंज खिताब जीता।

गोवा में हाल ही में विश्व कप से भारत को कैंडिडेट्स टूर्नामेंट का कम से कम एक कोटा स्थान मिलने की उम्मीद थी लेकिन खिताब के प्रबल दावेदार प्रज्ञानानंदा, अर्जुन एरिगेसी, निहाल सरीन, पी हरिकृष्णा और विदित गुजराती अपने देश में खेलने का फायदा नहीं उठा सके। प्रज्ञानानंदा ने फिडे सर्किट 2025 जीतकर कैंडिडेट्स 2026 में जगह बना ली और रैंकिंग में शीर्ष रहकर इसमें पहुंचने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बने।



### अब देश में हो गए हैं 91 ग्रैंडमास्टर, कई दहलीज पर



विश्वनाथन आनंद

विश्वनाथन आनंद के 1988 में पहला भारतीय ग्रैंडमास्टर बनने के बाद से अब देश में 91 ग्रैंडमास्टर हो गए हैं और कई बनने की दहलीज पर हैं। इस साल एल आर श्रीहरि, हरिकृष्णन ए रा, दिव्या देशमुख, एस रोहित कृष्णा, इलमपार्थी एक आर और राहुल वीएस इस श्रेणी में शामिल हुए।



एल आर श्रीहरि

### मैं यहां सिर्फ खेलने आया हूं : गुकेश

**दोहा :** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने कहा कि क्लासिकल शतरंज उनकी आजीविका का मुख्य साधन बना रहेगा और शुक्रवार से यहां शुरू होने वाली सत्र की अंतिम प्रतियोगिता फिडे विश्व रैपिड और ब्लिट्ज चैंपियनशिप से उन्हें बहुत अधिक अपेक्षाएं नहीं हैं।

गुकेश के लिए यह सत्र अपेक्षित नहीं रहा और वह यहां होने वाले दस लाख यूरो के पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट से भी बहुत अधिक उम्मीद नहीं लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह यहां कुछ प्रयोग करने, कुछ मौज-मस्ती करने और टूर्नामेंट का आनंद लेने आए हैं।

# तेज गेंदबाजी से हमला करेगा ऑस्ट्रेलिया

**मेलबर्न, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रहे चौथे एशेज टेस्ट के लिए तेज गेंदबाजों पर भरोसा जताया है और चोटिल नाथन लियोन की जगह किसी स्पिनर को टीम में शामिल नहीं किया जाएगा। एडीलेड में तीसरे टेस्ट में लियोन को चोट लगी थी जिनकी जगह ऑफ स्पिनर टॉड मरफी को बुलाया गया।

एमसीजी की पिच पर हालांकि घास को देखते हुए आस्ट्रेलिया ने मरफी को बाहर रखने का फैसला किया है। इंग्लैंड पहले तीनों टेस्ट हार चुका है जिससे आस्ट्रेलिया ने 11 दिन के भीतर ही एशेज जीत ली है। कप्तान स्टीव स्मिथ ने कहा आपको पिच के हिसाब से टीम चुननी होती है और इस पिच को देखकर लगता है कि यहां तेज गेंदबाजों को काफी मदद मिलेगी।

लियोन और नियमित कप्तान पैट कमिंस के बाहर होने से जोश इंग्लिस, झाय रिचर्डसन, ब्रेंडन डोगेट और माइकल नेसेर तेज गेंदबाजी का जिम्मा संभालेंगे।



स्कॉट बोलैंड।

एशेज सीरीज

हॉकी लीग की तैयारी

एसजी पाइपर्स हॉकी के डायरेक्टर श्रीजेश बोले–मुश्किल हालात में होती है अनुभव की जरूरत

# सीनियर खिलाड़ियों को करना होगा नेतृत्व

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एसजी पाइपर्स हॉकी के डायरेक्टर पीआर श्रीजेश ने कहा है कि अगर फ्रेंचाइजी को हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के आने वाले सीजन में अच्छा प्रदर्शन करना है, तो अनुभवी खिलाड़ियों को आगे बढ़कर नेतृत्व की भूमिका निभानी होगी, खासकर जब हालात ठीक न हों। भारत के पूर्व महान खिलाड़ी ने कहा पिछले सीजन में हमने जीत के साथ शुरुआत की थी, लेकिन उसके बाद टीम बिखर गई, टीम को संभालने वाला कोई लीडर नहीं था, अनुभवी खिलाड़ियों को आगे आकर कमान संभालनी चाहिए थी। इस बार ऐसा नहीं होना चाहिए।

एसजी पाइपर्स 2024-25 सीजन में पुरुष और महिला दोनों कैटेगरी में टेबल में सबसे नीचे रही थी। श्रीजेश, जो जूनियर इंडिया हॉकी टीम के हेड कोच भी हैं, ने बताया कि पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय अनुभवी खिलाड़ी रूपिंदर पाल सिंह को टीम में मेंटरशिप और बीच में नेतृत्व देने के लिए चुना गया है। रूपिंदर को चुनने के पीछे मेरा विचार यह था कि हमें एक मेंटर की जरूरत है, हमें ऐसे किसी व्यक्ति की जरूरत है जो मैदान पर टीम को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करे। हम उनका समझदारी से इस्तेमाल करेंगे ताकि उनसे ज़्यादा से ज्यादा फायदा मिल सके। पद्म भूषण पुरस्कार विजेता, जिनके नेतृत्व में भारत की जूनियर हॉकी टीम ने 2025 के हॉकी जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीता था, ने कहा कि वह परिणाम से खुश हैं, लेकिन इस बात पर ज़ोर दिया कि आने वाले दिनों में टीम के प्रदर्शन का बारीकी से विश्लेषण किया जाएगा। "कांस्य पदक अच्छा है, इन युवा खिलाड़ियों के पास अपने सभी प्रयासों का नतीजा दिखाने के लिए कुछ है, हालांकि, महत्वपूर्ण यह है कि वे समझें कि वे सेमीफाइनल में या पूरे टूर्नामेंट में और क्या कर सकते थे। इसलिए एचआईएल के बाद हम सबसे पहले उन्हें उनके सभी मैच दिखाएंगे। मैं चाहता हूं कि वे जानें कि 2027 में उन्हें उन्हीं चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, शायद किसी दूसरे शहर में, और उन्हें उनसे निपटने के लिए बेहतर तरीके से तैयार रहना होगा। उन्हें लगा कि जर्मनी के खिलाफ सेमीफाइनल में, जिसमें भारत हार गया था, वह बेहतर फैसले ले सकते थे।



### कोचिंग रोल का ले रहा हूं आनंद : श्रीजेश

पीआर श्रीजेश ने कहा मैं अपने कोचिंग रोल का आनंद ले रहा हूं, जूनियर टीम के साथ लगभग एक साल हो गया है, और मैं नए खिलाड़ियों के एक नए ग्रुप का इंतजार कर रहा हूं, और मुझे नए ग्रुप के साथ शुरू से शुरुआत करनी होगी, इसलिए यह एक बड़ी चुनौती होने वाली है। एक खिलाड़ी के तौर पर, प्रोग्रेस लीनियर होती है 1 से 10, फिर 10 से 15, 15 से 20 और इसी तरह, लेकिन एक कोच के तौर पर आप 20 तक पहुंचते हैं, फिर जब नया बैच आता है तो आप फिर से एक से शुरू करते हैं।